CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 24°C

बरेली, शनिवार 9 अगस्त 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 255 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 | 14 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मैंने पुस्तकों पर कभी प्रतिबंध नहीं लगाया: उमर अब्दुल्ला पेज 2



गिल ने बल्लेबाजी से आलोचकों को बखूबी जवाब दिया: पार्थिव पटेल खेल टाइम्स



प्रकृति के पुत्र और संस्कृति के प्रहरी हैं आदिवासी सम्पादकीय



जर्मनी ने इजरायल को हथियार देने पर लगाई रोक पेज 12

## यूपी के 24 जिलों में बाढ़, 1245 गांव पानी में

शाह टाइम्स ब्यूरो

**वाराणसी व बिजनौर में 12वीं तक, लखनऊ-जौनपुर में 8वीं तक स्कूल बंद**

**नई दिल्ली।** उप्र के लखनऊ समेत 10 शहरों में शुक्रवार को भी तेज बारिश जारी है। लखनऊ में लगातार बारिश का शुक्रवार को 7वां दिन था।

वाराणसी-बिजनौर में 12वीं तक, लखनऊ-जौनपुर में 8वीं तक स्कूल बंद हैं। राज्य के 24 जिलों के 1245 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। अब तक 360 मकान ढह चुके हैं। हिमाचल प्रदेश में 450 से ज्यादा सड़कें बंद हैं। इनमें नेशनल हाईवे 305 और 5 शामिल हैं। राज्य में अब तक (20 जून से 7 अगस्त तक) बारिश की जुड़ी घटनाओं में 202 लोगों की मौत हो चुकी है। झारखंड में यह आंकड़ा 431 है। बिहार के मुंगेर में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है। यहां चंडिका स्थान मंदिर में 6 फीट पानी भरने के बाद उसे बंद किया गया।

# धराली आपदा: चौथे दिन हेलीकॉप्टर से 300 का रेस्क्यू

## मलबे से एक शव बरामद, सर्च अभियान जारी, एनडीएमए के विभागाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने की समीक्षा

शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी/ देहरादून।** उत्तराखंड के आपदा प्रभावित क्षेत्र धराली और हर्षिल में राहत और बचाव कार्य तेजी से चल रहे हैं। धराली व हर्षिल से आपदा प्रभावितों को सुरक्षित निकालने के लिए राहत बचाव अभियान जारी हैं।

चिन्यालीसौड़ हवाई पट्टी पर अपराह्न 12 बजे तक सेना के एमआई-17 और चिनूक द्वारा 74 लोगों को रेस्क्यू कर लाया गया। सेना के ये हेलीकॉप्टर ना सिर्फ फंसे लोगों को सुरक्षित निकाल रहे हैं, बल्कि जरूरी मशीनों और उपकरणों को भी मौके पर पहुंचा रहे हैं। उत्तरकाशी जिलाधिकारी प्रशांत आर्या के अनुसार मलबे से एक शव बरामद किया गया है और कई लोग अभी भी लापता हैं, जिनकी तलाश में सर्च ऑपरेशन जारी है। डीएम ने बताया कि गुरुवार को -शेष पृष्ठ दो पर





लिमचिगाढ़ में बैली ब्रिज बनाने का कार्य प्रारंभ, पीड़ितों को दी जा रही हर संभव मदद, फंसे हुए लोगों को तेजी से निकाला जा रहा

### सीएम धामी का उत्तरकाशी में प्रवास

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तीन दिन से उत्तरकाशी में ही प्रवास कर युद्ध स्तर पर चल रहे रेस्क्यू अभियान की निरंतर मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री प्रोटोकॉल को छोड़ आम आदमी की तरह आपदा प्रभावितों से भी मिलकर उन्हें ढांढस बंधा रहे हैं। प्रभावित क्षेत्र में जल्द ही बिजली भी बहाल कर दी जाएगी।

### अत्याधुनिक उपकरणों से हो रही खोज

उत्तराखंड पुलिस द्वारा धराली आपदा प्रभावित क्षेत्र में अत्याधुनिक उपकरणों जैसे विक्टिम लोकेटिंग कैमरा, थर्मल इमेजिंग कैमरा और डॉग स्क्वायड टीम के साथ मलबे से क्षतिग्रस्त भवनों में गहन खोजबीन कर मलबे में दबे लोगों की तलाश की जा रही है

### पीएम उज्ज्वला योजना के तहत 12000 करोड़ रुपये की मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दो अलग-अलग फैसलों में रसोई गैस (एलपीजी) सब्सिडी के लिए कुल 42,000 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में दोनों प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि उज्ज्वला योजना की लाभार्थियों को मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 में साल में नौ रिफिल पर 300 रुपये प्रति सिलेंडर की सब्सिडी दी जाएगी। इसके लिए 12,000 करोड़ रुपये के प्रावधान को मंजूरी दी गई है।

### केंद्र ने वापस लिया आयकर विधेयक, प्रवर समिति की रिपोर्ट के बाद फैसला

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने लोकसभा से आयकर विधेयक 2025 को वापस ले लिया है। विधेयक की जांच के लिए बनी प्रवर समिति की रिपोर्ट के बाद यह फैसला लिया गया। इस विधेयक को फरवरी में लोकसभा में पेश किया गया था। बताया जा रहा है कि नया विधेयक 11 अगस्त को लोकसभा में पेश किया जाएगा। केंद्र सरकार ने आयकर विधेयक 2025 को 13 फरवरी 2025 को लोकसभा में पेश किया था।

### अभिनेत्री हुमा कुरैशी के भाई की हत्या

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी के चचेरे भाई आसिफ कुरैशी की दिल्ली के जंगपुरा इलाके में गुरुवार देर रात पार्किंग को लेकर हुई तीखी बहस के बाद चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। यह झगड़ा गुरुवार रात लगभग 11 बजे निज़ामुद्दीन थाना क्षेत्र के भोगल मार्केट लेन के पास हुआ। जानकारी के अनुसार आसिफ ने अपने पड़ोसी से उसके गेट के सामने खड़ी स्कूटी को हटाने के लिए कहा जिसके बाद दोनों पक्षों में तीखी बहस हो गई। स्थिति बाद में हिंसक हो गई और आरोपियों ने आसिफ पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। आसिफ को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया।

**ट्रम्प की टैरिफ टेंशन**

# रूस ने थामा भारत का हाथ, अमेरिका हैरान

## चीन ने भारत पर लगे अमेरिकी टैरिफ की निंदा की

बीजिंग/वाशिंगटन, वार्ता

**कहा- चीन साफ तौर पर टैरिफ के गलत इस्तेमाल के खिलाफ चीनी विदेश मंत्रालय ने फैसले को टैरिफ का दुरुपयोग करार दिया**

**ट्रम्प ने भारत से ट्रेड डील पर वार्ता करने से इन्कार किया, अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा: भारत रणनीतिक साझेदार, वार्ता जारी रहेगी**

**चीन ने** भारत पर लगे अमेरिकी टैरिफ की निंदा की है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने इसे टैरिफ का दुरुपयोग करार दिया। गुओ ने कहा कि चीन साफ तौर पर टैरिफ के गलत इस्तेमाल के खिलाफ है।

उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका को तकनीकी और व्यापारिक मुद्दों का राजनीतिकरण बंद करना चाहिए। चीन का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के उस एग्जीक्यूटिव ऑर्डर के जवाब में आया, जिसमें भारत पर रूसी तेल खरीदने की वजह से 25 फीसदी एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया गया है। वहीं, ट्रम्प ने भारत से ट्रेड डील पर बातचीत करने से इन्कार कर दिया है। ट्रम्प ने कहा कि जब तक टैरिफ विवाद का हल नहीं निकल जाता, बातचीत शुरू नहीं होगी। इससे पहले मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि भारत से ट्रेड डील पर बातचीत के लिए अमेरिकी अधिकारियों का एक दल इसी महीने भारत आने वाला है। ट्रम्प भारत पर अब तक 50 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान कर चुके हैं। उन्होंने 30 जुलाई को 25 फीसदी टैरिफ लगाया था, जो 7 अगस्त से लागू हो गया है। वहीं, 6 अगस्त को एक एग्जीक्यूटिव -शेष पृष्ठ दो पर

### मोदी व पुतिन ने रणनीतिक साझेदारी को और प्रगाढ़ करने की प्रतिबद्धता दोहराई



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की गुरुवार को मॉस्को में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को श्री पुतिन के साथ टेलीफोन पर परस्पर हित के मुद्दों पर बातचीत की।

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार श्री पुतिन ने यूक्रेन से संबंधित नवीनतम घटनाक्रमों से प्रधानमंत्री को अवगत कराया। श्री मोदी ने रूसी राष्ट्रपति को उनके विस्तृत आकलन के लिए धन्यवाद देते हुए संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत के दृढ़ रुख को दोहराया। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय एजेंडे में प्रगति की भी समीक्षा की और भारत तरह रूस के बीच विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और प्रगाढ़ करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

### ब्राजीली राष्ट्रपति ने पीएम मोदी से बातचीत की

**नई दिल्ली।** ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा ने प्रधानमंत्री मोदी को फोन कर बातचीत की। इस दौरान दोनों नेताओं ने पिछले महीने पीएम मोदी की ब्राजील यात्रा पर चर्चा की, जिसमें उन्होंने ट्रेड, तकनीक, एनर्जी, डिफेंस और एग्रीकल्चर जैसे मुद्दों पर आपसी सहयोग मजबूत करने पर सहमति जताई थी। दोनों नेताओं ने भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने की भी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने रीजनल और ग्लोबल मुद्दों पर भी बात की। इससे पहले सिल्वा ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से बातचीत का प्रस्ताव ठुकरा कर दिया था। तब उन्होंने कहा था कि मैं टैरिफ पर बात करने के लिए ट्रम्प को कॉल नहीं करूंगा। इसके बदले पीएम नरेंद्र मोदी और शी जिनपिंग जैसे नेताओं से बातचीत करना चाहूंगा।

### भारत ने अमेरिका के साथ रक्षा सौदों से संबंधित बातचीत बंद नहीं की

**नई दिल्ली।** भारत ने स्पष्ट किया है कि उसने अमेरिका के साथ रक्षा खरीद से संबंधित बातचीत बंद नहीं की है और इससे संबंधित मीडिया रिपोर्ट गलत और मनगढ़ंत हैं। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने शुक्रवार को कहा कि भारत द्वारा अमेरिका के साथ रक्षा खरीद से संबंधित बातचीत रोके जाने के बारे में मीडिया में आ रही रिपोर्ट गलत और मनगढ़ंत है। सूत्रों ने कहा कि यह स्पष्ट किया जाता है कि खरीद से संबंधित विभिन्न मामले निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार प्रगति पर हैं। उल्लेखनीय है कि कुछ मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर आयात शुल्क बढ़ाए जाने के बाद विभिन्न रक्षा खरीद के लिए चल रही बातचीत रोक दी है।

# सुप्रीम कोर्ट ने राजद्रोह कानून पर सरकार से मांगा जवाब

शाह टाइम्स ब्यूरो



**कोर्ट संवैधानिक वैधता पर विचार करेगा, याचिकाकर्ता ने कहा: नया कानून भी पुराने जैसा सख्त**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 152 की संवैधानिक वैधता की जांच करने पर शुक्रवार को सहमति जताई और केंद्र तथा राज्य सरकारों को नोटिस जारी किए।

बीएनएस की यह धारा राजद्रोह से संबंधित है, जो पूर्व की भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 124-ए की संशोधित संहिता है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन तथा न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने सेवानिवृत्त मेजर जनरल एसजी वोम्बटकेरे की याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त करते हुए इस मामले केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। इस मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता पीबी सुरेश और अधिवक्ता प्रसन्ना एस याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए। उन्होंने इस मामले को महत्वपूर्ण बताते हुए इस पर विचार करने का अनुरोध किया। आईपीसी की धारा 124-ए की वैधता को चुनौती देने वाली एक याचिका संविधान पीठ के समक्ष विचाराधीन है। शीर्ष अदालत के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने जुलाई 2022 में केंद्र और राज्य सरकारों को ऐसे अपराध के मामले में आगे कोई मुकदमा दर्ज न करने का निर्देश देकर आईपीसी के राजद्रोह प्रावधान पर वस्तुत: रोक लगा दी थी।

### सरकारी आवास समय पर खाली कर दूंगा: सीजेआई गवई

**नई दिल्ली।** सीजेआई बीआर गवई ने कहा कि नवम्बर में रिटायरमेंट से पहले उपयुक्त (सूटेबल) घर मिलना मुश्किल है, लेकिन मैं नियमों के तहत तय समयसीमा में अपना सरकारी आवास खाली कर दूंगा। सीजेआई ने ये बात जस्टिस सुधांशु धूलिया के विदाई कार्यक्रम में कही। सीजेआई ने कहा कि मैं जस्टिस धूलिया को सुप्रीम कोर्ट में आने के बाद से जानता हूं। वे बहुत ही गर्मजोश और न्यायपालिका को समर्पित व्यक्ति हैं। उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा।

### सुप्रीम कोर्ट की बांके बिहारी ट्रस्ट पर अस्थायी रोक

**यूपी सरकार ने मंदिर देखभाल के लिए बनाया था ट्रस्ट, अदालत ने केस हाईकोर्ट ट्रांसफर किया**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को मथुरा के वृंदावन स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर के चारों ओर कॉरिडोर बनाने की अपनी महत्वाकांक्षी योजना के लिए मंदिर न्यास कोष से 500 करोड़ रुपये का इस्तेमाल की अनुमति देने संबंधी अपना आदेश शुक्रवार को वापस ले लिया।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद श्री बांके बिहारी मंदिर के कोष से कॉरिडोर निर्माण के लिए राज्य सरकार को 15 मई, 2025 को दी गई (शीर्ष अदालत की) अनुमति संबंधी आदेश को वापस ले लिया। इसके साथ ही पीठ ने मंदिर के प्रबंधन के लिए उच्च -शेष पृष्ठ दो पर

# मोदी वोट चुराकर प्रधानमंत्री बने: राहुल गांधी

## 25 सीट 35 हजार या कम अंतर से जीते पीएम, चुनाव आयोग इलेक्ट्रॉनिक डेटा दे, तो साबित करेंगे

बेंगलुरु/नई दिल्ली, वार्ता



**कांग्रेस सांसद बोले: भारत का संविधान बेशकीमती है, देश को पांच सवालों का जवाब दे चुनाव आयोग**

**कांग्रेस नेता राहुल** गांधी ने शुक्रवार को कहा कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार 25 सीट के मार्जिन से प्रधानमंत्री बने हैं। 25 सीट ऐसी हैं, जिन्हें भाजपा ने 35 हजार या कम वोट से जीतीं। अगर हमें इलेक्ट्रॉनिक डेटा मिल जाए, तो हम साबित कर देंगे कि मोदी चोरी करके प्रधानमंत्री बने हैं।

राहुल ने कहा कि चुनाव आयोग को पिछले 10 साल की देश की सारी इलेक्ट्रॉनिक वोटर लिस्ट और वीडियोग्राफी देनी चाहिए। ये सब नहीं देंगे, तो क्राइम है। भाजपा को चुनाव चोरी करने दे रहे हैं। पूरे देश को चुनाव आयोग से वोटर्स का डेटा मांगना चाहिए। राहुल गांधी ने कर्नाटक के बेंगलुरु में फ्रीडम पार्क में आयोजित कांग्रेस की 'वोट अधिकार रैली' में ये बात कही। उनके साथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी रैली में शामिल हुए। वहीं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाजपा पर वोट चोरी का आरोप लगाने के बाद शुक्रवार को कहा कि भारत का संविधान -शेष पृष्ठ दो पर

### वोट चोरी पर राहुल गांधी के खुलासे की जांच हो : प्रियंका गांधी

**नई दिल्ली।** प्रियंका गांधी ने कहा है कि वोट चोरी को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जो खुलासा किया है वह अत्यंत गंभीर है और उसकी जांच होनी चाहिए। श्रीमती वाड्रा ने लोकसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि चुनाव आयोग को मतदाता सूची और डेटा उपलब्ध कराना चाहिए। आयोग तथा भाजपा जिस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं उससे साफ है कि कुछ गड़बड़ी हुई है और इसकी जांच जरूरी है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जी ने इतना बड़ा खुलासा किया है, उसकी जांच होनी चाहिए। चुनाव आयोग वोटर लिस्ट नहीं दे रहा है, जांच नहीं कर रहा है, उल्टा हलफनामा मांग रहा है।

# हाईकोर्ट जज को क्रिमिनल केस से हटाने का फैसला वापस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सीजेआई के अनुरोध पर सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी हटाई**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार को उनकी सेवानिवृत्ति तक आपराधिक मामले की सुनवाई से अलग रखने और उन्हें एक अनुभवी वरिष्ठ न्यायाधीश के साथ खंडपीठ में बैठाने के अपने अभूतपूर्व आदेश को शुक्रवार को वापस ले लिया।

सीजेआई बीआर गवई से प्राप्त एक पत्र पर गौर करते हुए न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि उसका (शीर्ष अदालत का) इरादा संबंधित न्यायाधीश को शर्मिंदा करने या उन पर आक्षेप लगाने का नहीं था। हाईकोर्ट के आदेश को हालांकि अवैध और विकृत बताते हुए शीर्ष अदालत ने इस मामले पर विचार करने का काम हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पर छोड़ दिया। पीठ ने कहा कि हम पूरी तरह से स्वीकार करते हैं कि हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रोस्टर के मास्टर हैं यानी वह तय कर सकते हैं कि किस मामले को कौन से न्यायाधीश को सौंपा जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### बगैर मान्यता स्कूलों की सूची 15 अगस्त तक उपलब्ध कराने के निर्देश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग ने बगैर मान्यता के चल रहे स्कूलों की सूची 15 अगस्त तक उपलब्ध कराने के निर्देश सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को दिए हैं। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने सभी मंडलीय सहायक शिक्षा निद. शक व बीएसए को निर्देश दिया है कि वे संबंधित जिलों में चल रहे बिना मान्यता वाले सभी विद्यालयों की जांच कर व कार्यवाही करके 15 अगस्त तक सूचना अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने को कहा है। उन्होंने अपने आदेश में कहा है कि जिले में कोई बिना मान्यता का विद्यालय चलता हुआ मिलेगा, तो इसके लिए बीएसए व बीईओ ही जिम्मेदार होंगे।

### बाराबंकी में रोडवेज बस पर गिरा पेड़ पांच लोगों की मौत

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में लगातार हो रही बारिश के बीच जिला मुख्यालय से नौ किलोमीटर दूर हैदरगढ़ मार्ग पर रोडवेज की अनुबंधित बस पर पेड़ गिर गया। इस हादसे में चार महिलाओं समेत पांच लोगों की मौत हो गई। एक महिला की पहचान शहर के मोहल्ला गुलरिया गार्दा की निवासी शिक्षा मेहरोत्रा (53) के रूप में हुई है। बाकी की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। तीन अन्य महिलाओं की आयु 40 से 45 साल के मध्य बताई जा रही है। पेड़ काटकर लोगों को निक. ाला गया। हादसे के बाद कई यात्री खिड़की से कूदकर निकले। बारिश के दौरान हुए हादसे के कारण राहत व बचाव कार्य में देर हो रही है। रोडवेज बस सवारियां लेकर बाराबंकी से हैदरगढ़ जा रही बस पर करीब साढ़े 10 बजे राजा बाजार के पास पेड़ गिर पड़ा।

# स्वदेशी को बनाएं जीवन का मंत्रः सीएम योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के समापन पर देश की स्वतंत्रता के लिए बलिदान देने वाले क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को स्वदेशी वस्तुओं को आत्मसात करने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वदेशी को जीवन का मंत्र बनाने से दुनिया की कोई ताकत भारत का बाल भी बांका नहीं कर पाएगी।

काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के समापन पर देश की स्वतंत्रता के लिए बलिदान देने वाले क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए योगी ने युवा पीढ़ी से राष्ट्रभक्ति और स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी हमारे जीवन का ध्येय बने, स्वदेशी हमारे जीवन का मंत्र बने, हम जियेंगे स्वदेशी के लिए, हम मरेंगे अपने देश के लिए। अपनी राष्ट्रभक्ति की इस पराकाष्ठा के साथ जब भारत आगे बढ़ेगा, तो दुनिया की कोई ताकत भारत का बाल भी बांका नहीं कर पाएगी। आजादी का यह संदेश हम सबको इस उद्देश्य के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की आर्थिक ताकत भी राष्ट्रनिर्माण से जुड़ी है और जब हम विदेशी वस्तुएं खरीदते हैं, तो न सिर्फ हमारा पैसा विदेश जाता है, बल्कि वही पैसा आतंकवाद और उग्रवाद में उपयोग होता है। उन्होंने अपील की कि आने वाले त्योहारों (रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, दशहरा, दीपावली, छठ) में स्वदेशी वस्तुएं ही उपहार में दें और खरीदें। उन्होंने कहा कि पर्व और त्योहारों में जब हम इस दौरान कोई स्वदेशी वस्तु खरीदते हैं, तो हमारे हस्तशिल्प और कारीगर काम पाते हैं। यह देश के विकास, उत्थान में खर्च होगा। हम जो भी उपहार देंगे या अपने घर के लिए खरीदेंगे, भले ही तात्कालिक रूप से थोड़ा महंगा हो, लेकिन वही खरीदेंगे जो स्वदेशी होगा। मुख्यमंत्री ने 2 अक्टूबर को हर उत्तर प्रदेशवासी से गांधी आश्रम जाकर खादी खरीदने का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने काकोरी ट्रेन एक्शन में शहीद हुए देश के सपूतों को नमन किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर पीपल का पौधा भी लगाया। छोटी बालिक. ाओं के हाथों राखी भी बंधवाई और बेटियों को मिठाई और चॉकलेट भी उपहार में दी। इसके बाद उन्होंने म्यूजियम में सेल्फी और फोटोशूट भी कराया। मुख्यमंत्री ने शहीद सैनिकों के परिजनों को भी मंच पर सम्मानित किया, जबकि काकोरी ट्रेन एक्शन की घटना पर आधारित एक पुस्तक का भी विमोचन किया। इस दौरान संस्कृति विभाग के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ, जिसमें काक. ोरी ट्रेन एक्शन की उस घटना को प्रस्तुत किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नौ अगस्त 1925 को काकोरी में जिन महान क्रांतिकारियों ने ब्रिटिश हुकूमत के खजाने पर कब्जा कर उस धन को आजादी की लड़ाई में लगाया था, उन्होंने राष्ट्रभक्ति की जो ज्वाला जलाई, उसका ही परिणाम है कि 1947 में देश आजाद हुआ।

# यूपी में बाढ़ पीड़ितों की सुध लेने वाला कोई नहींः अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरा. ेप लगाया कि उत्तर प्रदेश में बाढ़ के हालात भयावह है मगर पीघ्तिो की सुध लेने वाला कोई नही है। भाजपा सरकार अपनी ही आंतरिक खींचतान में उलझी हुई है। यादव ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि उत्तर प्रदेश में बाढ़ से 22 जिलों में हालत बहुत खराब है। गंगा, यमुना, राप्ती, सरयू, घाघरा नदियां उफनाई हुई है। बाढ़ की चपेट में तमाम लोग अपनी जान भी गंवा बैठे है।

मुख्य मार्गो से कटे इलाको में लोग बहुत सी परेशानियों से जूझ रहे हैं। खाने-पीने के सामान का संकट के साथ दवा-इलाज के लिए भी लोग तरस रहे है। पशुओं की हालत तो और भी ज्यादा खराब है। उनके चारे की भी दिक्कत आ रही है। सरकार का कहीं कोई प्रबंध नहीं नजर आता है। उन्होंने कहा कि उरई में सघ्के पानी से लबालब भरी हुई है। पहली मंजिल तक पानी भरने से तमाम लोग बेघर हो गए है। प्रयागराज में 80 हजार प्रतियोगी छात्र लाज-कमरे छोड़कर चले गए है। 400 से अधिक लाइब्रेरी बंद हो गई है। शहर के 60 मोहल्ले और जिले के 90 गांवो में बाघ्का पानी है। बाढ़ का पानी घरो के अन्दर बह रहा है। राजधानी लखनऊ में भी भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। खेतों में पानी भरने से कमजोर पौधों के नष्ट होने की आशंका है। बाजरा, दलहन की फसलों को नुकसान होने से किसान चिंता में हैं। जर्जर मकान गिरने से कई लोग चोटिल हो चुके है।

### उत्तर प्रदेश में बारिश से जनजीवन प्रभावित

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ समेत उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में लगातार रुक रुककर बारिश से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के पूर्वी संभाग में नौ अगस्त को कई जगहों पर और 10 अगस्त को कुछ जगहों पर भारी बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। क्षेत्रीय मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान लखनऊ में छह सेमी से अधिक बारिश हुई।

# मैंने पुस्तकों पर कभी प्रतिबंध नहीं लगायाः उमर

श्रीनगर, वार्ता



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि उन्होंने कभी भी किसी भी पुस्तक पर प्रतिबंध नही लगाया है और ना भविष्य में कभी ऐसा करेंगे। वह कल रात एक सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिसमें उनसे 'पुस्तकों पर लगाए गए प्रतिबंध हटाने' का आग्रह किया गया था।

उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने ही प्रशंसित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय लेखकों की 25 पुस्तकों पर प्रतिबंध लगाया है। सोशल मीडिया पर सक्रिय एक इंटरनेट उपयोगकर्ता ने अब्दुल्ला को टैग करते हुए लिखा किताबों से प्रतिबंध हटाओ। जिंदगी भर तुम किताबों से डरने वाले कायर के रूप में जाने जाओगे। किताबों पर से प्रतिबंध हटाओ। इस पर अपनी प्रतिक्रिया में श्री अब्दुल्ला ने कहा कि उन्होंने कभी भी पुस्तकों पर प्रतिबंध नहीं लगाया है और न ही कभी लगाएंगे। अब्दुल्ला ने 'एक्स' पर लिखा मुझे कायर कहने से पहले अपने तथ्य ठीक कर लो, तुम अज्ञानी हो। यह प्रतिबंध उप राज्यपाल ने अपने एकमात्र आधिकारिक नियंत्रण वाले विभाग- गृह विभाग का इस्तेमाल करके लगाया है। मैंने कभी किताबों पर प्रतिबंध नहीं लगाया है और न ही कभी लगाऊंगा।

## राज्यसभा में हंगामा जारी, कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित

# मतदाता सूची पुनरीक्षण मुद्दे पर विपक्ष लामबंद

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ विपक्ष के कुछ सदस्यों ने हंगामे के दौरान ही व्यवस्था का प्रश्न उठाना चाहा
■ लोकसभा में भी बिहार मतदाता सूची पुनरीक्षण पर भारी हंगामा, कार्यवाही स्थगित

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में शुक्रवार को प्रश्नकाल के दौरान भी विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण कोई काम नहीं हो सका और सभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।

शून्यकाल में पहले स्थगन के बाद 12 बजे कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने मतदाता सूची पुनरीक्षण और कई अन्य विषयों पर कार्यस्थगन प्रस्ताव पर चर्चा कराने की मांग को लेकर हंगामा जारी रखा। विपक्ष के कुछ सदस्यों ने हंगामे के दौरान ही व्यवस्था का प्रश्न उठाना चाहा। पीठासीन उप सभापति घनश्याम तिवाड़ी ने सदस्यों ने सदन में व्यवस्था बनाए रखने और प्रश्नकाल की कार्यवाही चलने देने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह प्रश्नकाल है, इसमें व्यवस्था का प्रश्न नहीं उठाया जा सकता। इसी बीच कांग्रेस के प्रमोदी तिवारी ने किसी मुद्दे पर औचित्य का प्रश्न उठाने की को. शिश की, लेकिन पीठासीन तिवाड़ी ने इसकी अनुमति नहीं दी। उपसभापति ने कुछ सदस्यों द्वारा सदन में बैज पहन का आने का संज्ञान लेते हुए विगत में सभापति द्वारा दी गई एक व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि कोई सदस्य बैज पहन कर सदन में नहीं आ सकता। उन्होंने सदस्यों से परम्पराओं का आदर करने का अनुरोध किया। उपसभापति ने जैसे भाजपा के आदित्य प्रसाद का नाम लेकर उनसे सूची के अनुसार सवाल पूछने को कहा सदन में हंगामा तेज हो गया। सरकार की ओर से उनके प्रश्न का जवाब देने के लिए खड़े हुए रेल एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि वह जवाब देना चाहते हैं, लेकिन सदन में शोर हो रहा है। बिट्टू ने इसके साथ ही विपक्ष की आला. ेचना में कुछ कहना चाहा, लेकिन पीठासीन उप सभापति ने इसकी अनुमति नहीं दी और हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी।

### मिशन पोषण 2.0 कार्यक्रम के लाभ के लिए 72.22 लाख से अधिक गर्भवती महिलाएं पंजीकृत

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने शुक्रवार को लोकसभा में कि मिशन पोषण 2.0 के अंतर्गत जुलाई की स्थिति के अनुसार 72.22 लाख से अधिक गर्भवती महिलाएंलाभार्थी के रूप में पंजीकृत हैं। उन्होंने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) के अंतर्गत, योजना की एक जनवरी 2017 से शुरुआत से जुलाई 2015 तक 4.05 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को मातृत्व लाभ प्रदान किया जा चुका है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत, केन्द्र सरकार ने देश भर के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में माताओं, जिनमें आदिवासी माताओं को इसमें शामिल किया हैं।



**सेंसेक्स** 80710.25
**निफ्टी** 24649.55



**सोना रु.** 100904
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 114505
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में चौतरफा बिकवाली

मुबंई, वार्ता



अमेरिका द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क और इतना ही जुर्माना लगाने के कारण घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को भारी बिकवाली रही, जिससे प्रमुख सूचकांक लगभग एक प्रतिशत लुढ़ककर तीन महीने के निचले स्तर पर आ गए। बीएसई का सेंसेक्स 765.47 अंक यानी 0.95 प्रतिशत गिरकर 79,857.79 अंक पर बंद हुआ।

एनएसई का निफ्टी-50 भी 0.95 प्रतिशत की गिरावट में रहा और 232.85 अंक उतरकर 24,363.30 अंक पर आ गया। यह दोनों सूचकांकों का इस साल 9 मई के बाद का निचला स्तर है। निवेशक आज शुरू से ही बिकवाल रहे। सेंसेक्स गुरुवार की तुलना में 145.25 अंक नीचे 80,478.01 अंक पर खुला और पूरे दिन लाल निशान में रहा। यह ऊपर 80,550.40 अंक और नीचे 79,775.84 अंक तक गया। निफ्टी-50 भी 51.90 अंक टूटकर 24,544.25 अंक पर खुला। इसका उच्चतम स्तर 24,585.50 अंक और निचला स्तर 24,337.50 अंक रहा। अमेरिकी आयात शुल्क की चिता में विदेशी निवेशक शेयर बाजार में लगातार बिकवाल बने हुए हैं। उन्होंने आज 62.944 करोड़ डॉलर की इक्विटी बेची। बाजार में सभी सेक्टरों में बिकवाली देखी गई। रियलिटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, धातु, फार्मा, ऑटो और आईटी समूहों ने बाजार पर सबसे ज्यादा दबाव बनाया। सेंसेक्स की 30 में से 25 कंपनियों के शेयर लाल निशान में बंद हुए। भारती एयरटेल का शेयर 3.41 प्रतिशत टूट गया। टाटा मोटर्स, कोटक महिंद्रा बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा में भी दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। एक्सिस बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अडानी पोर्ट्स, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट,

### सेंसेक्स तीन महीने के निचले स्तर पर

एचडीएफसी बैंक और टाटा स्टील के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच गिरे। वहीं एनटीपीसी का शेयर सबसे अधिक 1.39 प्रतिशत और टाइटन का 1.33 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। इनके अलावा ट्रेंट, आईटीसी और बजाज फिनसर्व में भी तेजी रही। एनएसई में 100 शेयरों पर आधारित निफ्टी.100 सूचकांक एक प्रतिशत गिर गया। मझौली और छोटी कंपनियों में अधिक गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.55 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.49 प्रतिशत लुढ़क गया। विदेशों में मिला-जुला रुख रहा। एशिया में जापान का निक्केई 1.85 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। हांगकांग का हैंगसेंग 0.89 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.12 प्रतिशत की गिरावट में रहा। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.21 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.10 प्रतिशत की गिरावट में कारोबार कर रहे थे।

### 0.3 प्रतिशत गिर सकती है भारत की विकास दरः मूडीज

**चेन्नई।** अमेरिका द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क तथा रूस से तेल आयात करने के कारण जुर्माने के रूप में 25 प्रतिशत और शुल्क लगाने के बाद मूडीज रेटिंग्स ने शुक्रवार को कहा कि इससे देश की विकास दर में 0.3 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है।

भारत को मुद्रास्फीति और निर्यात में संभावित गिरावट के बीच संतुलन बनाकर चलने की सलाह देते हुए रेटिंग एजेंसी ने कहा कि अमेरिका में आयात शुल्क की दोहरी मार से एशिया, प्रशांत के दूसरे देशों की तुलना में भारतीय सामानों पर वहां शुल्क 15 से 20 प्रतिशत अधिक हो जाएगा। चीन के साथ आपूर्ति श्रृंखला में आई बाधा के बाद एशिया, प्रशांत के देश उस खाई को भरने के लिए होड़ लगा रहे हैं। उसने कहा कि अमेरिकी आयात शुल्क के जवाब में भारत किस प्रकार की प्रतिक्रिया देता है, उससे यह तय होगा कि भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) विकास दर कितनी रहेगी और मुद्रास्फीति तथा निर्यात किस प्रकार का रहता है। भारत ने साल 2022 से रूस से तेल आयात में भारी वृद्धि की है। इस दौरान यूक्रेन पर रूस की सैन्य कार्रवाई के मद्देनजर उसके कच्चे तेल की मांग कम होने से उसने वैश्विक बाजार की तुलना में सस्ते दाम पर भारत को तेल की आपूर्ति की।

# इलेक्ट्रिक वाहनों की खुदरा बिक्री 4.8 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली, वार्ता

इलेक्ट्रिक वाहनों की खुदरा बिक्री जुलाई में 4.83 प्रतिशत बढ़कर 1,88,891 इकाई पर पहुंच गई। पिछले साल जुलाई में देश में 1,80,185 इलेक्ट्रिक वाहन बिके थे। ऑटोमोबाइल डीलर संगठनों के महासंघ (फाडा) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि जुलाई में दुपहिया वाहनों की बिक्री 4.35 प्रतिशत घटकर 1,02,973 इकाई रह गई। जुलाई 2024 में देश में कुल 1,07,655 दुपहिया वाहन बिके थे। फाडा के अध्यक्ष सीएस विग्नेश्वर ने जुलाई की बिक्री के आंकड़ों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जुलाई 2025 में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बिक्री में तेजी जारी रही। दुपहिया वाहनों को छोड़कर अन्य सेगमेंट में बिक्री बढ़ी है। उन्होंने बताया कि वृद्धि देश के धीरे.धीरे ईवी की ओर बढ़ने की पुष्टि करती है। अब आम ग्राहक भी इलेक्ट्रिक वाहनों को अपना रहे हैं। सरकार की तरफ से नीतिगत स्तर पर सतत समर्थन, सस्ते ऋण और चार्जिंग सुविधा में तेज वृद्धि इस गति को आगे भी बनाए रखने में महत्वपूर्ण होगी। दुपहिया वाहनों में ईवी की बाजार हिस्सेदारी जुलाई में 7.5 प्रतिशत है। वहीं तिपहिया श्रेणी में ईवी की बाजार हिस्सेदारी 62.1 प्रतिशत पर पहुंच गई। यात्री वाहनों के मामले में ईवी की बाजार हिस्सेदारी 4.7 प्रतिशत और वाणिज्यिक वाहनों में 1.63 प्रतिशत रही। इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों (कार, एसयूवी और वैन) की बिक्री जुलाई में 93.21 प्रतिशत बढ़कर 15,528 इकाई पर पहुंच गई। तिपहिया वाहनों की बिक्री में 8.59 प्रतिशत और वाणिज्यिक वाहनों में 52.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई और इस साल जुलाई में इनकी बिक्री क्रमशः 69,146 इकाई और 1,244 इकाई रही।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**धराली आपदा...**

लगभग 400 लोगों को निकाला था। शुक्रवार को भी करीब 300 लोगों को निकालने का टारगेट पूरा होने की उम्मीद है। आपदा पीड़ितों को राहत एवं खाद्य सामग्री भी वितरित की जा रही है। बताया कि पीड़ितों की हर संभव मदद की जा रही है। आपदा क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग के अलावा सेना ने भी अपना हेल्थ कैंप लगाया हैं। उत्तरक. ाशी जिलाधिकारी ने कहा कि कृषि और संपत्ति के नुकसान का आंकलन जल्द पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सड़कों की मरम्मत का काम जारी है।

**रूस ने थामा...**

ऑर्डर पर साइन कर भारत पर 25 फीसदी टैरिफ और बढ़ा दिया है, जो 27 अगस्त से लागू होगा। अमेरिका में भी ट्रम्प के इस कदम की आलोचना हो रही है। हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के डेमोक्रेट्स ने चेतावनी दी कि यह कदम भारत-अमेरिका संबंधों को नुकसान पहुंचा सकता है। कमेटी के मेंबर ग्रेगरी मीक्स ने कहा कि ट्रम्प का यह टैरिफ फैसला भारत-अमेरिका के बीच रणनी. तिक और आर्थिक संबंधों को कमजोर कर सकता है। इधर, अमेरिकी विदेश विभाग ने 7 अगस्त की रात जारी बयान में भारत को एक रणनीतिक साझेदार बताया। मंत्रालय के प्रवक्ता टामी पिगाट ने कहा कि अमेरिका भारत के साथ स्पष्ट और खुली बातचीत कर रहा है, भले ही टैरिफ विवाद के चलते दोनों देशों के संबंधों में तनाव बना हुआ है। टामी के मुताबिक ट्रम्प ने व्यापार असंतुलन और रूसी तेल की खरीद को लेकर अपनी चिंताएं बहुत स्पष्ट तरीके से जाहिर की हैं। साथ ही सीधी कार्रवाई (भारत पर टैरिफ) भी की है। टामी ने मतभेदों को सीधे संवाद के जरिए सुलझाने की बात भी कही है। भारत-अमेरिका के बीच बाइलैटरल ट्रेड एग्रीमेंट (बीटीए) पर अब तक 5 राउंड बातचीत हुई है। छठे राउंड की चर्चा के लिए 25 अगस्त को अमेरिकी अधिक. ारियों को भारत आना था। अब ट्रम्प के बयान के बाद इस बातचीत को लेकर स्थिति साफ नहीं है। दोनों देश सितम्बर- अक्टूबर तक ट्रेड एग्रिमेंट्स के पहले चरण को पूरा करने की दिशा में काम कर रहे हैं। इसके साथ ही एक अंतरिम ट्रेड एग्रीमेंट की संभावना भी तलाशी जा रही है। ट्रेड डील को लेकर वार्ता का पिछला राउंड वाशिंगटन में हुआ था।

**सुप्रीम कोर्ट की...**

न्यायालय के एक पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का निर्देश दिया और राज्य सरकार की ओर से जारी अध्यादेश के माध्यम से इसी तरह की समिति गठित करने पर रोक लगा दी। शीर्ष अदालत ने हालांकि याचिकाकर्ताओं को उत्तर प्रदेश श्री बांके बिहारी जी मंदिर न्यास अध्यादेश-2025 की वैधता को चुनौती देने के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय जाने की अनुमति दे दी। पीठ ने कहा कि हम अपनी समन्वय पीठ द्वारा दिए गए आदेश के उस हिस्से को संशोधित करेंगे जो याचिकाकर्ताओं को प्रभावित करेगा। साथ ही हम उन्हें अध्यादेश के विरुद्ध उच्च न्यायालय जाने की अनुमति देंगे। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह इस बीच प्रबंधन का नेतृत्व करने के लिए एक समिति का गठन करेगी और इस संबंध में विस्तृत आदेश शनिवार तक (शीर्ष अदालत की बेवसाइट पर) अपलोड कर दी जाएगी। पीठ ने कहा कि अध्यादेश (राज्य सरकार का) के अनुसार समिति का गठन स्थगित रखा जाएगा।ह उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज के अनुरोध पर पीठ ने अध्यादेश पारित करने पर सवाल उठाने वाली उच्च न्यायालय की टिप्पणियों पर रोक लगा दी।

**मोदी वोट चुराकर...**

बेशकीमती है और चुनाव आयोग को इसकी प्रतिष्ठा के लिए पांच सवालों का जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि बड़ा सवाल यह है कि चुनाव आयोग को बताना चाहिए कि वीडियो और सीसीटीवी के सबूत क्यों और किसके कहने पर मिटाए जा रहे हैं। सवाल है कि आयोग क्या भाजपा का एजेंट बनकर काम कर रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव आयोग से पांच सवाल हैं और देश इनका जवाब चाहता है। पहला सवाल है कि विपक्ष को डिजिटल वोटर लिस्ट क्यों नहीं मिल रही। क्या छिपा रहे हो। दूसरा है कि सीसीटीवी और वीडियो सबूत मिटाए जा रहे हैं-क्यों और किसके कहने पर। तीसरा है- फर्जी वोटिंग और वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की गई-क्यों। चौथा सवाल विपक्षी नेताओं को क्यों डराया धमकाया जा रहा है और पांचवा सवाल-साफ-साफ बताओ- क्या भारत का चुनाव आयोग अब भाजपा का एजेंट बन चुका है। उन्होंने कहा कि आयोग को समझना चाहिए कि भारत का लो. कतंत्र बेशकीमती है - इसकी चोरी का अंजाम बहुत भयानक होगा। अब जनता बोल रही है-बहुत हुआ।

### मुर्मू ने देशवासियों को रक्षा बंधन की शुभकामनाएं दी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशवासियों को रक्षा बंधन के पावन पर्व पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुर्मू ने अपने संदेश में कहा कि रक्षा बंधन के पावन अवसर पर मैं भारत और विदेश में रह रहे सभी देशवा. सियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।उन्होंने कहा कि रक्षा बंधन का यह पावन पर्व भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का प्रतीक है, जो समाज में सद्भाव और सहयोग की भावना को बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और नैतिक मूल्यों को सहेजने का अवसर प्रदान करता है। यह पर्व माताओं, बहनों और बेटियों के सम्मान और सुरक्षा का संदेश देता है। आइए इस शुभ अवसर पर हम सब मिलकर एक समृद्ध भारत के निर्माण का संकल्प लें।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बाढ़ के कारण खादर गांवों के ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** गंगा के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि के चलते खादर के कई गांवो में पहुंचे बाढ़ के पानी के कारण लोगों की समस्याएं बढ़ने लगी हैं। लगातार तीसरे दिन बिजनौर स्थित बैराज से दो लाख क्युसेक से अधिक पानी छोड़ा गया है, जिससे गंगा के जलस्तर में आने वाले दिनों में भी वृद्धि के संकेत मिल रहे हैं। वहीं शुक्रवार को गंगा धाम तिगरी में जलस्तर बढ़कर 201.10 मीटर गेज पर पहुंच गया है जो कि खतरे के निशान से मात्र 95 सेमी दूर है। बाढ़ के हालातों को देखते हुए प्रशासन भी अलर्ट मोड पर है। एसडीएम धनौरा विभा श्रीवास्तव ने तहसील के कई अधिकारियों और लेखपालों की ड्यूटी खादर के गांवो में लगाई है।

खादर क्षेत्र में गजरौला क्षेत्र में गंगा किनारे पर स्थित तिगरी गांव समेत मंदिर वाली भुड्डी, शीशोवाली, दारानगर, सुल्तानपुर, ओसिता जगदेपुर, कांकाठेर, तिगरी, टीकोवाली आदि गांव पानी से घिरे हुए हैं। बाढ़ का पानी गांवो में पहुंच जाने के बाद यहां के लोगों की समस्याएं बढ़ने लगी हैं। चारों ओर पानी ही पानी है। खेतों में खड़ी फसलें हों या फिर रास्ते, सब पानी से भरे हैं।

**समस्या**

**चारों ओर से पानी से घिरे हैं गांव, जन जीवन अस्त व्यस्त**

**कांकाठेर से ओसीता मार्ग को जाने वाले मार्ग पर भरा पानी** कांकाठेर मार्ग से ओसीता जगदेवपुर को जाने वाले मार्ग पर बाढ़ का पानी भर जाने से लोगों के आने जाने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। लोग किसी ऊंचे वाहन जैसे ट्रैक्टर ट्राली आदि पर बैठकर ही आ जा पा रहे हैं। वहीं खेतों में काफी दिनों से पानी भरा हो जाने के कारण किसानों की लाखों रूपये की कीमत की फसलें बर्बाद हो रही हैं। **संक्रामक रोग फैलने की भी आशंका** बाढ़ की समस्या केवल आवागमन को ही अवरूद्ध नहीं करती बल्कि कई कई दिन तक पानी रूकने के कारण संक्रामक रोगों के फैलने की संभावना भी बन जाती है। **जलीय जीव जंतुओं के भी घरों में घुसने का खतरा** बाढ़ के कारण खादर गांवो के लोगों को जलीय जीवों का भी खतरा बढ़ गया है। पानी के साथ बहकर जलीय जीव भी घरों में घुस सकते हैं। बाढ़ खंड विभाग के जेई सुभाष कुमार ने बताया कि शुक्रवार को बिजनौर स्थित बैराज से 2 लाख18 हजार 967 क्युसेक पानी डिस्चार्ज किया गया है। लगातार तीन दिनों से दो लाख क्युसेक से अधिक पानी डाउन स्ट्रीम में छोड़े जाने के कारण ही तिगरी व ब्रजघाट में सीधा असर देखने को मिल रहा है। ब्रजघाट में खतरे का उच्चतम स्तर 199.34 मीटर गेज पर है, जबकि वर्तमान में यहां पर जलस्तर 198.80 मीटर गेज पर पहुंच गया है। पिछले चौबीस घंटे में ब्रजघाट में 35 सेमी जलस्तर की बढ़ौत्तरी दर्ज की गई है।







## रक्षा बंधन पर बहनों के सामने बड़ी समस्या, नाव से नदी पार करके जाना होगा भाईयों के घर

**गजरौला।** रक्षाबंधन के त्यौहार पर खादर क्षेत्र के गांवो में रहने वाले भाईयों के घर पहुं. चने के लिये बहनों को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ेगा। उन्हें नाव से गंगा में बैठकर ही अपने भाईयों के घर तक जाना पड़ेगा क्योंकि इस समय गंगा व रामगंगा पोषक नहर उफन कर चल रही हैं। खादर के गांवो की रहने वालीं अनेकों बहनों की शादी दूसरे गांवो में हुई हैं। साल भर में एक बार आने वाले भाई बहन की पवित्र प्रेम के प्रतीक रक्षा बंधन के त्यौहार पर बहनें अपने भाईयों के घर जाती हैं और राखियां बांधती हैं, लेकिन जलस्तर बढ़ने से इस बार समस्या ज्यादा है। गांवो के रास्तों पर कई कई फिट पानी खड़ा है। नाव के जरिये नदी पार करके रास्ते पर भरे पानी को पार करके गांव तक पहुंचा जा सकता है।

# कार ने बाइक को रौंदा, दम्पति व बेटे की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** तेज गति से दौड़ रही अनियंत्रित कार ने सामने से आ रही बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। भिड़ंत में पति-पत्नी व बेटे की मौत हो गई। जबकि दो लोग घायल हो गये। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। तीन की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।

थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव ढेकला निवासी पूरन सिंह पत्नी पान कोर व पुत्र रवि के साथ बाइक पर सवार होकर हसनपुर से घर को लौट रहे थे। पूरन जब अलीगढ़ लिंक मार्ग पर पेट्रोल पम्प के समीप पहुंचा तो सामने से तेज गति से चल कर आ रही अनियंत्रित कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। बाइक



पर सवार तीनों उछल का दूर जा गिरे। कार तेजी के साथ घटना स्थल से 20 कदमों की दूरी पर स्थित ढाबे में घुस गई। वहां खाना खा रहे निवासी सोनूह निवासी गांव चकफेरी व ढाबे पर काम करने वाले प्रदीप निवासी गांव ढड़ियाल भी चपेट में आकर पूरी तरह से घायल हो गये। टक्कर होने के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। राहगीरों ने तुरंत घायलों को रहरा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायलों को हॉयर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में पूरन आयु 50 वर्ष व पत्नी पान कोर आयु 45 वर्ष की मौत हो गई। भीड़ ने कार चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी व बेटे रवि की मौत की सूचना मिलते ही रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गये। कार द्वारा बाइक में इतनी जोरदार टक्कर मारी गई थी कि वह बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। थाना इंचार्ज कुमरेश त्यागी ने बताया पति-पत्नी के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। कार चालक पुलिस की कस्टडी में है।



## सात साल की छात्रा के साथ युवक ने की अश्लीलता

### आरोपी के खिलाफ दी तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ट्यूशन पढ़ने गयी सात साल की बच्ची के साथ युवक ने अश्लील हरकतें की। इतना ही नहीं उसे खींचकर कमरे में ले जाने लगा। बच्ची किसी तरह बचकर घर पहुंची तथा परिजनों को आपबीती सुनाई। कोतवाली पहुंचे परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दे दी है।

मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले से जुड़ा है। यहां एक मजदूर पेशा युवक का परिवार रहता है। उसकी सात साल की बच्ची मोहल्ले में ही एक घर में ट्यूशन पढ़ने के लिए जाती थी। आरोप है कि टीचर बच्ची से घरेलू काम भी कराती थी। इसी दौरान ट्यूशन टीचर के घर में ही रहने वाले भाई की गंदी नजर बच्ची पर पड़ गई। चुपके-चुपके वह बच्ची से अश्लील बातें करना लगा, इतना ही नहीं बाद में उसका हाथ पकड़कर अपने शरीर पर लगाना शुरू कर दिया। बैडटच को लेकर नासमझ बच्ची ने उसकी इन हरकतों पर कोई रिऐक्शन नहीं दिया। आरोप है कि बुधवार को आरोपी ने अश्लीलता की सारी हद पार कर दी। उसने बच्ची के साथ जबरदस्ती शुरू कर दी, ट्यूशन टीचर की नजर बचते ही वह उसे खींचकर कमरे में ले जाने लगा। किसी तरह बच्ची धक्का देकर वहां से भाग निकली। पीड़िता सीधे अपने घर पहुंची और मां व पिता की जानकारी दी। इसके बाद दंपति बच्ची को लेकर कोतवाली पहुंच गए। आरोपी की हरकत बताते हुए कार्रवाई के लिए तहरीर दे दी। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। गुरुवार को पुलिस ने आरोपी रिहान को गिरफ्तार कर लिया, चालान कर अदालत में पेश किया, रिमांड मंजूर होने पर जहां से जेल भेज दिया गया।

## मालिक के हत्यारे नौकर को उम्रकैद

### फावड़े से वारकर कर दी थी हत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** फावड़े से वार कर मालिक की हत्या करने वाले नौकर को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जबकि दस हजार रूपये का जुर्माना भी ठोका है।

30 मई 2023 की शाम की वारदात बछरायूं थाना क्षेत्र के गांव छज्जूपुरा की थी। गांव में किसान चंद्रपाल सिंह का परिवार रहता है। हत्याकांड वाले दिन परिवार के सभी सदस्य खेत पर गए हुए थे। चंद्रपाल सिंह के दो अन्य नौकर भी खेत पर गए थे जबकि नेपाल के कोशी राज्य के जिला झापा के गांव धाइजन निवासी नौकर संतोष उर्फ सुक्का कंवर उर्फ सुक्कू घर पर ही मौजूद था। चंद्रपाल सिंह ने नौकर संतोष उर्फ सुक्कू से खेत पर काम करने के लिए जाने को कहा तो वह आग बबूला हो गया। इसी बात पर गुस्साए संतोष उर्फ सुक्का ने फावड़े से ताबड़तोड़ वार करते हुए चंद्रपाल सिंह की हत्या कर दी थी। बाद में संतोष उर्फ सुक्का दीवार कूद कर भाग निकला था। मामले में मृतक के बेटे सतनाम सिंह ने हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। बाद में पुलिस ने संतोष उर्फ सुक्का को गिरफ्तार कर चालान कर दिया था, तभी से वह जेल में है। मुकदमे की सुनवाई जिला जज की अदालत में विचाराधीन थी। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी जिला शासकीय अधिवक्ता महावीर सिंह द्वारा की जा रही थी। शुक्रवार को अदालत में इस मुकदमे की आखिरी सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर अदालत ने किसान चंद्रपाल सिंह की हत्या करने में संतोष उर्फ सुक्का को दोषी करार दिया। उम्रकैद की सजा सुनाई तथा दस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

## छज्जा गिरने से बाल-बाल बचे स्कूली छात्र

### दीवार में दबकर बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बरसात से भवन गिरने का सिलसिला जारी है। दीवार गिरने से एक बाइक सवार घायल हो गया जबकि छज्जा गिरने से स्कूली छात्र बाल-बाल बचे।

पहली घटना नौगावां सादात के मेन बाजार की है। यहां स्थित एक पुरानी इमारत में सड़क से सटी तीन दुकानें बनी हुई हैं। जिनकी हालत बेहद खस्ता हो चुकी है। सुबह में स्कूल जाने के लिए अमूमन बच्चे बस के इंतजार में इन दुकानों के आगे खड़े हो जाते हैं। शुक्रवार सुबह में करीब सात बजे बच्चे दुकानों के पास खड़े होकर स्कूल बस का इंतजार कर रहे थे। बच्चों के जाने के करीब पांच मिनट बाद ही तीनों दुकानों के छज्जे अचानक भरभरा गिर गए। मलबा सड़क पर दूर तक बिखर गया। धमाके की आवाज सुनकर स्थानीय लोग घरों से बाहर निकल आए, राहगीरों भी रुक गए। बच्चों के जाने के बाद हादसा होने पर लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं, दूसरा हादसा शहर के मोहल्ला बटवाल में हुआ। शुक्रवार सुबह में मोहल्ले में चौपाल के पास स्थित एक पुराने मकान की दीवार भरभरा कर गिर पड़ी। मलबे की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, अचानक दीवार गिरने का पूरा घटनाक्रम पास ही मकान के बाहर लगे सीसीटीवी में कैद हो गया। रोंगटे खड़े कर देने वाला 13 सेकेंड का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर हो रहा है। बाइक सवार की पहचान मोहल्ले में रहने वाले आकिब मंसूरी के रूप में हुई है, परिजनों ने आकिब को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। गौरतलब है कि बीते तीन दिन लगातार हुई बारिश में जिले में करीब एक दर्जन से अधिक मकान धराशाई हो चुके हैं। मलबे में दबकर चार लोगों की मौत हो चुकी है जबकि दो दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं।

## नूर बी ने टॉप किया कालेज



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** बी फार्मा 8 सेमेस्टर में अंजुमन ए अशरफ फार्मेसी कालेज की छात्रा नूर बी ने 82 प्रतिशत अंक हासिल कर कालेज में पहला जबकि जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्रबंधक पूर्व विधायक अशफाक अली खां ने छात्रा व उसके परिजनों को बधाई देते उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होने कहा कि नूर बी ने कालेज के साथ साथ जिले का भी नाम रौशन किया है।

# शहर में चौतरफा जाम के हालात, ट्रेनों व बसों में उमड़ी भीड़



गजरौला। इंदिरा चौक पर बने जाम के हालात।



गजरौला। चौपला पर बसों में सवार होने लगी यात्रियों की भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** रक्षाबंधन के त्यौहार के चलते शुक्रवार को बसों व ट्रेनों में सफर करने के लिए भारी भीड़ रही। वहीं शहर में चौतरफा जाम की स्थिति बनी रही। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद वाहनों का संचालन भली प्रकार से कराया।

रक्षाबंधन का मुख्य पर्व शनिवार को होने के कारण बहनें सुबह से ही अपने घर से भाइयों को राखी बांधने के लिए निकल गईं। कुछ अपने निजी वाहन से राखी बांधने के लिए रवाना हुईं तो काफी संख्या में ट्रेन व बस से सफर किया। प्रदेश सरकार द्वारा रक्षाबंधन पर रोडवेज में महिलाओं को लिए नि:शुल्क यात्रा करने की घोषणा कर रखी है। इसीलिए रोडवेज बस में सफर करने वालों की संख्या खासी रही। बस आते ही उसमें चढ़ने व उतरने के लिए काफी मारामारी मची

**रक्षाबंधन के चलते सड़कों पर बढ़ा यातायात**

रही। बसों के लिये इंतजार भी करना पड़ा। बस में चढ़ने के दौरान किसी महिला के साथ कोई अनहोनी न हो इसके लिए पुलिस व यातायात पुलिस खासी सतर्क रही और महिलाओं को सचेत करती रही। सीओ अंजलि कटारिया व प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने भी शहर में भ्रमण करके सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इसी तरह रेलवे स्टेशन पर भी ट्रेन में सफर करने के लिए काफी भीड़ रही। रेलवे स्टेशन पर जीआरपी व आरपीएफ यात्रियों की सुरक्षा में लगी रही। हर ट्रेन में आने-जाने वालों की खासी भीड़ रही। वहीं गजरौला के साथ साथ **अमरोहा, धनौरा, हसनपुर, सैदनगली, जोया आदि** में भी रक्षाबंधन पर्व के चलते सड़कों पर यातायात का दबाब बढ़ने के कारण प्रमुख चौराहों व बाजारों वाले मार्गो पर जाम के हालात बने रहे। जाम के चलते काफी काफी दूर तक वाहनों की कतारें पहुंच गईं। सभी स्थानों पर पुलिस सतर्क रही।

## भाई ने धोखे से कराई जमीन नाम, मुकदमा

### पैसे मांगने पर दी जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** भाई ने बड़े भाई की पत्नी को वृद्धावस्था पेंशन दिलाने के नाम पर झांसे में लेकर जमीन का बैनामा करा लिया। पैसे मांगने पर पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी। कोर्ट के आदेश पर पिता, दो बेटों व पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

शहर के मोहल्ला सराय कोहना में जुल्फिकार अहमद जाफरी का परिवार रहता है। उनकी कोई संतान नहीं है। घर में सिर्फ उनकी पत्नी रहती हैं। आरोप है कि मई 2015 में छोटा भाई अंसार अहमद उन्हें वृद्धावस्था प्रमाण पत्र बनाने की बात कहकर धोखे से तहसील ले गया। धोखाधड़ी और कूटरचित दस्तावेज तैयार करके उनकी 383.33 वर्ग मीटर एक जमीन का बैनामा करा लिया। बैनामे से जुल्फिकार व उनकी पत्नी अंजान रहे। अब शक होने पर जुल्फिकार अहमद ने तहसील में वकील के पास पहुंचकर रिकॉर्ड चेक कराया तो सामने आई जानकारी से उनके होश उड़ गए। जुल्फिकार अहमद ने अपनी जमीन के पैसे मांगे तो जल्दी देने का वायदा करता रहा, इस तरह करीब दस साल गुजार दिए। अप्रैल 2025 में आरोपी बाकी जमीन 21.47 लाख रुपये में बेचने के लिए दवाब बनाने लगा। बीती 23 जुलाई की सुबह अंसार अहमद अपने परिवार के सदस्यों के साथ जुल्फिकार अहमद के घर में घुस आया और बाकी जमीन नहीं बेचने पर जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं जुल्फिकार अहमद और उनकी पत्नी के साथ मारपीट की। शोर मचाने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। जुल्फिकार अहमद ने मामले की शिकायत पुलिस से की तो कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने मामले में अदालत के आदेश पर अंसार अहमद, ओसामा, माज व बज्मे आरा उर्फ बूटी बेगम के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

## राखी व मिठाई की जमकर की खरीदारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रक्षा बंधन की पूर्व संध्या पर बाजार खरीदारों से गुलजार रहा है। राखी व मिठाई की दुकानों पर उनकी भारी भीड़ रही। बहनों ने अपनी पसंद की राखी तथा मिठाई खरीदी।

रक्षा बंधन के त्यौहार पर बाजार खरीदारों से पूरी तरह फुल रहा। कोट चौराहे से लेकर कोतवाली तक इनका भारी भीड़ रही। सबसे ज्यादा खरीदारी मिठाई व राखी की हुई। आज बहनें अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधने के बाद उनका मुंह भी मीठा कराती है इस कारण राखी के साथ मिठाई की दुकानों पर भीड़ दिखाई दी। इस त्यौहार पर कई दिन पहले से ही मिठाई तैयार करने का सिलसिला शुरू हो जाता है। दुकानदार भी जमकर चांदी काटते है। किसी ने अपनी पसंद के रसगुल्ले खरीदे तो किसी ने बर्फी। खरीदारी का सिलसिला देर सांय तक चलता रहा। पूजा के लिये राखी की अगल से खरीदारी की गई। हर तरफ रक्षा बंधन की धूम दिखाई दी। शहर में रौनक अलग ही दिखाई दे रही थी। भाई और बहनें इस पर्व को यादगार मनाने के लिये हर संभव कौशिश में लगे है। भाईयों ने भी बहनों को लेने के लिये गिफ्ट की खरीदारी की। सबसे इस दिन का बैचेनी से इंतजार रहता है।

# कैंटीन पर नशे में धुत पुलिस कर्मियों का उत्पात

## कैंटीन स्वामी व बेटे को बेरहमी से पीटा, सामान फेंक तोड़फोड़ की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रजबपुर**। कार में सवार होकर पहुंचे चार पुलिस कर्मियों ने नशे की हालत में दुकानदार के साथ बेवजह मारपीट की। वीडियो बनाने पर बेटों को भी बीच सड़क दौड़ाकर पीटा। आरोपी पुलिस कर्मी रजबपुर थाने में तैनात बताए जा रहे हैं। जानकारी पर एसपी ने सीओ सिटी को जांच कर रिपोर्ट तलब कर ली है।

थाना क्षेत्र के गांव शकरपुर निवासी शम्शुद्दीन की हाईवे किनारे लोक लेखा समिति के

**■ सदर विधायक महबूब अली की शिकायत के बाद एसपी ने बैठायी जांच**

सभापति सदर विधायक महबूब अली के जीएमएस कालेज के समीप कैंटीन है। गुरुवार रात वह अपने बेटों शाकिब व शहादत के साथ दुकान पर बैठे थे। रात में करीब 11 बजे अचानक एक कार उनकी दुकान के आगे आकर रुकी। जिसमें चार लोग सवार थे। आरोप है कि चारों शराब के नशे में धुत थे। इतना ही नहीं खुद को पुलिस कर्मी



बताते हुए रौब झाड़ रहे थे। किसी बात को लेकर चारों की शम्शुद्दीन से कहासुनी हो गई। जिस पर चारों ने शम्शुद्दीन पर हमला कर दिया। इसके बाद बेटे शाकिब को पकड़ लिया तथा उसकी भी बेरहमी पिटाई की। शम्शुद्दीन के दूसरे बेटे शहादत ने जब मोबाइल से वीडियो बनाना शुरू किया तो आरोपियों ने उसे भी सड़क पर गिरा गिरा कर पीटा। करीब 15 मिनट तक आरोपी पुलिसकर्मी हंगामा व मारपीट करते रहे। बाद में पर चारों आरोपी तीनों पिता-पुत्र को घसीटते हुए कार में बैठाकर थाने ले आए। सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में एकत्र होकर पहुंचे गांव के लोगों ने थाना घेर लिया।ग्रामीणों की बढ़ती भीड़ देख थाना पुलिस ने तीनों को छोड़ दिया। वहीं, शुक्रवार सुबह में पुलिस कर्मियों की दबंगता का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पीड़ित ने इस मामले में एसपी अमित कुमार आनंद से मुलाकात कर शिकायत की थी। वहीं, सदर विधायक महबूब अली ने भी मामले में एसपी से वार्ता कर घटना की जांच कराने को कहा है। मारपीट में घायल शाकिब का उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है।



■ मंडी धनौरा। रामलीला मैदान के भूमि पूजन के दौरान हवन में आहुति देते विधायक राजीव तरारा।

# शादी के दस माह बाद ही विवाहिता को निकाला

## पति समेत सात के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। शादी के महज दस महीने बाद ही विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। आरोपी दहेज में बोलेरो की मांग कर रहे थे। विवाहिता का आरोप है कि मारपीट कर उसका गर्भपात करा दिया। मामले में पुलिस ने पति समेत सात लोगों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव हटव्वा पट्टी निवासी कृपाल सिंह ने अपनी बेटी रेखा की शादी 10 नवंबर 2024 को संभल जिले के असमोली थाना क्षेत्र गांव मातीपुर निवासी आदित्य के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही रेखा को ससुराल में दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। मायके से बोलेरो दिलाने की मांग की जाती थी। बीती पांच मई को उसके साथ मारपीट की गई। पीड़िता उस समय तीन माह की गर्भवती थी। जिससे उसका गर्भपात हो गया। 20 मई 2025 को उसे घर से निकाल लिया। पीड़िता मायके आ रही थी तो पीछा करते हुए आए ससुराल वालों ने रास्ते में भी उसके साथ मारपीट की। पीड़िता ने एसपी को शिकायती पत्र देकर ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में पति समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# धूमधाम से मनाया रक्षाबंधन



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला**। नगर के मौहल्ला नाईपुरा बुद्धनगर में स्थित सिद्धार्थ इण्टर कॉलेज में शुक्रवार को रक्षा बंधन का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्राओं ने छात्रों की कलाईयों पर राखियां बांधी। प्रबंधक रविराज सिंह ने छात्र-छात्राओं को रक्षा बंधन का महत्तव बताया, कहा कि रक्षाबंधन का पर्व भाइयों के दीर्घायु होने व सुख समृद्धि की कामना के लिए मनाया जाता है। बहनें अपने भाइयों की सलामती के लिए रक्षा सूत्र बांधती है. भाई-बहन के अटूट रिश्ते का यह पर्व पुरातन काल से चला आ रहा है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य समेत स्टॉफ के सदस्य मौजूद रहे।

# 2.94 करोड़ से बदलेगा रामलीला मैदान का स्वरूप

## विधायक ने किया निर्माण कार्य का भूमि पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। आस्था और संस्कृति के प्रतीक श्रीरामलीला मैदान के सौंदर्यकरण व बाउंड्री वॉल निर्माण का कार्य शनिवार को भूमि पूजन के साथ शुरू हो गया। 2 करोड़ 94 लाख की लागत से बनने वाला यह मैदान धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजनों का केंद्र बनेगा। भूमि पूजन में विधायक राजीव तरारा ने कहा, मेरे कार्यकाल में इस ऐतिहासिक स्थल का नवनिर्माण शुरू होना गर्व की बात है। यह आने वाली पीढ़ियों के लिए संस्कृति और परंपरा का जीवंत केंद्र रहेगा। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री का आभार जताया। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने कहा कि मैदान का सौंदर्यकरण क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाई देगा। रामलीला कमेटी ने विधायक के प्रयासों की सराहना की और प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक संगठनों व क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में अजय गोयल, राजीव अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, रूपक अग्रवाल, कृष्ण गोपाल जी, डॉ बीएस जिंदल, कमल अग्रवाल, लखपत सिंह, सूरज अग्रवाल, प्रशांक त्यागी, अरुण दीक्षित, मुकेश शर्मा, बृजेश अग्रवाल, डॉ एमपी शर्मा, राहुल अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, सम्राट् अग्रवाल , विवेक अग्रवाल , नरेंद्र जाटव , मयंक गर्ग, सुभाष बंसल , संजीव त्यागी , सुरेंद्र सैनी , चिन्तमनि अग्रवाल , गीतेश अग्रवाल , अभिषेक गोयल , संजीव प्रजापति , चरण सिंह आदि मौजूद रहे।

## तालाब की सफाई कराने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर के द्वारा जनसमस्याओं को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर समस्या का समाधान कराने की मांग की गई। गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के गांव तरौली में स्थित तालाब की सफाई कराने की मांग करते हुए भारतीय किसान यूनियन बी आर अंबेडकर के द्वारा शुक्रवार को उप जिला अधिकारी पुष्कर नाथ चौधरी को ज्ञापन सौंप. दिया। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि गांव में पानी की निकासी के लिए एकमात्र तालाब है। जो की गंदगी से भर गया है। जिसके कारण गंदा पानी गांव के मार्गों पर एवं घरों में एकत्र हो जाता है । तालाब में उगी घास में से सांप निकल कर घरों में घुस जाते हैं जिससे सांप पशुओं व मनुष्य को काटते हैं।वही गांव में सांप के काटने से कई मृत्यु हो चुकी है। जिससे गांव में भय का माहौल है। एसडीएम के द्वारा समस्याओं को देखकर तुरंत खंड विकास अधिकारी को आदेशित किया गया। उन्होंने सफाई तत्काल करने के आदेश दिये है। ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय सिंह भाटी, सुनील, सतपाल सिंह, जयपाल सिंह, दीपक, अशोक कुमार, विपिन, नितिन, अंकित, मनोज नागर, लोक.ेश, कुलदीप आदि मौजूद रहे।

# ट्रेनें रही फुल, बसों में रही भारी भीड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। रक्षा बंधन के त्यौहार को लेकर हर तरफ उत्साह दिखाई दे रहा है। जिन युवतियों की शादी हो चुकी है वह भी अपने पति के साथ मायके पहुंच रही है। जिस कारण बसों और ट्रेनों में अपार भीड़ देखने को मिली। हालांकि सरकार ने हर साल की तरह इस बार भी रोडवेज में उनका सफर फ्री कर दिया है। रक्षा बंधन के त्यौहार पर विवाहिताएं मायके आकर अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधती है। सफर में कष्ट झेलकर वह मायके पहुंचती है। इस त्यौहार पर बसों और ट्रेनों का सफर काफी कष्टदाई साबित होता है। इसका कारण यह है कि इन वाहनों में भारी भीड़ रहती है। परन्तु, लाख कष्ट झेलने के बाद भी वह अपने मायके आती है। रक्षा बंधन की पर्व संध्या पर वाहनों में महिलाओं की भारी भीड़ रही है। गर्मी में उनका तथा बच्चों का बुरा हाल हो गया। हालांकि सरकार द्वारा रोडवेज में उनका सफर फ्री कर दिया गया है। लेकिन भीड़ का दवाब अधिक होने के कारण प्राईवेट वाहनों का भी सहारा लिया जा रहा है। इनमें भी भीड़ अधिक होने से बहनों के साथ उनके बच्चों का सफर भी काफी कष्ट दायक रहा। परन्तु परेशानी उठाने के बाद भी उनके मायके आने का सिलसिला जारी है। कुछ पति के साथ बाइक से मायके पहुंची तो कुछ ने भीड़ को देखते हुए चार पहिया वाहन का सहारा लिया।

# चकबंदी विभाग की लूट खसोट बंद की जाए

## खाद की किल्लत दूर करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। भारतीय किसान यूनियन ने चकबंदी विभाग द्वारा लूटपाट किये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए किसानों को यूरिया खाद एनपीके दिलवाये जाने की मांग की है।

शुक्रवार को उपजिलाधिकारी कार्यालय के बाहर भारतीय किसान यूनियन ने पंचायत का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि 13 अगस्त को ेदलनाजदमोर्चा के आह्वान पर किसान ट्रैक्टर यात्रा जिलाधिकारी कार्यालय से शुरू होगी। उसमें अधिक से अधिक किसान ट्रैक्टर लेकर वहां पहुंच जाये। उन्होंने कहा कि किसानों को यूरिया खाद व एनपीके समय से दिलवाया जाये। चकबंदी विभाग द्वारा खुले आम किसानों के साथ लूटपाट की जा रही है। ग्राम दौरारा के किसान भरे पुत्र सुबराती का मुकदमा डीडीसी के महा फर्जी कुर्रे के खिलाफ चल रहा है। लेकिन दूसरे पक्ष ने तहसील के लेखपाल सचिन को पैसे देकर जमीन की नपाई



करवाने चले गये जो कि गलत है। उन्होंने कहा कि बैंकों द्वारा केसीसी बनाने में कृषकों को परेशान किया जा रहा है। अमेरिका से दूध का समझौता नहीं किया जाये। उन्होंने कहा कि मध्य गंग नहर में पानी छोड़ा जाये। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह, संजीव बालियान, ब्रह्मपाल सिंह, सागर सिंह, हनी चौधरी, सागर सिंह, विपिन चौधरी, योगेंद्र सिंह, प्रसाद सिंह, कुशल सिंह आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### अवैध खनन लदी दो ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। खनन अधिकारी ने अवैध रूप से मिट्टी भरकर ले जा रहे दो ट्रैक्टर ट्राली को पड़कर सीज कर दिया। कार्यवाही से खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। शुक्रवार की सुबह खनन अधिकारी मनीष यादव ने मुखबिर की सूचना पर अवैध रूप से खनन कर मिट्टी भरकर जा रहे ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ लिया। उसके बाद खनन अधिकारी उनको कोतवाली ले आये तथा दोनों को सीज कर दिया। चर्चित खनन माफिया के दो और ट्रैक्टर ट्राली मौके से फरार हो गये। मिट्टी लदे ट्रैक्टर ट्राली कितनी तेजी में थे कि मोहल्ला कुरैशीयान में उसने एक भैंसा बुग्गी में जोरदार टक्कर मार दी। हसनपुर क्षेत्र में इस समय बड़े पैमाने पर माफियाओं द्वारा जमीन का पेट चीर कर खनन कर रहे हैं। खनन माफिया रातो रात लाखों करोड़ों रुपये के वारे न्यारे कर रहे है। यदि खनन अधिकारी हसनपुर क्षेत्र में सुबह के समय खनन माफिया के खिलाफ अभियान चलाये तो यकीनी रूप से बड़े पैमाने पर खनन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर सकते हैं।

### काकोरी कांड पर गूंजा देशभक्ति का जयघोष



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। आजादी के परवानों की शौर्यगाथा को याद करते हुए शुक्रवार को नगर पालिका कार्यालय में काक.ोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा और सभासदगणों ने क्रांतिकारी शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने भावुक स्वर में कहा, काकोरी के वीरों ने अपने प्राणों की आहुति देकर गुलामी की जंजीरें तोड़ीं। उन्हीं की वजह से आज हम आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं। हमें उनके बलिदान को केवल याद ही नहीं रखना, बल्कि देश की सेवा में सदैव तैयार रहना चाहिए। इस मौके पर सभासद दुलीचंद गिहार, राजेंद्र सिंह, सतीश कुमार, गौरव धारीवाल, राजा, अनवार, नौशाद समेत अनेक गणमान्य मौजूद रहे। देशभक्ति गीतों और नारों से पूरा परिसर गूंज उठा, मानो काकोरी के अमर सेनानी आज भी प्रेरणा देने को मौजूद हों

### कॉप आफ द मंथ बने धनौरा प्रभारी मनोज



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। जुलाई महीने में अपराधियों के हौसले पस्त करने, कानून-व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने और जनता की शिकायतों का तुरंत निस्तारण करने में मंडी धनौरा थाना प्रभारी मनोज कुमार पूरे जनपद में सबसे आगे निकले। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने गुरुवार को उन्हें कॉप ऑफ द मंथ का ताज पहनाकर प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। इस अवॉर्ड के लिए जनपद के सभी थाना प्रभारियों के कार्यों का मूल्यांकन ऑब्जेक्टिव इवैल्यूएशन सिस्टम से किया गया था, जिसमें मनोज कुमार ने 2967 अंकों के साथ पहला स्थान हासिल कर रिकॉर्ड कायम किया।

### एसपी ने की वादों की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। एसपी अमित कुमार आनंद ने शुक्रवार को परेड के बाद आरटीसी कैंपस में थाना अमरोहा देहात, हसनपुर, डिडौली, महिला परामर्श केंद्र गजरौला के पैरोकार/कोर्ट मोहर्रिर, प्रभारी मॉनिटरिंग सेल, प्रभारी सम्मन सेल तथा प्रभारी न्यायिक सम्मन सेल के साथ न्यायालय में प्रचलित वादों की समीक्षा कर दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान आरआई समेत संबंधित थाना प्रभारी निरीक्षक मौजूद रहे।

# 'हर घर तिरंगा अभियान' को लकर भाजपा की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। 'हर घर तिरंगा अभियान' को लेकर भारतीय जनता पार्टी की मंडल कार्यकारणी

**■ प्रत्येक व्यक्ति अपने घर पर लगाए तिरंगा**

की बैठक में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य पवनीत दिवाकर ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने घर पर तिरंगा लगाए। पार्टी कार्यकर्ता तिरंगे झंडे को घर-घर पहुंचाने का काम करे। शुक्रवार को भाजपा की बैठक ब्लॉक सभागार में हुई, जिसमें मुख्य अतिथि पवनीत दिवाकर ने हर घर तिरंगा अभियान के संबंध में विस्तार से बताते हुए कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि, प्रत्येक गांव तथा शहर में कोई घर



**गजरौला। बैठक को संबोधित करते मुख्य अतिथि पवनीत दिवाकर।**

ऐसा न बचे, जिस घर पर तिरंगा न लगा हो। सभी कार्यकर्ता आजादी के महत्व को बताते हुए भारत की आन-बान-शान तिरंगा झंडा घर घर पहुंचाने का कार्य करते हुए अपने अपने घरों पर लगाने के लिए प्रेरित करें। ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी ने देश की आजादी में महिलाओं की भूमिका के बारे में बताते हुए कहा कि सभी महिलाएं स्वतंत्रता दिवस को एक पर्व की भांति मनाते हुए खुद अपने हाथ से अपने घर पर तिरंगा झंडा लगाकर आजादी का पर्व मनाएं। मंडलाध्यक्ष सुनील गुप्ता ने कहा कि सभी कार्यकर्ता झंडे के लिए परेशान न हों, जितने झंडों की आवश्यकता है, उतने झंडों की व्यवस्था कर दी जाएगी इस अवसर पर सुमन सैनी शर्मा, डॉ. शुभम शर्मा, भगवंत चौहान, डॉ. उत्तम सिंह प्रजापति, मनमोहन सिंह सैन, तेजपाल सिंह, सौरभ जैन, गजराज सिंह, अंजू जाटव, सपना प्रजापति, प्रियंका शर्मा, अंकुश पाल, ओमकार सैनी, रवि चौधरी, उधम सिंह, राजेंद्र सिंह, महिपाल चौहान आदि मौजूद रहे।

## काकोरी कांड के नायकों को किया नमन



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। काकोरी कांड 9 अगस्त को हुआ था 9 अगस्त की रक्षाबंधन की छुट्टी होने के कारण शासन के निर्देश पर 7 अगस्त को इसे मनाया जा रहा है। शासन के निर्देश पर नगर पालिका प्रशासन द्वारा शहीदों को नमन किया गया। चेयरमैन राजपाल सैनी ने कहा कि अंग्रेजों के द्वारा काकोरी घटना के नायकों में राजेंद्र नाथ लाहिरी, पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह व अशफाक उल्ला खान को फांसी की सजा सुनाई गई। जिनमें राजेंद्र नाथ लाहिरी को 17 दिसंबर को ही फांसी दी गई थी। वर्ष, 1925 में काकोरी में काकोरी ट्रेन एक्शन से जुड़े हुए नायकों ने ब्रिटिश खजाने पर कब्जा जमाकर एक चुनौती ब्रिटिश हुकूमत को दी थी। ऐसे अमर शहीदों के बलिदान दिवस पर हम उनको कोटि-कोटि नमन करते हैं। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह, इशांत सैनी, संजय सहदेव,अर्पण गुप्ता,सचिन गुप्ता, देवेंद्र सैनी, प्रमोद, अरुण त्यागी, विजय सहित पालिका का स्टाफ मौजूद रहा।

# आज भाईयों की कलाई पर बंधेगा प्यार का धागा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। भाई-बहन के अटूट प्रेम की निशानी रक्षा बंधन का त्यौहार आज मनाया जायेगा। ससुराल से मायके लौट रही बहनों के चेहरे पर अलग ही खुशी दिखाई दी। वह अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधकर उनसे अपनी रक्षा का वचन लेंगी।

शनिवार को रक्षा बंधन का त्यौहार मनाया जायेगा। इसे लेकर भाईयों और बहनों में उत्साह साफ दिखाई दे रहा है। भाईयों की कलाई पर प्यार का धागा बांधने के लिये बहने मायके लौट रही है। उनके चेहरे पर अजीब से खुशी देखाई दे रही है। आज दिन की शुरूआत होते ही राखी बांधने का सिलसिला शुरू हो जायेगा। पिछले कई दिन रक्षा बंधन की तैयारी की जा रही थी। आज वह दिन आ ही गया जिसका भाई-बहन को बेसब्री से इंतजार रहता है। जिन बहनों के भाई बाहर है तथा वह घर नहीं आ सकते उन्हें भी राखी भेजने का सिलसिला जारी है। हर कोई रक्षा बंधन को लेकर उत्साहित नजर आ रहा है। इस त्यौहार को सबसे लोकप्रिय पर्व के रूप में भी जाना जाता है। यह पर्व बिना किसी शोर शराबे के उल्लास के साथ मनाया जाता है। शहर में भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने भी रूट डायवर्ड कर दिया है। सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। ताकि बहनों को अपने मायके पहुंचने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। भारी वाहनों को बाईपास से होकर गुजारा जायेगा।

# वीर शहीदों के जीवन से लें प्रेरणाःडीएम

## स्वतंत्रता सैनानियों को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि देश को आजादी दिलाने वाले वीर शहीदों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। हर घर तिरंगा अभियान को लेकर कलक्ट्रेट के निकट शहीद उपवन की स्थापना करते वृक्षारोपण किया गया। स्वतंत्रता सैनानियों को सम्मानित भी किया गया।

काकोरी ट्रेन शताब्दी के मौके पर कलक्ट्रेट के निकट शहीदों के नाम से शहीद उपवन की स्थापना करते वृक्षारोपण किया गया। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि जिन वीरों ने देश को आजादी दिलाने में अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता। शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि हम सभी को वीर शहीदों के जीवन से प्रेरेणा लेनी चाहिये। कार्यक्रम में स्वतंत्रता सैनानियों, उनके परिजनों का सम्मान कर वीरों को नमन किया गया। ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत 2 से 15 अगस्त तक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में डीएम निधि गुप्ता वत्स, चेयरमैन शशि जैन द्वारा स्वतंत्रता सैनानियों व उनके परिजनों को शाल ओढ़ाकर व माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

# काकोरी कांड के शहीदों की याद में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा

## देशभक्ति के नारों से गूंजा शरह बरौलिया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नरैनी।** सिद्ध बाबा इंटर कॉलेज शरह बरौलिया में शुक्रवार को काकोरी कांड के शहीदों की याद में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। सुबह से ही कॉलेज प्रांगण देशभक्ति के रंग में सराबोर दिखाई दिया। सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक, ग्रामीण और गणमान्य लोग हाथों में तिरंगा लिए यात्रा में शामिल हुए। तिरंगा यात्रा कॉलेज प्रांगण से प्रारंभ होकर शरह बरौलिया ग्राम के मुख्य मार्गों से गुजरी। पूरे रास्ते "भारत माता की जय" और "वंदे मातरम्" के नारों से माहौल गूंजता रहा। देशभक्ति गीतों और नारों से पूरा गांव मानो आजादी के अमर सेनानियों के बलिदान को महसूस कर रहा था। यात्रा का समापन पुनः कॉलेज प्रांगण में हुआ, जहां सभी ने शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। प्रधानाचार्य राज. कुमार शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि काकोरी कांड भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का एक अहम अध्याय है, जिसने अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिला दी थी।

उन्होंने कहा कि शहीदों का बलिदान हमें हमेशा प्रेरित करता है कि हम अपने देश की स्वतंत्रता और एकता के लिए समर्पित रहें। कार्यक्रम में नीरज चौहान, विप्लव भारती, रामौतार मौर्य, प्रवीण मिश्रा, अनमोल शर्मा समेत हजारों छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आयोजन के अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। पूरा वातावरण देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत था, मानो शहीदों की अमर गाथा गांव के हर कोने में गूंज रही हो।

# दूषित पानी रोकने को ग्राम वासियों व कांग्रेसियों का अनशन 48 वें दिन भी जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उझानी।** 8 अगस्त 2025 आज उझानी नगर पालिका का दूषित पानी रोकने को धरना स्थल पर क्रमिक अनशन पर आज 48 वें दिन प्रातः 10:00 बजे मुन्ना लाल जाटव छोटेलाल जाटव, तिलक चंद जाटव गुड्डू जाटव और नेपाल सिंह सोलंकी क्रमिक अनशन पर बैठे ,सायं 5:00 बजे जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ओमकार सिंह, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व सदस्य और शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्नालाल सागर जिला कांग्रेस कमेटी, महासचिव गौरव सिंह राठौर ,जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव वीरपाल सिंह यादव, शहर कांग्रेस कमेटी बदायूं के उपाध्यक्ष रफत अली अली उर्फ अन्ना भाई , ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पूर्व अध्यक्ष लोकेश गौड ने क्रमिक अनशनकारियों को जूस पिलाकर आज का क्रमिक अनशन समाप्त कराया। धरना स्थल पर उपस्थित ग्राम वासियों और कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा कि 8 अगस्त 1942 को मुंबई के ग्वालियर टैंक मैदान में कांग्रेस के महाधिवेशन में महात्मा गांधी ने भारतीयों को आवाह्न किया था कि अंग्रेजों भारत छोड़ो और एक और नारा दिया था करो मरो आज इस 8 अगस्त की क्रांति दिवस पर हम सब भी करो और मरो के नारे को चरितार्थ करते हुए तय करते हैं कि हम यह आंदोलन अब करो या मरो की स्थिति तक ले जाएंगे। भारत छोड़ो आंदोलन की 84 जयंती पर ग्राम वासियों और कांग्रेसियों ने अमर शहीदों को याद करते हुए संकेतात्मक जय हिंद यात्रा की ग्राम में निकाली और उसके उपरांत राष्ट्रगान किया। धरना स्थल पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व सदस्य और शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्नालाल सागर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव गौरव सिंह राठौर , जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव वीरपाल सिंह यादव,शहर कांग्रेस कमेटी बदायूं के उपाध्यक्ष रफत अली उर्फ अन्ना भाई ने भी संबोधित करते हुए कहा कि अभी आंदोलन ग्राम वासियों और कांग्रेसियों के लिए करो और मरो की स्थिति तक पहुंच गया है और जब तक ग्राम वासियों की समस्या का निराकरण नहीं होगा । धरना स्थल पर आज योगेंद्र पाल सोलंकी, कमल प्रताप, तेजेंद्र पाल कश्यप, शैलेंद्र कुमार सिंह महेंद्र अर्जुन, छोटेलाल, सोहनलाल, धर्मपाल, महेंद्र पाल, चंद्रपाल, रूम सिंह छोटेलाल, वेदपाल, भगवान सिंह पतिराम, मुन्नालाल कश्यप ,वीरपाल सिंह, सोनू, रोहिताश, सोनपाल बेचेलाल, कन्हैयालाल, झाऊ सिंह आदि सैकड़ो ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# पिनेकल इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों ने बनाई सुंदर राखियां

## राखी मेकिंग में हर्षित चौहान रहे अव्वल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** पिनेकल इंटरनेशनल एकेडमी में राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया व अपनी कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। शुक्रवार को पिनेकल इंटरनेशनल स्कूल में प्रेम की डोरी शीर्षक के तहत राखी प्रतियोगिता में कक्षा एक से दसवीं तक के विद्यार्थीयो ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता का प्रयोग करते हुए ऐसी राखियां तैयार कर उसमें सांस्कृतिक झलक दिखने को मिली और उसके प्रभाव को दर्शाया। इसमें कक्षा 9 के छात्र हर्षित चौहान ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर रवि जौहरी ने कहा कि स्नेह, स्वास्थ्य और संस्कार इन तीनों को साथ लेकर ही एक सच्चे नागरिक की पहचान है। इस मौके पर विद्यालय के डायरेक्टर रवि जौहरी, शिवम जौहरी, प्रधानाचार्य विनोद सिंह पटेल, शरद यादव, प्रतिभा मिश्रा, वेंकटेश शंखधार, रोली सिंह, केशव शंखधार, चिराग सक्सेना, शालिनी पाराशरी, ज्योति शर्मा, गीता मौर्य आदि मौजूद रहे ।

# काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव समापन समारोह

## जनपद के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारजन हुए सम्मानित

### राष्ट्र प्रथम की भावना को ध्यान में रखते हुए करे कार्य: सदर विधायक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव समापन समारोह के मुख्य अतिथि सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि भारत फिर से विश्व के शिखर पर होगा। जो जिस व्यक्ति का दायित्व है अगर वह पूरी ईमानदारी से उसका निर्वहन करे तो भारत फिर से सोने की चिड़िया बनेगा, ऐसा दिन अब दूर नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी को राष्ट्र प्रथम की भावना को ध्यान में रखते हुए कार्य करना चाहिए। सदर विधायक, जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने परिसर में लगाई गई विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी का अवलोकन कर उसे सराहा। इस मौके पर जनपद के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारजनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। डायट परिसर स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में सदर विधायक ने सभी से स्वदेशी का उपयोग करने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि अच्छा सोचो तो अच्छा होगा, आज नहीं तो कल होगा। उन्होंने क्रांतिकारी व उन वीर सपूतों को नमन किया जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वोच्च न्यौछावर कर दिया। इससे पहले सदर विधायक ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं द्वारा गीत, नाटक आदि की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। जिलाधिकारी अवनीश राय ने कहा कि सभी से आवाहन किया कि हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत 13 से 15 अगस्त 2025 तक सभी इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा ले व पूर्ण सहयोग प्रदान करें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों व उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। इससे पहले परिसर डायट परिसर आगमन पर जनप्रतिनिधियों का स्वागत बुके देकर किया गया। इस मौके पर जनपद के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों अशरफी लाल, मियां जान, रामसहाय, वीरेंद्र सिंह के परिवारजनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की छात्रा झलक जोशी ने देश भक्ति गीत, राजकीय महाविद्यालय आवास विकास की छात्रा ने भाषण दिया। वहीं केदारनाथ महिला डिग्री कॉलेज की छात्राओं द्वारा नाट्य मंचन तथा दृष्टिबाधित छात्रा द्वारा देशभक्ति गीत व नगर पालिका परिषद इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा नृत्य, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं द्वारा काकोरी ट्रेन एक्शन पर नाटय मंचन की मनमोहक प्रस्तुति दी गई, जिसे सभी ने सराहा व प्रशंसा की। डायट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के लखनऊ के काकोरी में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया, जिसे उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व छात्र-छात्राओं व अन्य गणमान्य लोगों ने देखा। वही लखनऊ के कार्यक्रम के दौरान मा0 मुख्यमंत्री ने काकोरी ट्रेन एक्शन पर बनाई गई पुस्तिका का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष शारदेंदु पाठक, अशोक भारतीय, मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# 22 अगस्त तक अनुसूचित जाति के युवा योजना में करें आवेदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र बदायूँ के प्रभारी नवीन आर्या ने बताया कि उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग उ0 प्र0 के राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र बदायूँ पर संचालित 100 दिवसीय उद्यमिता विकास खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण (एससीपी योजना) के माध्यम से रोजगारपरक प्रशिक्षण कार्यक्रम में सत्र 2025-26 के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण की अवधि 100 दिवस की होगी। ऐसे युवा जिसकी आयु 01 जुलाई 2025 को न्यूनतम 18 हो और वह हाईस्कूल उत्तीर्ण हो तथा अनुसूचित जाति का हो।

वह आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 22 अगस्त 2025 है। प्रशिक्षण शुल्क 300 रुपए है तथा कुल 30 सीटें हैं। आवेदन पत्र किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं।

# 31 अगस्त तक करें मुख्यमन्त्री युवा स्वरोजगार व ओडीओपी योजना में आवेदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि उ0प्र0 सरकार द्वारा लागू मुख्यमन्त्री युवा स्वरोजगार योजना व ओडीओपी योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में ऋण दिये जाने हेतु आवेदन पत्र 31 अगस्त 2025 तक आमंत्रित किये जा रहे है। ऑनलाइन आवेदन www.diupmsme.upsdc.govin व व नये पोर्टल ww.msme.upsdc.gov.in पर किए जा सकते है। उन्होंने योजना की पात्रता की शर्तो के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमन्त्री युवा स्वरोजगार योजना के लिए उत्पादन क्षेत्र हेतु अधिकतम 25.00 लाख रुपए व सेवा क्षेत्र इकाई हेतु अधिकतम 10.00 लाख रुपए के स्वरोजगार स्थापनार्थ हेतु ऋण बैंक द्वारा प्राप्त किया जा सकता हैं जिसमें अधिकतम 25 प्रतिशत तक अनुदान की व्यवस्था भी हैं। योजना हेतु हाईस्कूल पास न्यूनतम 18 वर्ष से 40 वर्ष तक आयु के युवक व युवतियों आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जनपद का जरी जरदोजी कार्य हेतु एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) में चयन किया गया है। जरी के कार्य को बढावा देने हेतु इस योजना में ऋण प्राप्त करने हेतु उद्योग, सेवा, व्यवसाय में 2 करोड रुपए तक का ऋण दिया जा पर सकता है। योजना हेतु ।

अभ्यर्थी की आयु न्यूनतम 18 वर्ष होनी चाहिए। युवक व युवतियों के लिये आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना से सम्बन्धित जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र बदायूँ से प्राप्त की जा सकती है।

# एस के बी इंटर कॉलेज रियोनाई में हुआ राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उघैती।** रक्षाबंधन के मौके पर क्षेत्र के गांव रियोनाई में स्थित श्री कालसेन बाबा इंटर कॉलेज में रक्षाबंधन का त्यौहार बड़े हर्षोल्लाह के साथ मनाया गया इस मौके पर कॉलेज में राखी बनाओ प्रतियोगता का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया कार्यक्रम का आयोजन अंबिका चौहान एवं सोनम के देखरेख में हुआ प्रतिभागी छात्राओं ने बहुत ही मनमोहक राखियां बनाई सभी छात्राओं ने कॉलेज के एम डी आशीष सक्सेना सहित समस्त अध्यापकों के राखी बांधी इसके साथ ही छात्राओं ने छात्रों के भी राखी बांधकर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया सभी छात्राओं को कॉलेज की प्रधानाचार्या शिल्पी सक्सेना द्वारा पुरस्कृत किया गया इस मौके पर कॉलेज के चेयरमैन महेश चंद्र सक्सेना, डायरेक्टर शेखर सक्सेना,एम डी आशीष सक्सेना , प्रधानाचार्या शिल्पी सक्सेना ,उप प्रधानाचार्य ओम किशन शर्मा जूनियर वर्ग एडमिनिस्ट्रेटर जे पी सिंह प्राइमरी वर्ग एडमिनिस्ट्रेटर दिनेश माथुर जूनियर कॉर्डिनेटर चेतन ,प्राइमरी कॉर्डिनेटर सोनू शर्मा प्री प्राइमरी कार्डिनेटर अंबिका चौहान एवं सोनम,उमेश वार्ष्णेय, पूजा अंजली ,अवधेश, उमेश, अर्पित, सारांश सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# थाना कोतवाली क्षेत्र में बिजली गुल, पानी को भी तरसे लोग

**मेरठ।** पुरानी तहसील कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार की देर रात अचानक बिजली गुल हो गई। इसके बाद शुक्रवार की तड़के सुबह करीब 9:42 पर बिजली सुचारू हुई लेकिन तब तक सभी के इनवर्टर-बैट्री डाउन हो चुके थे। आसपास के लोगों ने बताया कि पूरी रात बिजली घर पर फोन पर संपर्क करने का प्रयास का लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। किसी तरह गर्मी में रात गुजारने के बाद जब स्थानीय लोगों ने सुबह उठकर बिजी घर पहुंच कर शिकायत करनी चाहे तो बिजली घर पर ताला लटका मिला। आसपास के लोगों ने बताया है कि पूरी रात और अगले दिन सुबह बिजली गुल रही जिसकी वजह से कुछ लोग अपने घरों में पीने के पानी की व्यवस्था भी नहीं कर पाए। इसी के साथ यह भी बताया है कि पहले शुक्रवार में दोपहर में नमाजियों के लिए पानी की व्यवस्था की जाती थी लेकिन काफी समय से अब शुक्रवार को दोपहर में पानी नहीं आता है और इस शुक्रवार बिजली और पानी दोनों ही से लोगों को जूझना पड़ा। तहसील बिजली घर जेई ने बताया है कि उन्होंने तहसील और मोहनपुरा बिजली घर का चार्ज अभी हाल ही में संभाला है तो अभी ज्यादा जानकारी क्षेत्र की नहीं है लेकिन बिजली घर पर एक कर्मचारी ने बताया है कि सुभाष नगर में तारों में रात कुछ फाल्ट हुआ था।

# प्रेस वार्ता में यूपी के बारे में प्रस्तुत तथ्य सही नहीं पाये गए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ0 वैभव शर्मा ने बताया कि राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष लोक सभा द्वारा 07 अगस्त, 2025 को 'द फाउंडेशन ऑफ द कॉउंसटीट्यूशन इज द वोट, वोट हैज बीन डिस्ट्रॉयड' विषयक एक प्रेस कांफ्रेंस की गयी। जिसमें अन्य विषयों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश राज्य का भी जिक्र किया गया जिसमें उनके द्वारा तथ्य रखा गया कि दो मतदाता जिनका नाम आदित्य श्रीवास्तव पुत्र एस०पी० श्रीवास्तव (इपिक नं0 एफपीपी 6437040) एवं विशाल सिंह पुत्र महीपाल सिंह (इपिक नं0 आईएनबी 2722288) हैं। इनका नाम उ0प्र0 के साथ-साथ अन्य प्रदेश की विधान सभाओं की मतदाता सूची में भी अंकित है। राहुल गांधी द्वारा यह आंकड़ 16 मार्च 2025 को भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट से निकाले हुए । दिखाए गये हैं। आदित्य श्रीवास्तव का नाम चार जगह अंकित दिखाया गया है। इनका नाम मुंबई सब अर्बन की विधान सभा 158 जोगेश्वरीपूर्व की बूथ संख्या 197 के क०सं० 877, बैगलोर अर्बन की विधान सभा 174 महाद. वपुरा के बूथ संख्या 458 के क0सं0 1265, बूथ सं0 459 के क०सं० 678 पर एवं लखनऊ की विधान सभा 173 लखनऊ पूर्व के बूथ संख्या 84 के क०सं० 630 पर अंकित दिखाया गया है। विशाल सिंह पुत्र महीपाल सिंह का नाम तीन जगह अंकित दिखाया गया है। इनका नाम बैंगलोर की विधान सभा 174 महादेवपुरा में बूथ सं0 513 के क०सं० 926 एवं बूथ सं0 321 के क०सं० 894 तथा वाराणसी की विधानसभा 390 वाराणसी कैण्ट में बूथ सं० 82 के क०सं० 516 पर अंकित दिखाया गया है। दिनांक 07 अगस्त, 2025 को आदित्य श्रीवास्तव पुत्र एस० पी० श्रीवास्तव (इपिक नं० एफ पीपी6437040) एवं विशाल सिंह पुत्र महीपाल सिंह (इपिक नं0 आई एनबी2722288) के नाम को अवजमतेण्मबपण्हवअण्पद पर सर्च किया गया तो पाया गया कि आदित्य श्रीवास्तव पुत्र एस० पी०श्रीवास्तव (इपिक नं0 एफपीपी6437040) का नाम बैगलोर अर्बन की विधान सभा 174 महादेवपुरा के बूथ संख्या 458 क0सं0 1265 में एवं विशाल सिंह पुत्र महीपाल सिंह (इपिक नं0 आईएनबी2722288) का बैंगलोर की विधान सभा 174 महादेवपुरा में बूथ सं० 513 क0सं0 926 पर ही अंकित है एवं उपरोक्त मतदाताओं का नाम उत्तर प्रदेश की विधान सभा 173 लखनऊ पूर्व एवं विधान सभा 390 वाराणसी कैण्ट में इनका नाम अंकित नहीं है। इस प्रकार उत्तर प्रदेश के बारे में जो तथ्य प्रस्तुत किये गये वे सही नहीं पाये गये।

## एक नजर

# प्राथमिक विद्यालय मदनजड़ी में मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बिसौली।** प्राथमिक विद्यालय मदनजुड़ी में शुक्रवार को रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया। जिसमें सभी छात्राओं ने छात्रों को राखी बांधकर व मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। भाइयों ने अपनी बहनों को गिफ्ट के रूप में कॉपी पेंसिल बिस्कुट आदि भेंट की। वहीं छात्राओं द्वारा अध्यापक अनुज कुमार शर्मा एवं दयानंद के भी राखी बांधी। उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों ने बच्चों को मिठाई वितरित की। इस अवसर पर अनुज कुमार शर्मा प्रधान अध्यापक, सरिता शर्मा, सीमा यादव, मीना, दयानंद आदि उपस्थित रहे।

**विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

कामिल खान ब्यूरो चीफ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221

Email: mkhan741@gmail-com

# रक्षाबंधन पर्व पर खादर क्षेत्र में जलभराव से ग्रामीण मायूस

## दर्जनों गांवों के संपर्क मार्गों व खेतों में भरा हुआ है कई-कई फीट पानी, फसलें हुई बर्बाद, पशुओं के चारे का संकट हुआ खड़ा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हस्तिनापुर।** गंगा नदी के जलस्तर में शुक्रवार को गिरावट आयी है परंतु खादर क्षेत्र में भरा हुआ पानी अभी कम होने में समय लेगा जिससे ग्रामीणों को समस्या हो रही है। खेतों में खड़ी फसलें बर्बाद हो ही चुकी हैं। टूटे तटबंध को दुरुस्त करने के लिए कारसेवक व ग्रामीण लगातार मेहनत कर रहे हैं। रक्षाबंधन के पर्व पर भी लोग उदास हैं और पर्व जैसा कोई माहौल खादर क्षेत्र में देखने को नहीं मिल रहा है।

बिजनौर बैराज से शुक्रवार को गंगा के जलस्तर में भारी कमी आयी है। शुक्रवार की सांय गंगा का जलस्तर 1.80 लाख क्यूसेक व हरिद्वार से जलस्तर घटकर एक लाख क्यूसेक हो गया है जो गुरुवार की अपेक्षा कम है परंतु खादर क्षेत्र दर्जनों गांवों के संपर्क मार्गो व खेतों में कई कई फीट पानी भरा है। मुजादपुर खेड़ा के सामने से टूटे तटबंध ने खादर क्षेत्र की स्थिति और ज्यादा खराब कर दी है। हालांकि ग्रामीण व सेवादार टूटे तटबंध को दुरुस्त करने में जुटे है लेकिन जलप्रवाह के सामने उनकी मेहनत बौनी साबित हो रही है। इसके अलावा भी ग्रामीण जिन स्थानों से तटबंध कमजोर या क्षतिग्रस्त हो रहा है वहां पर मिट्टी के कट्टे आदि लगाकर मजबूत करने में जुटे हुए है। वहीं ग्रामीणों को सबसे अधिक परेशानी पशुओं के चारे की आ रही है। पूर्व से एकत्र किया गया भूसा गीला हो गया है और चारा पानी में डूबा है। ऐसे में पशु क्या खाए। ग्रामीणों को पशुओं के लिए कम पानी में खड़ी झाडियों को काटकर ही पशुओं को खिलाना पड़ रहा है। कई गांवों में मकानों में अंदर पानी भरा होने के कारण चूल्हे भी नहीं जल पा रहे है। ऐसे में महिलाओं ने छत पर ही अस्थायी चूल्हे बनाकर खाना तैयार कर रही है।

### तटबंध सही होने पर ही मिलेगी राहत

वहीं तटबंध से निकल रहे पानी से खादर क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। किसानों का कहना है कि जब तक तटबंध से पानी निकलना बंद नहीं हो जाता है तब तक स्थिति में सुधार आना मुश्किल है। क्योंकि गंगा नदी के अधिकांश पानी का प्रवाह टूटे तटबंध से ही होकर बह रहा है जिससे खेतो में खड़ी फसलें तबाह हो गई है।

# त्यौहारों को लेकर पीस कमेटी की हुई मीटिंग



शाह टाइम्स संवाददाता

**देवरनियां।** कोतवाली देवरनियां में शुक्रवार को थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी की अध्यक्षता में आगामी चेहल्लुम व जन्माष्टमी के त्यौहार को लेकर पीस कमेटी की मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने त्यौहारों को आपसी भाई चारे व अमन शान्ति के साथ मनाये जाने की अपील करते हुए कहा कि बिजली के तारों से सावधानी बरतें। किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें, किसी भी तरह की समस्या होने पर तत्काल पुलिस को जानकारी दें। थाना प्रभारी ने कहा कि शन्ति पूर्वक त्यौहार मनाने वालों की सेवा में पुलिस सदा तत्पर रहेगी। वहीं खुराफात करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी, उन्हें किसी भी कीमत पर वख्शा नहीं जायेगा, तत्काल कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

पीस कमेटी मीटिंग में क्षेत्रीय गणमान्य लोगों के अलावा पुलिस स्टाफ में एसआई अनिल कुमार, सतीश कुमार, चन्दकीराम, हेड कांस्टेबिल इन्तखाब हुसैन, सुनील कुमार, गजेन्द्र सिंह आदि मौजद रहे।

# कार की टक्कर से बाइक सवार छात्र की मौत, इमाम गंभीर घायल

■ मोटरसाइकिल से मथुरा जा रहे थे दोनों

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** शाही थाना क्षेत्र में इमाम के साथ अंतिम संस्कार में शामिल होने घर जा रहे किशोर की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। हादसे में इमाम गंभीर घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना शुक्रवार तड़के करीब साढ़े चार बजे शेरगढ़ मार्ग पर शाही कस्बा के मुख्य चौराहे पर हुई।



मथुरा की तहसील छाता क्षेत्र के गांव विशंभरा के रहने वाले मुकीम अहमद शेरगढ़ थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत घाटगांव के मजरा नूर मोहम्मद गौटिया स्थित मस्जिद में इमाम हैं। उनके साथ गांव विशंभरा का 14 साल का हाफिज रियाज भी इमाम के कार्य में सहयोग करने के लिए रहता था। वह कक्षा सात का छात्र था।

इमाम मुकीम अहमद के परिवार में किसी का इंतकाल होने पर हाफिज रियाज और मुकीम अहमद बाइक से मथुरा जा रहे थे। शाही कस्बा के मुख्य चौराहे पर पहुंचने से करीब तीन सौ मीटर पहले सामने से आ रही तेज रफ्तार कार से बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए।

टक्कर की आवाज से सड़क किनारे स्थित घरों से लोग निकल. कर मौके पर आ गए। बाइक पर पीछे बैठे हाफिज रियाज के सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर कुछ ही देर में पहुंची पुलिस ने घायल इमाम मुकीम अहमद को एंबुलेंस से बरेली अस्पताल भिजवाया। रियाज पांच भाई व तीन बहनों में सबसे छोटा था। पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना दे दी है।

## तीन घंटे में ही हाफिज ने सुनाया था कुरान

इस साल बीस जनवरी को रमजान महीने में हाफिज रियाज ने नूर मोहम्मद गौटिया की मस्जिद में ग्रामीणों के समक्ष याद करके पूरा कुरान शरीफ तीन घंटे में ही सुना दिया था। इस खुशी में ग्रामीणों ने चंदा करके हाफिज रियाज को बाइक उपहार में दी थी। इसी बाइक से शुक्रवार की सुबह सड़क दुर्घटना में हाफिज रियाज की मौत हो गई।

# दिल की प्रेम और पवित्र भावनाओं का प्रतीक है रक्षाबंधन का त्यौहार

■ आज श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाएगा रक्षाबंधन का त्यौहार

शाह टाइम्स संवाददाता
( नरेश मिश्रा )

**देवरनियां।** दिल के प्रेम भरी पवित्र भावनाओं का नाम रक्षाबंधन का त्यौहार है। विद्वान जनों के अनुसार रक्षाबंधन के त्यौहार के जो प्रारंभ होने के विषय में बताया गया है, उसके पीछे दो कहानी हैं। कहते हैं जैसे महाभारत युद्ध से पहले श्री कृष्ण ने शिशुपाल का सुदर्शन चक्र से वध किया था, तभी उनकी उंगली से रक्त बहने लगा। वहां मौजूद पांडवों की पत्नी द्रोपदी ने अपनी साड़ी का टुकड़ा फाड़कर उनकी उंगली में बाँधा, उसी से प्रसन्न होकर श्री कृष्ण ने द्रौपदी को आने वाले किसी संकट में रक्षा करने का वचन दिया था। जबकि दूसरी कथा के अनुसार भगवान विष्णु राजा बलि की भक्ति और दान भाव से प्रसन्न होकर उन्हें राजा बना देते हैं, और वरदान मांगने को कहते हैं। इसपर राजा बलि ने भगवान विष्णु से दिन-रात अपने सामने रहने का वचन मांग लिया, भगवान जब काफी समय तक विष्णु लोक नहीं लौटे तो माता लक्ष्मी जी चिन्तित हो गईं, उन्होंने देवर्षि नारद जी से सहायता मांगी। महामुनि नारद जी के बताए उपाय के अनुसार लक्ष्मी जी ने पाताल लोक में जाकर राजा बलि को रक्षा सूत्र बांधकर भाई बना लिया, और अपने पति श्री विष्णु को उनसे मुक्त कराया। कथाएं जो भी हों, मगर इसका संदेश एक ही है कि भावनाओं में बहुत शक्ति होती है, राखी पवित्र भावनाओं से जुड़ी ही एक शक्ति का नाम है, जो एहसास कराती है कि कितनी भी विकराल स्थिति हो, फिर भी भाई को बहन का सम्मान व रक्षा करनी चाहिए। रक्षाबंधन का त्यौहार भाई बहनों के बीच अटूट प्यार को दर्शाने के लिए मनाया जाता है। यह त्यौहार प्रतिवर्ष सावन मास की पूर्णिमा तिथि को पड़ता है। इस बार यह त्यौहार आज शनिवार 9 अगस्त को पड़ रहा है, इस दिन बहनें पूजा अर्चना करके भाईयों की कलाइयों पर राखी बांधती हैं, और उनकी दीर्घायु स्वस्थ्य जीवन में सफल होने की कामना करती हैं। वहीं भाई अपनी बहनों की रक्षा करने और जीवन भर उनका मान सम्मान करने और विपरीत स्थिति में उनकी मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहने का वचन देते हैं।



# उद्घाटन को पहुंचे क्षेत्रीय विधायक को झेलना पड़ा जनता का विरोध

## विधायक से भिड़े चेयरमैन, पुलिस को संभालना पड़ा मोर्चा



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** नगर पंचायत देवरनियां में मुंडिया जागीर बाजार से नहर तक होने वाले देवरनियां-मुंडिया जागीर रोड के उद्घाटन को पहुंचे क्षेत्रीय विधायक को नगर पंचायत चेयरमैन और उनके सर्मथकों के विरोध का सामना करना पड़ा। तनातनी भरे माहौल में पुलिस और गणमान्य लोगों ने मामले को शांत किया।

विधायक को बिना उदघाटन किए ही लौटना पड़ा, जबकि विधायक का कहना है कि उनकी पैरवी पर होने वाले रोड निर्माण का वह केबल निरीक्षण करने गए थे।

देवरनियां से मुंडिया जागीर का रोड एक अरसे से खस्ता हाल है। इसका कुछ हिस्से का निर्माण नहर की पुलिया से टंकी तक नगर पंचायत करा चुकी है। अब मुंडिया जागीर बाजार चौराहे से नहर की पुलिया तक 480 मीटर सीसी रोड का निर्माण शुरू होने जा रहा है। शुक्रवार को भोजीपुरा विधानसभा से क्षेत्रीय सपा विधायक शहजिल इस्लाम इसका उदघाटन करने पहुंचे थे, यह खबर नगर पंचायत चेयरमैन मोहम्मद कलीमध अंसारी को लगी तो अपने सर्मथकों के साथ मुंडिया जागीर बाजार चौराहे पर जमा हो गए।

■ विरोध के चलते बिना उदघाटन के लौटे विधायक

चेयरमैन मोहम्मद कलीम अंसारी ने उनके द्वारा की गई मांग पर क्षेत्रीय सांसद के सहयोग से रोड निर्माण होने की बात कहते हुए विधायक के उदघाटन करने का विरोध किया। इस दौरान चेयरमैन मोहम्मद कलीम अंसारी और विधायक में जमकर तकरार हुई, विधायक के साथ खड़े पूर्व चेयरमैन कैसर अंसारी के सर्मथकों से भी तकरार होने लगी तो पहले से मौजूद कोतवाली देवरनियां पुलिस और कुछ गणमान्य लोगों ने मामला शांत कर विवाद होने से बचाया।

बाद में एक स्थान पर कुछ गणमान्य लोगों की मौजूदगी में चेयरमैन को मनाने की भरपूर को. शिश हुई, मगर चेयरमैन अपनी जिद पर अड़े रहे, कि मेहनत हमारी, और श्रेय और ले। इस दौरान चेयरमैन और पूर्व चेयरमैन के तमाम सर्मथक जमा रहे। विधायक ने भी मौके की नजाकत को भांपते हुए बिना उदघाटन जाना बेहतर समझा।

### पुलिस नहीं होती तो हो जाता बड़ा विवाद

चेयरमैन मोहम्मद कलीम अंसारी और चेयरमैन प्रतिनिधि मोहम्मद अजीम उर्फ टीटू ने विवाद की आशंका को देखते हुए पुलिस को बुला लिया था। कोतवाली देवरनियां से पुलिस बल मौके पर जमा रहा, और तकरार बढ़ने पर मामला शांत कराया।

### विधायक बोले रोड शासन से हमने पास कराया, निरीक्षण को गए थे हम

इधर विधायक शहजिल इस्लाम ने कहा है कि रोड पीडब्लूडी द्वारा कराया जाना है, उनके जेई के कहने पर वह केबल निरीक्षण करने गए थे। रोड निर्माण के लिए हमने शासन से पैरवी की। इस दौरान पूर्व चेयरमैन कैसर अंसारी, सपा महिला सभा की भोजीपुरा विधानसभा अध्यक्ष शब्बो खान, सपा यूथ बिग्रेड के राष्ट्रीय सचिव मोहसिन उद्धीन, सपा विधानसभा अध्यक्ष शकील अहमद आदि प्रमुख मौजूद रहे।

रोड निर्माण पीडब्लूडी द्वारा कराया जा रहा है। इस रोड को पास कराने में सांसद और विधायक के पत्र लगे हैं, विधायक का आज रोड भ्रमण का प्रोग्राम था।

**मुजाहिद अख्तर, जेई पीडब्ल्यूडी**

लोगों की मांग पर हमने प्रमुख सचिव से मिलकर इस रोड को स्वीकृत कराया है। इसका निर्माण पीडब्लूडी द्वारा कराया जाएगा। आज से इसके निर्माण का शुभारंभ होना था, पीडब्लूडी के जेई और ठेकेदार के कहने पर हम केवल निरीक्षण करने गए थे, उदघाटन की बात गलत है। उदघाटन तो तब होता जब पत्थर लगता। वर्तमान और पूर्व चेयरमैन की आपसी टशन चल रही है, उसी पर लोग जमा थे।

**शहजिल इस्लाम, विधायक भोजीपुरा**

रोड निर्माण के लिए हमने मेहनत की, क्षेत्रीय सांसद और झारखंड के राज्यपाल सन्तोष गंगवार के सहयोग से रोड निर्माण हो रहा है। विधायक इसका आज उदघाटन करने पहुंचे थे, जिसका हमने शांति पूर्ण तरह से विरोध किया, और हमारी जीत हुई।

**मोहम्मद कलीम अंसारी, चेयरमैन देवरनियां**

## एक नजर

# गर्भवती महिला के साथ मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** बंद नाली को सफाई कर खोलने गई एक गर्भवती महिला को दबंगों ने पीट दिया, जिससे वह घायल हो गई। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

महिला हिना पत्नी जीशान ने आरोप लगाया है कि 5 अगस्त 2025 को बारिश के कारण घर के बाहर की नाली बंद हो गई थी, जिसे उन्होंने साफ किया और कूड़ा रोड पर साइड से कर दिया। इसी दौरान तौफीक पुत्र सब्बीर निवासी ग्राम बहादुरगंज ने गाली गलौज करते हुए आकर लात-घूसों से उसकी बुरी तरह पिटाई कर दी। हिना गर्भवती है, और उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई। इस घटना में हिना को काफी चोटें आई हैं, और उसके कपड़े भी फाड़ दिए गए।

हिना का कहना है कि उसने नाली का कूड़ा हटाकर रोड पर साइड से कर दिया था, जिससे तौफीक भड़क गया और उसने उसके साथ मारपीट की।

हिना गर्भवती है, और उसे गंभीर चोटें आई हैं। तौफीक ने हिना को जान से मारने की धमकी भी दी है।

हिना की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। अब आगे की जांच और कार्रवाई की जा रही है।

हिना ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है, और दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, और जल्द ही आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने का दावा किया जा रहा है।

# दबंगों ने महिला के साथ की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** शराब पीकर कुछ लोगों ने एक महिला के साथ मारपीट की, और उसे जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने महिला की तरफ से रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

महिला सुनीता देवी पत्नी परसोत्तम सिंह गैंजरपुर गौंटिया की रहने वाली है। उसके अनुसार 7 अगस्त 2025 को शाम 6 बजे उनके घर के सामने झाझन सिंह और बब्लू शराब पीकर गाली-गलौज कर रहे थे। जब सुनीता देवी ने इसका विरोध किया, तो दोनों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर उनके पति परसोत्तम सिंह आए, तो उन्हें भी जान से मारने की धमकी देकर आरोपी भाग गए।

सुनीता देवी की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। अब पुलिस आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कह रही है। सुनीता देवी ने बताया कि वह अपने घर में थी, जब झाझन सिंह और बब्लू ने गाली-गलौज शुरू कर दी। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो उनके साथ मारपीट की गई। उनके पति परसोत्तम सिंह ने भी आरोपियों का विरोध किया, लेकिन वे उन्हें धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है, और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# दहेज लोभियों ने गर्भवती महिला को मारपीट कर घर से निकाला

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** एक महिला ने अपने पति और ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि ससुराल वालों ने उसे मारपीट कर निकाल दिया।

पीड़िता सरिता पुत्री शिव कुमार सिंह ने बताया कि उसकी शादी 2 मार्च 2025 को रजत मौर्य के साथ हुई थी, और उसके माता-पिता ने अपनी हैसियत से अधिक दान-दहेज दिया था। इसके बावजूद उसके पति रजत मौर्य, सास नेहा मौर्य और ससुर चंद्र मोहन दहेज से खुश नहीं हैं, और उसे दहेज के लिए मारपीट करते हैं।

ससुराल वालों ने सरिता को गर्भावस्था में घर से निकाल दिया गया। जिससे उसका गर्भपात हो गया। उसके बाद से ससुराल वाले उसकी कोई खबर नहीं ले रहे हैं, और उसे अपने घर में रखना नहीं चाहते। सरिता को दहेज की खातिर बुरी तरह से मारपीट की जाती है, और उसे भूखा-प्यासा रखा जाता है।

सरिता की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। अब पुलिस आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कह रही है।

# पर्यावरण बचाओ के उद्देश्य से लगाए पेड़



शाह टाइम्स संवाददाता

**सेंथल।** पर्यावरण बचाओ के उद्देश्य से आज यहां निकट के कब्रिस्तान में समाज सेवियों ने पौधा रोपण किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य मुन्ने अंसारी और समाजसेवी ताहिर अली जैदी ने कहा कि पेड़ देश का हरा सोना है, लोगों को चाहिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाकर पर्यावरण की रक्षा करें। बोले हर देशवासी को अपना कर्तव्य समझते हुए एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए। इशाक अहमद बाबू अंसारी आदि ने भी वृक्ष लगाए।

# रक्षाबंधन पर आयोजित की गई राखी प्रतियोगिताएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** रक्षाबंधन पर्व पर शुक्रवार को नगर के स्कूलों में राखी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।



कस्बे के लालता प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित रक्षा बंधन कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रसायन विज्ञान के प्रवक्ता शिवम रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य कुमार सौरभ अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद दिया। विद्यालय में आयोजित राखी प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में खुशबू ने प्रथम, राहुल ने द्वितीय, अनुष्का ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में अभिलाषा ने प्रथम, जीविका ने द्वितीय और नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान छात्राओं ने छात्रों की कलाईयों पर राखी बांधी। इसमें आचार्या सीमा, शकुंतला, सत्यप्रकाश, अरविन्द सक्सेना आदि मौजूद रहे।

इसके साथ ही नगर के एसएसटी इण्टर कॉलेज में आयोजित राखी प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में सोनी सीनियर वर्ग में अतिथि अंशिका ने प्रथम प्राप्त किया। इस दौरान छात्राओं ने अपने शिक्षकों के हाथों पर राखी बांधी। विद्यालय के प्रबंधक टी आर गंगवार विजई ने छात्राओं को सम्मानित किया। इसमें प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र कुमार गंगवार, फूला जी, हेमलता, अंशु, सी एल जी आदि मौजूद रहे।

# बरेली में महिला सुरक्षा को लेकर नई पहल

■ मैदान में उतरी बरेली पुलिस की वीरांगना यूनिट, अपराध पर प्रहार करेंगी लेडी कमांडों

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** जिले में महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण की दिशा में पुलिस ने नई पहल करते हुए महिला एसओजी (स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप) कमांडो यूनिट का गठन किया है, जिसे वीरांगना यूनिट का नाम दिया गया है। बुधवार को बरेली दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीरांगना यूनिट का शुभारंभ किया। इसके बाद यह यूनिट जिले में सक्रिय हो गई है। एसपी साउथ अंशिका वर्मा के निर्देशन में वीरांगना यूनिट अपने काम को अंजाम देगी। उन्हीं के निर्देशन में वीरांगना यूनिट की महिला कमांडोज को प्रशिक्षित किया गया है।



एसपी साउथ अंशिका वर्मा ने बताया कि एसएसपी के निर्देशन में महिला एसओजी वीरांगना यूनिट का गठन किया गया है। इसमें आठ महिला सिपाहियों को शामिल किया गया है। इन्हें विशेष रूप से वेपन्स हैंडलिंग, मार्शल आर्ट, सेल्फ डिफेंस, क्राइम एनालिसिस व सर्विलांस का प्रशिक्षण दिया गया है।

आईपीएस अंशिका वर्मा ने बताया कि महिला एसओजी यूनिट जनपद में महिला सशक्तिकरण की दिशा में महिलाओं की सुरक्षा, संवे. दनशील क्षेत्रों में पेट्रोलिंग व विशेष अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाएगी। समय-समय पर जो विशेष अभियान चलाए जाते हैं, उनमें इनकी अहम भूमिका होगी।

अंशिका वर्मा ने बताया कि वीरांगना यूनिट का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास एवं सुरक्षा की भावना का संचार करना, कानून व्यवस्था बनाए रखने में महिला कर्मियों की सक्रिय भागीदारी, सशक्तिकरण के साथ-साथ प्रेरणा का माध्यम बनाना है। आगे चलकर इस टीम को और सशक्त बनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पुलिस का यह प्रयास न केवल महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक मील का पत्थर है, बल्कि समाज को यह संदेश भी देता है कि महिलाएं आज हर चुनौती का सामना करने में सक्षम हैं।

श्वीरांगना यूनिटश जनपद की बेटियों के लिए एक प्रेरणा बनेगी और यह साबित करेगी कि यदि अवसर मिले तो महिलाएं हर मोर्चे पर सफलता प्राप्त कर सकती हैं। आने वाले समय में इस यूनिट की भूमिका कानून-व्यवस्था की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगी।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्री को बस से खींचने वाले दबंग के खिलाफ रिपोर्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** बुधवार को बरेली में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होकर बस से वापस घर लौट रही एक आंगनबाड़ी कार्यकत्री की बस के आगे दबंग ने अपनी हूटर लगी कार को आगे लगाकर उसे रोक लिया। बस के रुकते ही वह बस में चढ़ गया, और उसमें सवार एक आंगनबाड़ी कार्यकत्री को बस से खींचकर ले जाने लगा। लोगों के विरोध करने पर वह गाली गलौज करता हुए चला गया। बस के कुछ दूर आगे बढ़ने पर उसने फिर बस के आगे अपनी कार लगाकर बस को रोक आंगनबाड़ी कार्यकत्री को खींचने का प्रयास किया। प्रधानपति की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ थाना नवाबगंज में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के ठिरिया सैदपुर गांव की ग्राम प्रधान रमादेवी का पति गया प्रसाद बुधवार को डीएम के निर्देश पर बरेली में आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ग्राम ठिरिया सैदपुर, धीमर गुलड़िया, रघुनाथपुर, चेना आदि गांवों की आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा, केयर टेकर, पंचायत सहायक समेत अन्य महिलाओं को बस से लेकर गए थे। शाम को प्रधान पति गया प्रसाद उन सभी को साथ लेकर बस से वापस लौट रहे थे, जैसे ही बस नवाबगंज के बाईपास मार्ग पर पिंक बूथ पर पहुंची, उसी बीच बाला जी पुरम मोहल्ले का निवासी दबंग आशीष कुमार ने अपनी हूटर लगी कार बस के आगे लगा दी, बस के रुकते ही दबंग बस में चढ़ गया, और एक आंगनबाड़ी कार्यकत्री को खींचकर ले जाने लगा। बस में मौजूद ग्राम प्रधान पति व अन्य लोगों ने इसका विरोध किया तो वह उन्हें धमकाते हुए चला गया। लेकिन बस नगर के पनघैली नदी के नए पुल पर पहुंचने पर उसने बस के आगे कार लगाकर फिर आंगनबाड़ी कार्यकत्री को खींचने की कोशिश की, लेकिन लोगों के विरोध के कारण वह कामयाब नहीं हो सका। इसी बीच किसी ने दबंग की इस हरकत की वीडियो बना ली। जो कि अब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। वहीं इससे नाराज दबंग ने ग्राम प्रधान पति को फोन कर उससे गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी है। इस मामले में प्रधानपति की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ थाना नवाबगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस दबंग की तलाश में जुटी है।

# समिति के चुने गए पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** बेसिक शिक्षक वेतन भोगी सहकारी ऋण समिति के चुने गए अध्यक्ष तरुण कुमार उपाध्याय माया देवी के साथ ही संचालकों का शुक्रवार को वीआरसी केन्द्र पर प्राथमिक शिक्षकों ने फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया।

प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रेमबाबू गंगवार द्वारा वीआरसी केन्द्र पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम में इसमें संगठन के अध्यक्ष प्रेमबाबू गंगवार, मंत्री योगेश गंगवार, योगा शिक्षिका अनीता गंगवार, भगवान दास, श्रीकृष्ण चक्रवर्ती, ओमेंद्र पाल सिंह, शमशुल हसन, प्रदीप कुमार वर्मा, हरीश कुमार, अफजाल मो० अंसारी, रानी देवी, सौरभ कटियार, अतीक अहमद, दिग्विजय कुमार आदि शामिल रहे।



शाह टाइम्स आपके साथ....

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# सीबीएसई नेशनल क्रिकेट प्रतियोगिता में मनसीरत कौर व तनिष्का करेंगी प्रतिभाग



**पीलीभीत।** बेनहर गुरुकुल, टनकपुर रोड शाखा में बच्चों की खेलकूद प्रतिभा को निखारने का भरसक प्रयत्न किया जाता है।

विद्यालय के खेल शिक्षक रमनदीप सिंह के दिशा निर्देशन में क्रिकेट टीम की छात्राएं मनसीरत कौर (अंडर–19) व तनिष्का राणा (अंडर–17) का सीबीएसई नार्थ जोन–1 में चयन हुआ जोकि 4 अगस्त को सीबीएसई नॉर्थ जोन–1 क्रिकेट प्रतियोगिता खेलने के लिए 'नोएडा' रवाना हुई थी। यह टीम सीबीएसई नेशनल्स में प्रतिभाग करेगी जोकि भोपाल (मध्य प्रदेश) में सितम्बर माह में आयोजित होगा। सीबीएसई नेशनल प्रतियोगिता में भारत के 9 ज़ोन्स तथा विदेशों के 6 ज़ोन्स (गल्फ कंट्रीज, बहरीन, नीदरलैंड, जापान तथा अफ्रीका) प्रतिभाग करेंगे। इस प्रतियोगिता में चुने गए खिलाड़ी सीबीएसई टीम का नेतृत्व करेंगे जोकि स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया कम्पटीशन में प्रतिभाग करेंगे। इसके अतिरिक्त नवरूप कौर, गुनीत कौर, नवरीत कौर, समरीन कौर, सनोवर प्रीत कौर और जपजी ने रजत पदक प्राप्त करके विद्यालय के गौरव को बढ़ाया। विद्यालय की संस्थापिका रंजीत सैहमी ने सभी विजेता छात्राओं की कड़ी मेहनत और लगन की प्रशंसा की तथा सीबीएसई नेशनल जीतने की कामना की। विद्यालय के प्रबंधक गुरदित्त सिंह सैहमी ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बेनहर गुरुकुल एक ऐसा मंच है, जहां से अनेक प्रतिभावान छात्र–छात्राओं का भाग्य उदय होता है, क्योंकि यहां पुस्तकीय ज्ञान के अति. रिक्त बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उसे दिशा निर्देशित किया जाता है।

# मानसिक रूप से अस्वस्थ युवक को चोर समझ कर खंभे से बांधकर पीटा, थानाध्यक्ष निलंबित



**पीलीभीत।** गजरौला थानाक्षेत्र के बिठौरा कला गांव में उस समय इंसानियत कराह उठी, जब एक मानसिक रूप से कमजोर युवक को ग्रामीणों ने चोर समझकर खंभे से बांध बेरहमी से पीट डाला। युवक लगातार अपनी बेगुनाही की दुहाई देता रहा, मगर भीड़ के हाथ न कानून रुका और न करुणा। इस दर्दनाक घटना पर जब पुलिस की भूमिका सवालों के घेरे में आई, तब एसपी अभिषेक कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गजरौला थाने के प्रभारी निरीक्षक जगदीप मालिक को लापरवाही के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। यह न केवल एक प्रशासनिक निर्णय था, बल्कि समाज को यह चेतावनी भी कि भीड़ तंत्र के आगे कानून को कमजोर करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। गुरुवार को पीलीभीत के गजरौला थाना क्षेत्र में एक ऐसी घटना सामने आई जिसने मानवता को शर्मसार कर दिया। गांव में घूमते हुए एक मानसिक रूप से अस्वस्थ युवक को महज शक के आधार पर चोर मान लिया गया। न कोई सबूत, न कोई पुष्टि सिर्फ शक, और उसी शक ने एक निर्दोष की रूह कंपा देने वाली पिटाई में बदल दिया। गांव के कुछ लोगों ने पहले युवक को चारों ओर से घेर लिया। वह बार–बार कहता रहा कि वह चोर नहीं है, लेकिन किसी ने एक न सुनी। भीड़ ने उसे पकड़ कर खंभे से बांध दिया और लाठी–डंडों से तब तक पीटा, जब तक वह लहूलुहान होकर बेहोश नहीं हो गया।

### एसपी की सख्त कार्रवाई, थानाध्यक्ष पर गिरी गाज

जैसे ही मामले की जानक. ारी पीलीभीत के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिषेक यादव को मिली, उन्होंने इसे बेहद गंभीरता से लेते हुए तत्काल एक्शन लिया। एसपी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि, "मानसिक रूप से कमजोर और निर्दोष युवक के साथ जिस तरह की बर्बरता हुई, वैसी क्रूरता किसी सभ्य समाज में बर्दाश्त नहीं की जा सकती। ऐसे मामलों में तत्काल गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए थी, लेकिन थाना पुलिस की लापरवाही स्पष्ट रूप से उजागर हो गई।

# टूटकर लटका टीन शेड बड़ी घटना–दुर्घटना को दे रहा दावत



शाह टाइम्स संवाददाता

**पूरनपुर।** शेरपुर कलां की बाजार में मंडी समिति के द्वारा वर्ष 1991 में तत्कालीन ग्राम प्रधान स्वर्गीय दिलदार अहमद खां के समय में टीन शेड डालकर मंडी का निर्माण कराया गया था जो आज जर्जर हालत में है तथा कुछ सीमेंट की चादरें लटककर नीचे आ गई हैं और कुछ चादरें पूरी तरह से चटकी हुई हैं वह भी कभी भी नीचे गिर सकती हैं और इन टूटे टिन शेड की वजह से कभी भी कोई बड़ी घटना–दुर्घटना हो सकती है। इन टीन शेड के टूटने से स्थानीय दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा व्यापार में बाधा खड़ी हो रही है। इस बारिश के मौसम में टीन शेड के टूटे होने से दुकानदारों को अपनी उपज साग–सब्जी व अन्य सामान को खुले में रखना पड़ रहा है, टूटे टीन शेड से बारिश का पानी लगातार सामान को खराब कर रहा है जिससे दुकानदारों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। दुकानदारों ने मंडी समिति से टीन शेड की मरम्मत या नए शेड बनवाने के लिए कई बार मांग की है लेकिन लगातार शिकायतों के बाद भी किसी अधिकारी कर्मचारी को इससे कोई सरोकार नहीं है दुकानदारों का कहना है कि जिलाधिकारी महोदय इस ओर ध्यान देकर हम लोगों की मदद करें ताकि हम लोग अपना व्यापार सुचारू रूप से चला सकें।

# अमेरिकी निर्यात वस्तुओं का व्यापार मंडल ने किया विरोध, होगा बहिष्कार

शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर जबरदस्त टैरिफ (आयात शुल्क) लगाए जाने के विरोध में उद्योग व्यापार प्रीतिनिधि मंडल पीलीभीत के ज़िला अध्यक्ष एमए जिलानी के निर्देश पर नगर अध्यक्ष रणवीर पाठक के नेतृत्व में नगर के पदा. धिकारियों ने अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला दहन कर इसका विरोध किया ज़िला अध्यक्ष एमए जिलानी ने कहा इससे भारतीय अर्थव्यवस्था पर कई तरह के नकारात्मक प्रभाव पड़ सकते हैं। इन टैरिफ से भारत के निर्यात पर सीधा असर होगा, जिससे कई उद्योगों को नुकसान उठाना पड़ सकता है और देश की आर्थिक विकास दर भी प्रभावित हो सकती है। ज़िला महामंत्री पंकज अग्रवाल ने कहा अमरीका द्वारा टैरिफ लगाये जाने से भारतीय निर्यात पर सीधा प्रभाव पड़ेगा अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। वहाँ भारतीय वस्तुओं पर भारी टैरिफ लगने से ये वस्तुएँ अमेरिका के बाजार में महंगी हो जाएंगी। इससे अमेरिकी उपभोक्ता कम टैरिफ वाले या बिना टैरिफ वाले दूसरे देशों के उत्पादों को खरीदना पसंद करेंगे, जिससे भारतीय वस्तुओं की माँग में भारी कमी आएगी। विरोध प्रदर्शन के दौरान ज़िला अध्यक्ष एमए जिलानी के अलावा महामंत्री पंकज अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, प्रकाश वीर, शैली शर्मा, अज़ीज़ मंसूरी, विक्रांत शर्मा, वीरेंद्र रातोगी, सुनील वर्मा, ललित अग्नानी, साहिल अग्नानी, करण भल्ला, राहिद अंसारी, आशीष लोधी, मोहम्मद रज़ी, ऋषि सहित दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे।

# रक्षाबंधन: बसों में मिलेगी महिलाओं को नि:शुल्क सेवा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** जिले में रक्षाबंधन पर महिलाओं के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन की ओर से नि:शुल्क बस सेवा शुरू की गई है। जिसमें महिलाओं के साथ उनके सहयोगी को भी नि:शुल्क एक स्थान से दूसरे स्थान पर छोड़ा जा रहा है।

खुर्जा डिपो से करीब 100 से अधिक बसों का संच. ालन विभिन्न रूटों पर हो रहा है। वहीं बसों में सीट नहीं मिलने पर लोग खड़े होकर सफर करते दिखाई दिए। शासन के निर्देश पर उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की ओर से रक्षाबंधन को शुक्रवार सुबह से रविवार की रात तक बहनों के लिए नि:शुल्क सफ़र करने की घोषणा की गई थी। जिसके चलते शुक्रवार की सुबह से ही रोडवेज बस अड्डे पर राखी बांधने जाने वाली महिलाओं की भीड़ एकत्र हो गई। धीरे–धीरे बसों में बहनों ने बैठना शुरू कर दिया। उनके साथ उनके सहयोगी भी बसों में सवार हो गए। बहनों और उनके सहयोगी के लिए बस में नि:शुल्क बस सेवा उपलब्ध कराई गई। कुछ ही देर में बसों में भीड़ बढ़ने लगी। जिसके चलते सीट नहीं मिलने पर लोग बसों में खड़े होगर सफर करते दिखाई दिए। खुर्जा डिपो से मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, बिजनौर, दिल्ली, कानपुर, एटा, इटावा, मैनपुरी और कौशांबी की ओर करीब 100 बसों का संचालन हो रहा है। खुर्जा डिपो एआरएम राजेंद्र सिंह ने बताया कि महिलाओं के लिए नि:शुल्क बसों का संच. ालन शुक्रवार की सुबह छह बजे से शुरू करा दिया गया। अब रविवार की रात तक बसों में महिलाओं के लिए नि:शुल्क बस सेवा रहेगी।

# रक्षाबंधन व जन्माष्टमी को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने की छापामार कार्रवाई



**eFkjkA** जिलाधिकारी के आदेश पर रक्षाबंधन एवं जन्माष्टमी पर्व के दृष्टिगत सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय धीरेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्ञानपाल सिंह के नेतृत्व में खाद्य सचल दल द्वारा जनपद में अभियान चलाकर कुल 16 खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किये गये। तहसीलों के खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमों ने कसाई पाड़ा पाण्डे वाली गली गोवर्धन से खोआ व घेवर, नौहझील से घेवर व बर्फी, कोस. ीकलां से घेवर व बर्फी, बल्देव क्षेत्र से घेवर, राया से सोनपपड़ी व घेवर, दाऊजी की बगीची वृन्दावन से मलाई लड्डू, रूकमणी बिहार वृन्दावन से तैयार सब्जी, डीग अड्डा गोवर्धन स्थित डेयरी से खोआ, मंडी चौराहा मथुरा से सरसों का तेल, मसानी लिंक रोड मथुरा से मोतीकंद और नमकीन, यमुना विहार लक्ष्मी नगर से कुल्फी के नमूने संग्रहित किये गये। वृन्दावन में बांके बिहारी मंदिर के सामने स्थित मिठाई की दुकान में अस्वच्छकर दशा में बिक्री हेतु भंडारित लगभग 10 किग्रा दूषित पेडे़ नष्ट कराये गये। सचल दल का खाद्य सुरक्षा अधिकारी भरत सिंह, मोहर सिंह कुशवाह, अरूण कुमार, दलवीर सिंह, राम नरेश, धर्मेन्द्र सिंह, जितेन्द्र सिंह एवं रीना शर्मा ने अपने अपने क्षेत्रों में अभियान चलाया। सहायक आयुक्त ने बताया कि संग्रहित किये गये उपरोक्त नमूने विश्लेषण हेतु राजकीय खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किये जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि गत 28 जुलाई से चलाये जा रहे विशेष अभियान में अभी तक कुल 71 खाद्य एवं पेय पदार्थों के नमूने संग्रहित किये जा चुके हैं। खाद्य एवं पेय पदार्थों विशेषकर–खोआ, पनीर, दुग्ध उत्पाद से निर्मित खाद्य पदार्थ, खाद्य तेल, घी एवं वनस्पति आदि के नमूने लिए।

# घर में घुस दंपति और पुत्री को पीटा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** नगर क्षेत्र के गांव ततारपुर में पड़ौसी लड़की को गाली देने से मना करने पर घर में घुसकर एक महिला, उसके पति और पुत्री को बुरी तरह पीटा गया। पीड़ितों को जान से मारने की धमकी दी गई है। लोगों के एकत्र होने पर आरोपी फरार हो गए। नगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। नगर कोतवाली में गांव ततारपुर निवासी पीड़िता गुलिस्ता पत्नी इस्लाम ने तहरीर देकर बताया कि 21 जुलाई की शाम को उसकी पुत्री घर के बाहर खेल रही थी।

उसी दौरान पड़ौस में रहने वाली लड़की उसको गाली देने लगी। उसके द्वारा गाली देने से मना किया गया। आरोप है कि इससे नाराज होकर पड़ौसी लड़की और उसके परिजनों ने पीड़िता के साथ गाली–गलौच एवं मारपीट की। पीड़िता और उसकी पुत्री को घर में घुसकर मारापीटा गया। उसके पति के साथ भी मारपीट की गई। लोगों के एकत्र होने पर आरा. ेपी धमकी देते हुए फरार हो गए। नगर पुलिस ने आरोपी सना, अनम, जमील, सलाद्दीन, रिहान आदि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामले में जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# खेत में मिला युवक का शव

शाह टाइम्स संवाददाता

**जहाँगीराबाद।** कोतवाली क्षेत्र के गांव चांदौक में एक युवक का शव लहूलुहान अवस्था में खेतों में पड़ा मिला है। युवक के सिर में गोली मारकर मौत के घाट उतारा गया है। शव मिलने की सूचना ग्रामीणों ने कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की शिनाख्त 21 वर्षीय दुष्यंत चौधरी निवासी शेखूपुर रौरा के रूप में हुई है। गुरुवार की देर शाम को चाँदौक गांव में मृत अवस्था में मिले दुष्यंत के माता पिता की पहले ही मृत्यु हो चुकी है और वह अपने ताऊ बलराज सिंह के पास ही रह रहा था। बताया कि दुष्यंत को नशा करने की आदत थी। गुरुवार की सुबह से दुष्यंत घर से निकला था। जिसकी मौत की सूचना परिजनों को मिली। उसका शव खेत मे पड़े होने की वीडियो वायरल होने के बाद गांव के ही कुछ लोगों ने कपड़ो और उसके हाथ के कड़े से पहचान की। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि दुष्यंत के पिता के माता पिता की हत्या भी काफी वर्ष पूर्व गोली मारकर की हुई थी। पुलिस फिलहाल मामले की जांच में जुट गई ह। कोतवाली प्रभारी रामफल सिंह नेता बताया की पुलिस मामले की जाँच में जुटी है जल्द ही घटना के खुलसा कर दिया जायेगा। समाचार लिखें जाने तक घटना की कोई तहरीर पुलिस को नहीं मिली है। जिसके चलते घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है।

# माइक में करंट आने से मौलवी की मौत



**dklhdykA** गांव नगला मेव में एक दुखद घटना सामने आई है। गांव नगला मेव में मघस्जिद में ऐलान के दौरान माइक में करंट आने से एक मौलाना की मृत्यु हो गई। वहीं मौलाना के जनाजे में शामिल होने आ रहे साधथियों की बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे एक किशोर की मृत्यु हो गई। इससे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। गांव बिशंभरा निवासी सलीम 22 वर्ष नगला मेव में मघस्जिद में इमाम थे। बृहस्पतिवार की रात्रि में करीब 8 बजे ऐलान करने के लिए माइक उठा तो उसमें करंट आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सलीम को घायल देख वहां मौजूद लोग सकते में आ गए और उनसे शरीर से माइक हटाया। सलीम को उपचार के लिए चिकित्सक को दिखाया गया, जहां उन्हे मृत घोघषित कर दिया। सलीम को शुक्रवार को दफना दिया गया।

मौलाना की मृत्यु की खबर सुनते ही बरेली में रह रहे गांव बिशंभरा निवासी मुफ्ती मूकीम 22 वर्ष आने साथी रियाज 15 वर्ष के साथ जनाजे में शामिल होने बाइक से शुक्रवार की तड़के कोसीकलां आ रहे थे, तभी उनकी बाइक में बरेली शहर में किसी बस ने टक्कर मार दी, जिससे रियाज की मृत्यु हो गई। मूकीम गंभीर रूप से घायल हो गया। देर शाम तक ग्रामीण गांव में मूकीम के शव के आने का इंजतार करते रहे। अचानक हुई घटनाओं से पूरे क्षेत्र में शोक छा गया। मुस्लिम समुदाय, उलेमा, मदरसों के छात्र और मस्जिद कमेटी के लोग बड़ी संख्या में मस्जिद पहुंचे।

# संस्कृति हरियाली तीज महोत्सव के परिणाम घोषित, रीना रानी बनीं तीज क्वीन

**मथुरा।** संस्कृति विवि में हरियाली तीज महोत्सव के दौरान हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्कूल आफ फैशन डिजाइनिंग की डीन सुश्री शिल्पा डेनिस फिलिप्स को तीज क्वीन, स्कूल आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी की डा. रीना रानी को मिस बनी ठनी और स्कूल आफ एजूकेशन की डा. प्रियंका गौतम को मिस टैलेंट के खिताब से सम्मानित किया गया।

हरियाली तीज उत्सव के अंतर्गत हुई प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल संस्कृति विवि की सीईओ डा. श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, एसओआईटी की प्रो. गरिमा गोस्वामी और संस्कृति आयुर्वेदिक कालेज की सहा.प्रो डॉ. एकता कपूर ने एक कार्यक्रम के मध्य विजेताओं को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया। बताते चलें कि विवि में हरियाली तीज महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने और नारीत्व, परंपरा और त्योहार के आध्यात्मिक महत्व का जश्न मनाने के उद्देश्य से संस्कृति विवि के सांस्कृतिक और विरासत क्लब द्वारा आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला संकाय और कर्मचारियों को उत्सव की भावना में एक साथ आने, अपनी रचनात्मकता व्यक्त करने और एकता और अपनेपन की भावना को बढ़ावा देने के लिए एक जीवंत मंच प्रदान करना था। कार्यक्रम सुश्री शुभ्रा पांडे, सहायक प्रोफेसर, एसओईआईटी, संस्कृति विश्व. विद्यालय के गर्मजोशी भरे स्वागत भाषण के साथ शुरू हुआ। मुख्य अतिथि, संस्कृति विश्वविद्यालय की सीईओ डॉ. मीनाक्षी शर्मा थीं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न मनो. रंजक खेलों का आयोजन किया गया। संगीत की धुनों पर प्रतिभागियों ने जीवंत धुनों पर नृत्य किया और ऊर्जा और उत्साह के साथ त्योहार मनाया। देर तक महिला संकाय सदस्यों ने डीजे पर जमकर नृत्य किया। प्रत्येक महिला संकाय और स्टाफ सदस्य को स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। कार्यक्रम का समापन कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. रीना रानी द्वारा हार्दिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन शिवम भारद्वाज द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सुश्री शुभ्रा पांडे, डा. दुर्गेश वाधवा, डा. डीएस तोमर आदि की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही।



# हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग

शाह टाइम्स संवाददाता

**मथुरा।** संस्कृति मंत्रालय व पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जलशक्ति मंत्रालय की संयुक्त सहयोग से आज से 15 अगस्त तक सप्ताह व्यापी ''हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता: स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान प्रारंभ कर दिया। जिसके तहत आज जिले की विभिन्न क्षेत्र पंचायतों के द्वारा रैली निकाली गई। डीपीआरओ धनंजय जायसवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जल, स्वच्छता और स्वास्थ्य के संकल्प को सुदृढ़ करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित जल आपूर्ति, निरन्तर व बेहतर स्वच्छता सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त को स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम–जी) और जल जीवन मिशन (जेजेएम) के अंतर्गत सामुदायिक सफाई अभियान, स्वच्छता सम्बन्धित निर्मित परिसंपत्तियों की सफाई, स्वच्छ

# भारतीय संस्कृति, संस्कारों व राष्ट्र पर है गर्व: विनोद



**मथुरा।** काकोरी ट्रेन एक्शन के संबंध में लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतिभाग किया। उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में महापौर विनोद अग्रवाल के साथ जिले जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने देखा। कलेक्ट्रेट सभागार परिसर में काकोरी ट्रेन एक्शन के संबंध में लगाई गई प्रदर्शनी का महापौर विनोद कुमार एवं विधायक बल्देव पूरन प्रकाश ने फीता काटकर उद्घाटन किया। महापौर ने कहा कि 9 अगस्त का दिन देश की आजादी के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान करने वाले भारत मां के वीर सपूतों को नमन करने का दिन है। जिन शहीदों ने हमें आजादी दिलाई, उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए आज यह कार्यक्रम किया जा रहा है। भारतीय संस्कृति हमें राष्ट्र के प्रति प्रेम करना सिखाती है। भारतीय संस्कृति, भारतीय संस्कारों व भारतीय राष्ट्र पर गर्व है। भावी पीढ़ी को इससे सीख लेनी चाहिए। मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने कहा कि राष्ट्र प्रेम की भावना को बलवती करने के लिए हर घर तिरंगा अभियान भी 13 से 15 अगस्त तक चलाया जाएगा। मथुरा जनपद में कोई भी छत ऐसी ना रहे जिस पर तिरंगा न फहरा हो। सभी दुक. ानों, मकानों, आश्रमों, होटलों, रेस्टोरेंटों, प्रतिष्ठानों, पेट्रोल पंपों, थानों, चौकियों, कोतवा. लियों, सामाजिक संस्थाओं सहित सभी कार्यालयों में तिरंगा लगाया जाएगा। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पंकज कुमार वर्मा, परियोजन निदेशक अरुण कुमार उपाध्याय, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, डीसी मनरेगा विजय कुमार पाण्डेय, जिला सूचना अधिकारी प्रशांत कुमार सुचारी सहित कलेक्ट्रेट के विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा देखा गया।

# शेरगढ़ से मथुरा आते डीएम को मार्गों पर मिले गंदगी के ढेर, डीपीआरओ ने व्यक्त की नाराजगी

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह को विकास खण्ड छाता की ग्राम पंचायत शेरगढ़ की ओर से जनपद मुख्यालय आते हुए विभिन्न ग्राम पंचायतों में गंदगी व प्लास्टिक के कूडे़ का ढ़ेर मिलने पर नाराजगी व्यक्त की गयी।

उन्होंने डीपीआरओ को निर्देश दिए की ग्राम पंचायतों सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गांवों के मैन मार्गों पर कहीं भी कूड़े व प्लास्टिक के ढ़ेर आगे दिखाई नहीं देने चाहिए। आगे से लापरवाही मिली तो दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जायसवाल ने सभी एडीओ और ग्राम पंचायतों के सचिवों को लिखे पत्र में कहा है कि इससे स्पष्ट होता कि सफाई कर्मियों द्वारा ग्राम पंचायतों में कार्य नहीं किया जा रहा है। उनका पर्यवेक्षण संबंधित सचिव एवं सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) द्वारा नहीं किया जा रहा है।

उन्होंने जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों के सचिव एवं सभी ब्लाकों के समस्त सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को आदेश दिये कि 14 अगस्त तक स्वतन्त्रत दिवस के पूर्व तक ग्राम पंचायतों के मुख्य मार्गो की सफाई, कूड़ा निस्तारण कराते हुये, समस् 495 ग्राम पंचायतों के सफाई के उपरान्त 5–5 विभिन्न स्थानों के मुख्य मार्गों की फोटो और एक 30 सेकेण्ड का वीडियों ओडीएफ वॉर रूम में प्रतिदिन भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने समस्त खण्ड प्रेरक एवं जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) को आदेश दिए कि मुख्य मार्ग पर स्थित 79 ग्राम पंचायतों की स्वच्छता का निरीक्षण स्वयं कर मौके पर स्वच्छता कराना सनिश्चित करें और उसकी आख्या दें।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581–2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:**
मोबाइल–9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अधिकारियों एवं व्यापारियों की बैठक के बाद अतिक्रमण हटाने के काम में आई तेजी

शाह टाइम्स संवाददाता

**टाण्डा/रामपुर।** गुरुवार को एसडीएम के नेतृत्व में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ नगर के दुकानदारों एवं व्यापारियों की संपन्न हुई बैठक के बाद नगर में अतिक्रमण हटाने के काम में एकदम तेजी आ गई है।

शुक्रवार को मुख्य बाजार में दोनों और दुकानदारों ने अपनी-अपनी दुकानों और मकानों को तेजी से तोड़ना शुरू कर दिया है। क्योंकि मुख्य मार्ग के दोनों ओर एक साथ तोड़फोड़ हो रही है,इसलिए राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोग मुख्य मार्ग पर बड़ी से गुजर रहे हैं।

गुरुवार को कोतवाली परिसर में एसडीएम राजकुमार भास्कर के नेतृत्व में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने नगर के दुकानदारों और व्यापारियों के साथ एक बैठक हुई थी। जिसमें विभागीय अधिकारियों ने दुकानदारों से स्पष्ट कहा था कि 11 अगस्त तक स्वयं अतिक्रमण की जद आई दुकानों और मकानों को स्वयं तोड़ लें, अन्यथा विभाग द्वारा बुलडोजर की मदद से अतिक्रमण हटाया जाएगा। विभाग की चेतावनी के बाद दुकानों को तोड़ने के कार्य में एकाएक तेजी आ गई।जिन लोगों के पास कोर्ट का कोई स्टे ऑर्डर नहीं है,उन लोगों ने विभागीय चेतावनी के बाद बुल्डोजर की कार्रवाई से बचने के लिए खुद तेजी के साथ अपनी दुकानों को तोड़ना शुरू कर दिया है।

मुख्य मार्ग पर दोनों तरफ एक साथ अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के चलते लोगों को मार्ग पर आवागमन में बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोग बड़ी एहतियात के साथ से मार्ग से गुजर रहे हैं।उन्हें डर है कि जरा सी लापरवाही से कोई हादसा न हो जाये,क्योंकि मार्ग के दोनों तरफ घन और हथौड़े की चोटों से निर्माण तोड़ने के दौरान ईंट-पत्थर दूर तक सड़क पर आकर गिर रहे हैं।



# जिलाधिकारी जोगिंद्र सिंह ने किया कोसी नदी और बांध का निरीक्षण

■ बाढ़ से निपटने के लिया बांध का लिया जायजा

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार।** गुरुवार को जिलाधिकारी जोगिंद्र सिंह ने रुस्तमनगर में कोसी नदी और बांध का निरीक्षण किया और इस दौरान बाढ़ क्षेत्रों का जायजा लिया और सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नदी का जल स्तर बढ़ रहा है लेकिन घबराने की आवश्यकता नहीं है प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

क्षेत्र में बांध स्थिति मजबूत है।स्थनीय निवासी यो ने आशंका जताई है कि बाढ़ आने से उनकी खेती को काफी नुकसान होता है। जिलाधिकारी ने लोगो से अपील की है कि अफवाहों पर ना जाये प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। और ड्रोन व नावों द्वारा भी बाढ़ की स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है।उधर निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता नहर खंड ने स्थनीय लोगो से पूर्व में आई बाढ़ के बारे में जानकारी ली और उन्होंने लोगो को आश्वासन दिया कि हर समस्या से निबटने के लिऐ हम सब तैयार है।इस दौरान उपजिलाधिकारी अमन दयोल, सीओ स्वार कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार मलिक अधिशासी अभियंता नहर आदि प्रशासन के लोग मौजूद रहे।





## संदिग्ध परिस्थित में हुई युवक की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी/रामपुर।** गुरुवार देर रात नगर क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिजनों ने बिना कार्यवाही के युवक का अंतिम संस्कार भी कर दिया।जानकारी के अनुसार ग्राम बबनपुरी में 24 वर्षीय रामदास पुत्र परमेश्वरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी।

परिजनो ने रात के अंधेरे में ही रामदास का अंतिम संस्कार भी कर दिया। बताते चले रामदास की पांच माह पहले ही रामपुर क्षेत्र से शादी हुई थी। रामदास अपने तीन भाइयों में सबसे छोटा भाई था। फिलहाल खबर लिखे जाने तक परिवार के किसी भी सदस्य की ओर से कोतवाली में तहरीर नहीं दी गई है।

# गुरु नानक एकेडमी में रक्षाबंधन पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक/रामपुर।** नगर के गुरु नानक एकेडमी में रक्षाबंधन पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा एक और कक्षा 2 के छात्राओं ने नृत्य के माध्यम से भाई बहन के रिश्ते की मधुरता को बताया गया। विद्यालय के अध्यक्ष विशेष शर्मा, उपाध्यक्ष रिजवान खान एमडी मीनू मिश्रा ने रक्षाबंधन की महत्व और भाई बहन के रिश्ते की पवित्रता वा गरिमा के बारे में बताया विद्यालय प्रांगण में इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियों कई आयोजन किया गया। आक. श हाउस, पृथ्वी हाउस, अग्नि हाउस और आमोध हाउस के बच्चों ने सुंदर-सुंदर राखियां बनाई वह कक्षाओं की छात्राओं ने छात्रों को राखी बांधकर मिठाइयां खिलाई। कक्षा 6 से 12 तक के बच्चों ने रंगोली बनाई किंडर गार्डन के नन्हे नन्हे बच्चे अपनी कलाई पर राखी बांधकर बहुत खुश हुए। समस्त गतिविधियों में विद्यालय की प्रधानाचार्य मिताली सक्सेना उप प्रधानाचार्य अमित गंगवार ने बच्चों को प्रोत्साहित और उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर कु. खुशी, दिव्या गुप्ता, अंजलि गंगवार, आकांक्षा मोहम्मद शाहरुन, उर्वशी, वंश, रनमीत कौर, मान्या सक्सेना, रिचा, बबीता आदि उपस्थित रहे।



## नेचुरोपैथी पट्टी द्वारा हड्डी रोगों का संपूर्ण इलाज डॉ. जसवीर कौर घुम्मन के पास

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** नेचुरोपैथी पट्टी द्वारा हड्डी का संपूर्ण इलाज के लिए बाबा दीप सिंह नगर में गुरुद्वारे के सामने डॉक्टर जसवीर कौर घुम्मन ने अपना क्लीनिक खोला है जो कि नेचुरली तरीके से इलाज करते हैं इनके इलाज का तरीका देसी दवा द्वारा किया जाता है। अगर किसी व्यक्ति को रीड की हड्डी की समस्या स्लिप डिस्क साइटिका का दर्द घुटने का दर्द सर्वाइकल या किसी प्रकार का सुन्न होना चक्कर आना गार्डन में दर्द होना कंधे बाहों में दर्द रहना किसी भी परेशानी या गठिया जैसे इलाज डॉक्टर जसवीर कौर घुम्मन के यहां बड़े शांतिपूर्वक देसी जड़ी बूटी एवं दवा से किए जाते हैं। डॉक्टर जसवीर कौर घुम्मन बाबा दीप सिंह नगर में शुक्रवार पर रविवार को 11:00 बजे से 4:00 बजे तक बैठती है बाकी अन्य समय कहीं और क्लीनिक पर भी देती हैं यह क्लीनिक बाबा दीप सिंह गुरुद्वारा के सामने दरवारा सिंह की दुकान में स्थित है कोई भी व्यक्ति अपना इलाज सस्ते में कम दामों में यहां कर सकता है यहां पर इलाज कम दामों पर किया जाता है।

इस दौरान डॉक्टर जसवीर कौर ने जानक. री देते हुए बताया कि दवा के साथ-साथ उनके गुरु जी का आशीर्वाद उनके साथ रहता है। उन्होंने अपना जीवन लोगों की सेवा के लिए समर्पित कर दिया है वर्षों से समाजसेवा करती आ रही है यह इलाज के एवज में सिर्फ लागत का ही चार्ज लेती हैं।



# सीएमएस को हिंदू मुस्लिम बहनें बड़ी संख्या में राखी बांधने पहुंची

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** शुक्रवार को जिला अस्पताल रामपुर में बड़ी संख्या में हिंदू मुस्लिम समुदाय से ताल्लुक रखने वाली महिलाओं और बालिकाओं ने जिला अस्पताल रामपुर के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर डीके वर्मा के आफिस में पँहुच कर उन्हें टीका लगाया और कलाई पर राखी बांधी। सब से पहले सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज की बड़ी संख्या में छात्राओं ने टीका लगा कर अपने डॉ डी के वर्मा की कलाई पर राखी बांधते हुए उनके सुख शांति की कामना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके जीवन भर रक्षा करने का वचन लिया। आज बड़े ही हर्षोल्लास के साथ राखी का यह त्योहार हिंदू मुस्लिम बहनों ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. डीके वर्मा वर्मा के साथ मनाया। सीएमएस डॉक्टर डी.के. वर्मा ने कहा कि विष्णु पुराण के अनुसार जब देवा. सुर संग्राम में इंद्र असुरों से हार रहे थे, तब उनकी पत्नी इंद्राणी ने एक रक्षा सूत्र तैयार करके इंद्र की कलाई पर बांधा। जिससे इंद्र देव ने युद्ध में विजय प्राप्त की।

कहा जाता है कि इस घटना के बाद से ही रक्षा सूत्र बांधने की परंपरा की शुरुआत हुई थी। बाद में सीएमएस द्वारा सभी बहनों-दीदीयों को मिठाई खिलाकर उन्हें गिफ्ट से सम्मानित किया।



## 1 नफर वारन्टी गिरफ्तार



शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक खानम।** पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 1 वारन्टी को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई।

पुलिस अधीक्षक के आदेश पर शनिवार की रात्रि थाना मिलक खानम प्रभारी निशा खटाना के कुशल नेतृत्व में पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए। 1 रामवीर पुत्र शिवचरन निवासी ग्राम अन्जू वाला को सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई। गिरफ्तार करने वाली टीम में उ.नि. आतिश जैन हेड कांस्टेबल प्रबल प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# दुकानों पर दो से लेकर पांच सौ रुपये तक की राखियां बाजारों में उपलब्ध

■ आभूषण, कपड़े, मिठाईयां समेत अन्य दुक. ानों पर बड़ी रौनक

शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी/रामपुर।** रक्षाबंधन त्योहार के लिए शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में दुकानें सजनी शुरू हो गई हैं। राखी के थोक विक्रेताओं के यहां खरीदारों की भीड़ शुरू हो गई है। बाजार में दो से पांच सौ रुपये से अधिक की राखियां मौजूद हैं। वहीं आभूषण, कपड़े, मिठाई समेत अन्य दुकानों पर भी रौनक बढ़ रही है। रक्षाबंधन का पर्व नौ अगस्त दिन शनिवार को मनाया जाएगा। शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के बाजार गुलजार होने शुरू हो गए हैं। गौरतलब हो कि भाई की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर उससे आजीवन सुरक्षा का वचन दिलाने का त्योहार है। वहीं, करोबारी भी अपने कारोबार के लिहाज से भुनाने में पीछे नहीं हैं। रक्षासूत्र की जगह अब महंगी राखियों ने जहां स्थान ले लिया है, वहीं, गिफ्ट देने की बढ़ती जा रही परंपराओं को देखते हुए बाजार में व्यापारी भी अपनी दुकान भर लिए हैं। फुटकर दुकानों में राखी की खरीदारी लोगों ने शुरू कर दी है। इस अवसर पर आभूषण की दुकान पर चांदी के बने हुए गणेश, त्रिशूल, शिव को राखी भी खूब पसंद बहनों को लुभा रही चांदी और त्रिशूल की राखियां दुकानदार ने बताया कि बहने भाई की कलाई पर राखी बांधने के लिए रेशम की डोरी से लेकर चांदी से बनीं राखियां खूब पसंद कर रही है। वहीं, बाजार में कुंदन (मोती) और चंदन, अमेरिकन डायमंड से बनी राखी भी खूब पसंद आ तेन रही है। बाजारों में रेशम की डोरों के साथ अमेरिकन डायमंड, कुंदन और चंदन की पुनि राखियों की मांग सबसे ज्यादा है।



## एक नजर

### नाबालिग युवती को बहला-फुसलाकर भगाने की रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**टाण्डा/रामपुर।** नगर के एक मोहल्ले की नाबालिग युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है।पुलिस ने युवती के भाई की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

युवती के भाई के अनुसार, उसकी 17 वर्षीया बहन 3 अगस्त को दोपहर अचानक घर से गायब हो गई। परिवार ने रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। रात करीब 12 बजे एक अज्ञात नंबर से फोन आया, जिसमें दावा किया गया कि युवती एक व्यक्ति के पास है। परिजनों ने जब उस नंबर पर दोबारा संपर्क किया, तो पता चला कि कॉल करने वाला शख्स अमरोहा के शाहपुर कला का निवासी है, जिसने कथित तौर पर युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिजनों का आरोप है कि उक्त व्यक्ति ने युवती को प्यार के जाल में फंसाया और उसे भगा ले गया।

परिजन 4 अगस्त की सुबह उक्त व्यक्ति के घर पहुंचे, लेकिन वहां न तो संतोषजनक जवाब मिला और न ही युवती को वापस किया गया। उल्टा, आरोपी और उसके परिवार वालों ने परिजनों को धमकी दी और जान से मारने की बात कही। परिजनों के मुताबिक, एक आरोपी, जो कथित तौर पर गैंगस्टर है, ने तमंचा दिखाकर उन्हें भगाने की कोशिश की।

परिजनों ने थाने में तहरीर देकर मदद की गुहार लगाई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और युवती को सकुशल बरामद करने के लिए पुलिस टीमें सक्रिय हो गई हैं।




### विधायक ने बिजली विभाग के अधिकारियों से वार्ता की

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार।** गुरुवार को विधायक शफीक अहमद अंसारी द्वारा विधुत विभाग स्वार टाण्डा के अधिशासी अभियंता,उपखण्ड अधिकारी, अवर अभियंता एवं संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों संग बैठक कर स्वार टाण्डा की विधुत व्यवस्था पर नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वार टाण्डा की विधुत व्यवस्था सरकार की मंशा के अनुरूप नही दी जा रही है। जिसमे विधुत कटौती, कम वोल्टेज, जर्जर तारो को बदलने, नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों की ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि, अनावश्यक हाई टेंशन लाइनों को हटाने, आबादी वाले क्षेत्रों से गुजर रही हाईटेंशन लाइनों को हटाने, मुख्य मार्गों पर सटे लगे खम्बो को पीछे किया जाना, बरसात के मौसम के कारण खम्बो को प्लास्टिक से कवर किये जाने, नई आबादी वाले घरों तक बिजली पहुचाने आदि मुद्दों को लेकर चर्चा कर निर्देशित किया साथ ही आदेशित किया कि पूरे क्षेत्र में सरकार की मंशा के अनुरूप बिजली व्यवस्था नही दी जा रही है।

### गांव की सफाई व्यवस्था चौपट, नहीं आ रहा है साफ-सफाई करने कर्मचारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी।** क्षेत्र के गांव रहमतगंज की सफाई व्यवस्था चौपट होकर रह गई है सफाई कर्मचारी गांव में सफाई करने नही आ रहा है। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने जिला अधिकारी से की है।

ग्रामीणों ने भेजे शिकायत पत्र में कहा है कि ग्राम रहमतगंज मे शिव कुमार ग्राम में सफाई कर्मचारी के पद पर शिव कुमार है जो कि गांव मे सफाई करने नही आते गांव मे गन्दगी की भरमार है नाले कीचड से अटे पड़े है नालों का गन्दा पानी सडक पर आ रहा है काफी बार इस की शिकायत ओन लाइन व ऑफ लाइन की गई लेकिन सफाई कर्मचारी के खिलाफ कोई कार्रवाई नही की गई।

इसकी शिकायत भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश यादव, कुंवर पाल, विजय पाल, निखिल सागर, यशपाल, राज किशोर, बृजकिशोर, विपुल कुमार, दीपक कुमार, अमर जीत, देवेंद्र, संदीप मौर्य, आदि दर्जनों ग्रामीणों के हस्ताक्षर है।

# दलित ई रिक्शा चालक के देहांत के बाद मृतक के घर पहुंचे पूर्व सपा विधायक

■ भगवान दास के परि. जनों से मिलकर की शोक संवेदना प्रकट

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक/रामपुर।** दलित ई रिक्शा चालक के घर सपा के पूर्व विधायक में पहुंच कर शोक संवेदना प्रकट की और सरकार से पीड़ित परिवार को मुआवजे की मांग की। समाजवादी पार्टी के पूर्व क्षेत्रीय विधायक विजय सिंह शुक्रवार को सुबह अपने समर्थकों के साथ क्षेत्र के ग्राम परम का मझरा, कल्याणपुर पहुंचे वहां पहुंचकर तीन दिन पूर्व दलित ई रिक्शा चालक भगवानदास सागर की कुछ दबंगों द्वारा की गई हत्या पर मित्र के घर पहुंचे और उनके परिवार से मिलकर अपनी शोक संवेदना प्रकट की।

वहीं मृतक के घायल पुत्र जितेंद्र सागर का भी हाल-चाल जाना उन्होंने उनके परिजनो कोई यकीन दिलाया कि पीड़ित लोगों को नाइंसाफी नहीं होने दी जायेगी। उन्होंने पुलिस प्रशासन द्वारा जल्द आरोपियों को पकड़ कर जेल भेजने की सराहना की। उन्होंने प्रदेश सरकार से पीड़ित परिवार को शीघ्र से शीघ्र मुआवजा दिलाने, बचे हुए आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने, पीड़ित परिवार को सरकारी भूमि का पट्टा दिलाने की मांग की। इस अवसर पर पूर्व सभासद इकरार हुसैन, मोहम्मद असलम, नन्हे कादरी, अरुण विजय सिंह, शाकिर कुरैशी सहित अनेकों ग्रामीण भी मौजूद रहे।




# घाना स्थित शाही साम्राज्य अबुरा पापाग्या में नवाब काजिम अली खां को मिले विशेषाधिकार

■ संवैधानिक मान्यता प्राप्त उप राष्ट्रीय राज्य के राजपरिवार की ओर से नवेद मियां को दिया गया सर्वोच्च सम्मान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** पश्चिम अफ्रीका स्थित घाना गणराज्य के संवैधानिक मान्यता प्राप्त उप राष्ट्रीय राज्य अबुरा पापाग्या की ओर से रामपुर राजपरिवार के नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां को अपने शाही साम्राज्य का सर्वोच्च सम्मान प्रदान किया गया है। पूर्व मंत्री नवेद मियां को वहां विशेषाधिकार प्राप्त होंगे।

अबुरा पापाग्या साम्राज्य घाना के दक्षिणी भाग में स्थित है और राष्ट्रीय प्रमुख सदन का हिस्सा है। वर्तमान शासक नाना कोजो कुरेन्सिर दशम हैं, जिन्हें 25 दिसंबर 2015 को पापाग्याहेन के रूप में नियुक्त किया गया था। इस राज्य का क्षेत्रफल 300 वर्ग मील है और इसकी जनसंख्या चार हजार से अधिक है। पापाग्या साम्राज्य में एक शाही शिष्टाचार आदेश भी है जिसे क्वाक्येन अबावियो का शाही आदेश कहा जाता है। अबुरा पापाग्या के राजा द्वारा रॉयल ऑर्डर ऑफ द यंग गाइज के तहत विभिन्न प्रमुख शख्सियतों को सम्मान प्रदान किए जाने की मंजूरी दी जाती है, जिसके तहत नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां को सर्वोच्च सम्मान प्रदान किया गया है, जिसका नाम रॉयल ग्रैंड कॉलर ऑर्डर ऑफ क्वाक्येन अबावियो है। अब नवेद मियां को वहां विशेषाधिकार प्राप्त होंगे।इससे पूर्व भी नवेद मियां को कई विदेशी राजपरिवारों द्वारा सर्वोच्च सम्मान से नवाजा जा चुका है।



## स्वार में व्यापारियों ने की रोडवेज बस अड्डे की मांग



शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार।** शुक्रवार उद्योग व्यापार प्रतिदिन मंडल स्वार के नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली ने व्यापारियों के साथ मिलकर गुस्सा जताया उन्होंने कहा की स्वार में रोडवेज बस अड्डा ना होने के कारण स्वार के सभी व्यापारी बेहद परेशान हैं। समय पर वह घर नहीं लौट पाते और समय से वह कहीं कारोबार के लिए अपना माल खरीदने के लिए नहीं पहुंच पाते हैं जिससे कि व्यापारी बहुत ज्यादा परेशान हैं स्वार में रोडवेज बस अड्डा अगर बन जाता है तो यहां पर कारोबार चरम सीमा को छू पायेगा और व्यापारियों में एक अलग ही उत्साह पैदा होगा और व्यापारी खुशहाल होगा। इस मौक पर मौजूद आसिफ अंसारी, मेहंदी हसन, नासिर अली, उस्मान अंसारी, प्रवेश, फरीद खान, महफूज प्रधान, नाजिम अली, तरुण सैनी, सब्बू अली, फुरकान अली, अरशद अंसारी, तौफीक अहमद आदि मौजूद रहे।

# दलित ई-रिक्शा चालक की हत्या का तीसरा आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक/रामपुर।** पुलिस द्वारा दलित ई-रिक्शा चालक भगवान दास की हत्या में शामिल एक नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय रामपुर भेजा गया।

पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण मे तथा क्षेत्राधिकारी मिलक जनपद रामपुर के कुशल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में कोतवाली मिलक पुलिस शुक्रवार को एक नफर वांछित अभियुक्त लखविन्द्र पुत्र राधेश्याम पाण्डेय निवासी ग्राम बरा गजेजा थाना मिलक जनपद रामपुर को मुखबिर की सूचना के आधार पर तरव्वा तिराहा थाना मिलक रामपुर से समय करीब 12.50 बजे मय मुकदमा उपरोक्त की घटना में प्रयुक्त हुई इलैक्ट्रिक स्कूटी बिना रजि. व चौचिस व इंजन नम्बर के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय रामपुर भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि 06 अगस्त जितेन्द्र कुमार पुत्र भगवानदास निवासी ग्राम परम का मझरा (कल्यानपुर) थाना मिलक जनपद रामपुर की दाखिला तहरीर के आधार पर बनाम अभिषेक पाण्डेय पुत्र महेश पाण्डेय निवासी ग्राम बरा गजेजा थाना मिलक जनपद रामपुर,एक व्यक्ति नाम पता अज्ञात द्वारा स्पैलेण्डर बाईक रजि. नं. न्र22 बी.ई. 8537 से तरव्वा चौराहे के पास आवेदक वादी को गाली गलोच करना व जाति सूचक शब्द चमार चमट्टा शब्द कहते हुए मारना तथा बीच बचाव करने आये पिता भगवानदास के साथ अभियुक्तगण द्वारा जब तक मारना जब तक वादी के पिता की मृत्यु न हो गयी तथा पीछे से इलेक्ट्रिक स्कूटी से एक व्यक्ति नाम पता अज्ञात का आना अभियुक्तगण का मारपीट में साथ देने तथा वादी को अधमरा छोड़कर भाग जाने के सम्बन्ध में अभियोग कायम व दर्ज किया गया था।



# बसपा की बूथ कमेटियों का हुआ गठन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन के आदेश के अनुसार जनपद रामपुर के चमरौआ विधानसभा के ग्राम केसरपुर शाहिद अली के मैरिज हॉल में एक मीटिंग का आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम में बूथ कमेटियों का गठन किया गया। बहुजन समाज पार्टी में शाहिद अली के साथ समाजवादी पार्टी छोड़कर आए सैकड़ों समर्थकों ने बहुजन समाज पार्टी का दामन थामा। बसपा जिलाध्यक्ष प्रमोद सागर निरंकारी एडवोकेट ने उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा आज बहुजन समाज पार्टी की नीतियों से खुश होकर हर समाज का व्यक्ति बहुजन समाज पार्टी में जुड़ रहे है। जिन लोगों ने आज बहुजन समाज पार्टी में सदस्यता ली है उन सबका बहुजन समाज पार्टी में स्वागत है।उनके मान सम्मान में कभी भी कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। बहुजन समाज पार्टी उनके हर वक्त सुख दुख में साथ खड़ी रहेगी। बहुजन समाज पार्टी सब समाज की पार्टी है। बहन जी के शासनकाल में जितने विकास और सरकारी कल्याणकारी योजनाएं चलाई गई थी उतनी किसी सरकार में नहीं चली गई है। बहुजन समाज पार्टी ही सर्व समाज को साथ लेकर चलने का काम करती है। बहुजन समाज पार्टी सरकार मे हर समाज का विकास किया गया था।



बहुजन समाज पार्टी सर्वजन सुखाए और सर्वजन हिताय की नीति पर काम करती है बहुजन समाज पार्टी को जनता याद कर रही है। इस मौके पर उपस्थित रहे जिले के उपाध्यक्ष इसरार अली एडवोकेट, विधानसभा अध्यक्ष राजू सागर, विधानसभा प्रभारी यूनुस अली साहब, विधानसभा उपाध्यक्ष अमीर अहमद अली, रिंकू सागर, शाहिद भाई, राशिद ,दानिश ,अली फरीद अली ,बाबू साहब, आमिर अहमद ,रिजवान अली, अयूब साहब, रहमान साहब फुरकान शिवम ,सतीश सागर मुस्तफा , रहमान अली,अफजल अली, अता अली मुर्तजा ,उमेश, शाहनवाज ,शाने अली, महमूद साहब सगीर अहमद, हाजी इदरीस, रियासत अली ,गुड्डू साहब मुजीब ,अमीन भाई ,वसीम साहब ,दानिश साहब आदि सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित है।

# समिति ने विभिन्न मांगों को लेकर सीएम को भेजा पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** संत शिरोमणि रविदास उत्थान सेवा समिति रामपुर ने मुख्यमंत्री के नाम एक प्रार्थना पत्र देकर कुछ स्थानों का नाम बदलबाने के लिए सिफारिश की है। उन्होंने यह प्रार्थना पत्र जिला अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा है।

संत शिरोमणि रविदास उत्थान सेवा समिति ने जिलाधिकारी के माध्यम से कुछ नामो का परिवर्तन हेतु एक प्रार्थना पत्र भेजा है। जिसमें जिला जेल के निकट रोड पर स्थित बस्ती को जाति सूचक शब्द चमार वाली पुलिया कहकर पुकारा जाता है को बदलवाने की सिफारिश की है। चमार वाली पुलिया जाति सूचक शब्द को ऑटो रिक्शा चालक में अन्य लोग भी पुकारते हैं जिसको लेकर समाज में कई बार झगड़ा ओर मारपीट हुई है जिसमें पुलिस चौकी तक हो चुकी है। समिति चाहती है कि इसका नाम संत गुरु रविदास नगर रखने के लिए सिफारिश किया साथ ही यह भी अपने पत्र में लिखा है कि नवाब रेलवे स्टेशन के निकट जिला प्रशासन के द्वारा पार्क का निर्माण किया जा रहा है जो की रामपुर वासियों के लिए गर्व का विषय है जिसमें समिति यह चाहती है कि इसका नाम ऋषि मुनियों या संतों के नाम रखा जाए जिसमें समिति ने सुप्रसिद्ध संत शिरा. `मणि गुरु रविदास जी के नाम पर रखने का आग्रह किया है।



संत रविदास सेवा समिति ने उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल से अपील करते हुए यह भी अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में परिषदीय विद्यालयों को मर्जर किये जा रहे है को रोकने का आग्रह किया है। क्योंकि इसमें गरीब और निर्धन बच्चों पढ़ते हैं जिनको पढ़ाई का लाभ मिलता है क्योंकि प्रदेश में निर्धन मजदूर किसानों के बच्चे अधिकतर सरकारी स्कूलों में ही पढ़ते हैं इनके पास ना तो देने के लिए मासिक फीस होती है और ना ही उनके पास पैसा इसलिए समिति नहीं है इसलिए स्कूलों को मर्जर ना किया जाए।

आपसे अनुरोध है कि इस फैसले को वापिस लिया जाए।

इस मौके पर प्रमोद कुमार सागर, एडवोकेट सत्यपाल सिंह बादल, राम. सिंह खन्ना, शिवकुमार सागर, अजय सागर आदि मौजूद रहे।

# रालोद की कार्यकारिणी मजबूत करने पर हुआ मंथन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शुक्रवार को राष्ट्रीय लोक. दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष फैयाज हसन गुड्डू जिला कार्यालय पर आए उन्होंने समीक्षा बैठक कर सभी कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान जयंत चौधरी के आदेश को सक्रिय सदस्यता अभियान को बहुत तेज करने के संकेत देते हुए सभी से कहा अपनी-अपनी कमेटी जल्द से जल्द पूरी कर सक्रिय सदस्यता अभियान चलाकर राष्ट्रीय लोकदल और जयंत चौधरी के हाथों को मजबूत करना है। बैठक में प्रदेश महासचिव रोहिलखंड प्रभारी मोहम्मद उस्मान, नगर अध्यक्ष मंजू खान, ब्लॉक अध्यक्ष बिलासपुर मोहम्मद मुस्तकीम, जिला उपाध्यक्ष गुलवेज पाशा, जिला महासचिव फुरकान मामू, जिला सचिव रहमत अली, खालू मोहसिन कार्यालय प्रभारी साहिल आदि शामिल लोग रहे।



## बहनों ने भाईयों की कलाई पर बांधने के लिए खरीदी मनपसंद राखियां



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मसवासी।** रक्षा प्रबंधन पर्व के अवसर पर बाजारों में भीड़ रही बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधने के लिए अपनी मनपसंद राखियां तथा मिठाइयां जमकर खरीदी बाजारों में सुबह से ही अच्छी खासी रौनक दिखाई दी तथा बहनों ने भाइयों के लिए फैंसी बच्चों के लिए ट्रेंडी तथा कार्टून वाली एवं लाइट वाली राखियां खरीदी । जिससे बाजारों में खूब रौनक दिखाई दी सुबह से ही बाजारों में बहनों ने भाइयों के लिए जमकर खरीदारी की तथा राखियो के अलावा कपड़ों तथा खाने पीने की अन्य सामग्रियों की दुकानों पर भी भारी भीड़ दिखाई दी । रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग द्वारा 8 अगस्त से रक्षाबंधन पर्व की समाप्ति तक फ्री सेवा किए जाने बहनो द्वारा इसका भरपूर लाभ लिया जा रहा है । जिसको लेकर बाजारों में सभी जगह भारी भीड़ रही।

# सरकारी जमीन से पेड़ काटे जाने को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद

### मारपीट के बाद एक दूसरे के खिलाफ सौंपी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के गांव सेमरा लाडपुर मझरा मलंगान मे ग्राम समाज की जमीन से यूकेलिप्टस के पेड़ काटे जाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया और मारपीट हो गई सूचना पाकर पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई।

गुरुवार की शाम कुछ लोग नैय्या नदी के ग्राम समाज मे लगे लिपिस्टिक के पेड़ काट रहे थे बताया जाता है की जमीन ग्राम समाज की थी जिसको लेकर कुछ लोगों ने इस मामले की जानकारी वन विभाग को दी सूचना पाकर वन विभाग कर्मचारी और पुलिस भी मौके पर पहुंच गई पेड़ काटने वाले लोगों को शंका हुई की गांव के ही नदीम पुत्र मुस्तफा ने पेड़ काटे जाने की मुखबिरी की है। नाजिम दानिश पुत्र राहतजान, नावेद एहसान पुत्र राहत जान निवासी माजरा मलंग लाडपुर में नदीम पुत्र मुस्तफा के घर पर लाठी डंडे लेकर चढ़ाई कर दी और परिजनों के साथ मारपीट शुरू कर दी महिलाओं के साथ भी अभद्रता की गई।

सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई और किसी तरह मामले को शांत किया।

पुलिस ने विवादित जमीन से काटी गई लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्राली को अपने कब्जे में ले लिया है इस मामले में नदीम पुत्र मुस्तफा की ओर से पुलिस को तहरीर सौपी गई है पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## पत्नी पर लगाया हत्या की धमकी देने का आरोप

**मेरठ।** थाना ब्रह्मपुरी क्षेत्र के रहने वाले एडवोकेट दिनेश कुमार ने बताया कि मेरी शादी ढाई महीने पहले थाना मेडिकल क्षेत्र के पीवीएस मॉल के पीछे रहने वाली महिला के साथ हुई। दिनेश ने अपनी पत्नी पर आरोप लगाते हुए बताया कि शादी के तीन दिन बाद पता चला कि मेरी पत्नी का प्रेम प्रसंग किसी दूसरे जाति के युवक से है। पीड़ित दिनेश ने अपनी पत्नी के प्रेमी से विरोध किया तो जान से मारने की धमकी देते हुए हिंदी में पत्नी से कहा कि तुझे जैसे मुस्कान ने नीले ड्रम में काट कर अपने पति को मार डाला था उसी तरह तुझे भी काट कर नील ड्रम में मार दूंगी। पीड़ित युवक दिनेश ने कहना है कि मैं डर की वजह से चार-पांच दिन से अपने घर भी नहीं जा पा रहा हूं। पीड़ित युवक दिनेश ने पुलिस प्रशासन से गुहार लगाई है।

# बंधन स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** शुक्रवार को स्वच्छ भारत मिशन निदेशालय के अंतर्गत नगर पालिका परिषद के माध्यम से ष्बन्धन स्वच्छता काष कार्यक्रम नगर के वार्ड 4 स्थित कन्या कंपोजिट विद्यालय में स्वच्छ सारथी टीम के साथ आयोजित किया गया।

जिसमें सोसाइटी के हीरोज के रूप में कोतवाली से कस्बा इंचार्ज रामकुमार सिंह , सब इंस्पेक्टर आराधना तोमर,एवं नगर पालिका लेखा लिपिक शुभम भारती,विधालय के प्रधानयापक राकेश कुमार, शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजवीर सिंह सहित विद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। विधालय की छात्राओं द्वारा स्वनिर्मित तिरंगा राखी अतिथियों, विद्यालय स्टॉफ और छायरों बांधी गयी।

# सिपाही समेत तीन को आजीवन कारावास

### शव छिपाने के दोषी को पांच साल की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** किसान की हत्या में कोर्ट ने सिपाही समेत तीन दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। जबकि बीस-बीस हजार रूपये जुर्माना लगाया। इसके अलावा शव छिपाने के दोषी को पांच साल की सजा व पांच हजार रूपये का जुर्माना लगाया है।

27 सितंबर 2019 की वारदात रजबपुर थाना क्षेत्र से जुड़ी थी। क्षेत्र के गांव शकरपुर समसपुर निवासी किसान नरेंद्र इस दिन बाइक से अमरोहा जाने की बात कहकर घर से निकले थे लेकिन वह देर शाम तक घर वापस नहीं लौटे थे। काफी तलाश करने के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिला था, मोबाइल भी बंद था। नरेंद्र सिंह की पत्नी बालेश देवी ने मामले में अगले दिन थाने पहुंचकर गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद में बालेश देवी ने मुरादाबाद के मझौला थाना क्षेत्र की काशीराम कॉलोनी गली नंबर-8 निवासी रूबी अग्रवाल पर अपने साथियों के साथ मिलकर अपहरण के बाद पति की हत्या कर शव छिपाने का शक जताया था। लिहाजा, पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज किया, छानबीन शुरू करते हुए मृतक नरेंद्र सिंह और रूबी अग्रवाल के मोबाइल नंबर की सीडीआर निकलवाई। मजबूत साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने रूबी अग्रवाल के अलावा मेरठ जिले के जानी थाना क्षेत्र के गांव नेक निवासी योगेश (हत्याकांड के समय मुरादाबाद जिले के बिलारी थाने में तैनात तत्कालीन सिपाही), मुरादाबाद के बिलारी थाना क्षेत्र के गांव अमरपुर काशी निवासी वीरपाल व विशेष को गिरफ्तार किया। इन सभी की निशानदेही पर पुलिस ने नरेंद्र का शव विशेष के मकान के पीछे स्थित एक कुएं से बरामद किया। मृतक नरेंद्र सिंह अनुसूचित जाति से थे, इसके चलते मुकदमे की विवेचना तत्कालीन सीओ मोनिका यादव ने की। चारों आरोपियों के खिलाफ अदालत मे चार्जशीट दाखिल की गई। फिलहाल सभी जमानत पर थे। मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विशेष एससी-एसटी एक्ट की अदालत में चल रही थी। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक एससी-एसटी एक्ट मनोज कुमार सक्सेना कर रहे थे। उन्होंने बताया कि मृतक नरेंद्र सिंह और रूबी अग्रवाल के बीच प्रेम-प्रसंग था।

## न्यायालय श्रीमान ए.सी.जे.एम. तृतीय महोदय, जनपद रामपुर उ.प्र.

दीवानी इजरा सं.-4 सन् 2025

कमरजीत सिंह उम्र लगभग 65 वर्ष पुत्र श्री सिंगारा सिंह निवासी 12 ताली फार्म, तहसील बाजपुर, जिला उधमसिंहनगर उत्तराखण्ड हाल निवासी 156 स्प्रिंग थोरपे रोड, बिरमिंघम बी-2. ओ.पी.एल. यूके (इग्लैण्ड)........प्रार्थी / डिकीदार

बनाम

1- जगतार सिंह उम्र करीब 48 वर्ष पुत्र श्री सूरत सिंह निवासी ग्राम शेखुपुरा तहसील स्वार जिला रामपुर

2- श्रीमती सुखराज कौर उम्र करीब 72 वर्ष पत्नी श्री सूरत सिंह निवासी ग्राम शेखुपुरा तहसील स्वार, जिला रामपुर उ.प्र.

3-श्रीमती किन्दरजीत कौर उम्र करीब 46 वर्ष पत्नी श्री जगतार सिंह निवासी ग्राम शेखुपुरा तहसील स्वार, जिला रामपुर उ.प्र.

4श- गुरदीत सिंह पुत्र सन्धू नाबालिग उम्र करीब 17 वर्ष पुत्र श्री जगतार सिंह द्वारा संरक्षिका एवं सगी माता हकीकी श्रीमती किरनदीप कौर निवासी ग्राम शेखुपुरा तहसील स्वार जिला रामपुर उ.प्र.

.......प्रतिवादीगण

इस्तेहार

चूंकि प्रार्थी द्वारा इजरा डिक्री आदेश 21 नियम 32 सी.पी.सी. माननीय न्यायालय के समक्ष दिनांक 22.04.2025 को विपक्षीगण के विरूद्ध दाखिल किया गया था, जिसमें विपक्षी आज तक माननीय न्यायालय के समक्ष उपस्थित नही हुआ है।

अत: यह इस्तेहार निकाला जाता है कि उपरोक्त इजरा के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति है तो इस न्यायालय में दिनांक-12.08.2025 को प्रात: 10:00 बजे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें तारीख गुजरने के बाद किसी प्रकार की आपत्ति नही सुनी जायेगी।

आज दिनांक-07.08.2025 को जारी किया गया।

**मुंसरिम**
**ए.सी.जे.एम.तृतीय**
**रामपुर**

# धनौरा में रिश्तों की ऐसी की तैसी, दामाद से करायी बेटी की शादी

### विरोध करने पर पिता को बेरहमी से पीटा, चार गुना उम्र के दामाद से नाबालिग बेटी का कराया विवाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** रिश्तों की मर्यादा को तार-तार करने वाला यह मामला नगर के एक मोहल्ले से सामने आया है, जिसे सुनकर लोग दांतों तले उंगली दबा रहे हैं। यहां नाबालिक किशोरी की मां ने, अपने ही बेटे और किशोरी के सगे ताऊ के साथ मिलकर 14 वर्षीय नाबालिग बेटी की शादी उसी व्यक्ति से करा दी जो पहले से उनका दामाद था।

पीड़ित पिता का आरोप है कि वह रोजी-रोटी के लिए बाहर गया हुआ था, तभी उसकी पत्नी कश्मीरी (नाबालिग की मां), अनूप (नाबा. लिग का सगा ताऊ) और मनीष (नाबालिग का सगा भाई) ने मिलकर नाबालिग को चोरी-छिपे संभल भेज दिया। वहां उसे उसकी उम्र से ढाई गुना बड़े जीजा मुनेश पुत्र केहरी, निवासी ग्राम लहरा जुनावई (संभल) के घर ले जाकर मंदिर में शादी करा दी। इस अनोखे रिश्ते की डोर थामे था सम्भल का ही बिचौलिया अमित उर्फ



ममित पुत्र इतवारी जिसने पूरे ऑपरेशन बाल विवाह को अंजाम दिलाया। खेल का खुलासा तब हुआ, जब शादी की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर वायरल हो गई। मोबाइल स्क्रीन पर नाबालिग को वरमाला डालते देख पिता के होश उड़ गए और वह आनन-फानन में घर लौटा। लेकिन घर का नजारा देखकर उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। मां, ताऊ और भाई मुस्कुराते हुए नए रिश्ते पर खुशियां मना रहे थे। जब उसने विरोध किया तो उल्टे उसी पर लात-घूंसों और थप्पड़ों की बरसात कर दी गई। आहत पिता ने सीधे पुलिस अधीक्षक के दरवाजे पर दस्तक दी। एसपी के आदेश पर पुलिस ने मां कश्मीरी, ताऊ अनूप, भाई मनीष, दामाद मुनेश, बिचौलिया अमित और मोबाइल नंबर के आधार पर दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सबसे हैरान कर देने वाली बात यह है कि जिस मुनेश से नाबालिग का विवाह कराया गया, उसी से दो साल पहले उसकी बड़ी बहन का भी विवाह हो चुका है। यानी एक ही घर में एक ही दूल्हा, दो बहनों का पति बन गया मोहल्ले में लोग अब तक अवाक हैं। कोई इसे पाप का गठजोड़ कह रहा है तो कोई रिश्तों का मजाक।

# परचम कुशाई के साथ बाबा फरीदी का उर्स शुरू



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हजरत ख्वाजा बहा. उद्दीन बाबा फरीदी रहमतुल्ला अल्लाह के के 551 में उर्स का आवाज परचम कुशाही और शमा रोशन से हुआ। परचम कुशाही ख्वाजा सलीम फरीदी ख्वाजा इसरार अख्तर फरीदी नेकीऔर वरिष्ठ कांग्रेसी लीडर हरि सिंह मौर्य भी शामिल हुए। परचम कुशाही के बाद दरगाह पर चादरपोशी हुई। इस मौके पर ख्वाजा सलीम फरीदी सज्जादा नशीन ख्वाजा इसरार अख्तर फरीदी ख्वाजा मुनीर फरीदी फरीदी ख्वाजा अनवर फरीदी ख्वाजा हसन फरीदी एहसान फरीदी और हरि सिंह मौर्य जी सुरेंद्र सिंह जी मोहम्मद तसव्वर जुनैद अली गुलजार साबरी सलीम साबरी अक्षर फरीदी अजहर फरीदी समीरूद्दीन आशु और मुरादाबाद अमरोहा रामपुर बरेली दिल्ली आदि से मेहमानों ने शिरकत की और मगरिब के बाद में कुल शरीफ और महफिले सीमा और बाद नमाज ईशा महफिल सीमा होगी।

# राजनीति के चौसर में फंसी रामलीला कमेटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन कर नायब तहसीलदार राजपाल सिंह को ज्ञापन सौंपकर प्रशासन को अल्टीमेटम दिया 12 अगस्त तक दोनों गुट को बैठाकर विवाद निपटाएं, अन्यथा क्षेत्रीय ग्रामीण स्वयं रामलीला मंचन का जिम्मा उठाएंगे। प्रदेश महासचिव (युवा) गुरमीत सिंह ने कहा रामलीला हमारी आस्था और परंपरा का प्रतीक है, इसे राजनीति की भेंट नहीं चढ़ने देंगे। यदि कमेटी के लोग आपसी अहम में समझौता नहीं कर सकते, तो किसान यूनियन और ग्रामीण मिलकर मंचन कराएंगे। राम के नाम पर राजनीति करने वालों को जनता जवाब देगी। तहसील अध्यक्ष देशराज सिंह ने कहा धनौरा की जनता हर साल मर्यादा पुरुषोत्तम राम की लीला देखने आती है। इस बार मंचन रुकवाने की कोशिशें हो रही हैं, जो बर्दाश्त नहीं होंगी। प्रशासन अगर अभी नहीं जागा तो हालात और बिगड़ेंगे। ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष चीमा का कहना था हमारी मांग साफ है या तो 12 अगस्त तक दोनों गुटों का समझौता कराओ या फिर जनता को अनुमति दो। अगर रामलीला नहीं हुई तो यह कमेटी के इतिहास का सबसे बड़ा कलंक होगा। मंडल उपाध्यक्ष सोविर सिंह ने चेतावनी दी गाँव के लोग तैयार बैठे हैं। कलाकार भी मिल जाएंगे, मंच भी तैयार होगा और दर्शक भी उमड़ेंगे। अगर जरूरत पड़ी तो हम सड़क से लेकर मंच तक आंदोलन करेंगे, लेकिन रामलीला को रुकने नहीं देंगे। उधर जनता की नाराजगी भी साफ जाहिर हो रही है। गाँव के बुजुर्ग व्यंग में कह रहे हैं इस बार तो ऐसा लग रहा है कि पहले कमेटी का युद्ध होगा, फिर मंचन होगा। यहां गुरमीत सिंह, सोविर सिंह, बचन सिंह, देशराज सिंह, सुभाष चीमा, विजेंदर शर्मा, भूदेव प्रधान, निरंजन सिंह, जयपाल सिंह, लोकेंद्र सिंह, यशवीर खटाना, रहीश मंसूरी, तुषार दहिया, बॉबी चहल आदि मौजूद रहे।



# भारत अब विंडीज-द. अफ्रीका से खेलेगा टेस्ट

● दोनों देशों से चार मैच, सभी जीते, तो डब्ल्यूटीसी पाइंट्स टेबल के टॉप-2 में आने का मिलेगा मौका

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने इंग्लैंड में 5 टेस्ट की सीरीज 2-2 से ड्रा खेलकर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) पाइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर जगह बना ली। टीम के 28 पाइंट्स हैं। भारत को अब इसी साल होमग्राउंड पर वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका से टेस्ट सीरीज खेलनी हैं।

दोनों को जीतकर टीम टॉप-2 टीमों में जगह बना सकती है। ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका टॉप-2 टीमें डब्ल्यूटीसीका नया साइकल भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज से ही शुरू हुआ। इस दौरान वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका ने बांग्लादेश से घरेलू मैदान पर सीरीज खेलीं। न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका की टीमें अब तक कोई सीरीज नहीं खेल सकीं। पाइंट्स लेकर ऑस्ट्रेलिया



नंबर-1 पर है। वहीं 1 जीत और 1 ड्रा से 67: पाइंट्स लेकर श्रीलंका दूसरे नंबर पर है। भारत तीसरे, इंग्लैंड चौथे, बांग्लादेश पांचवें और वेस्टइंडीज छठे नंबर पर हैं। बाकी 3 टीमों का खाता नहीं खुला। एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में भारत और इंग्लैंड दोनों ने 2-2 टेस्ट जीते। वहीं दोनों के बीच 1 मुकाबला ड्रा रहा। एक जीत से 12 पाइंट्स और 1 ड्रा से 4 पाइंट्स मिलते हैं। इसलिए दोनों टीमों को पाइंट्स तो 28-28 ही मिले, लेकिन इंग्लैंड पर आईसीसी ने पेनल्टी भी लगा दी। तीसरे टेस्ट में स्लो ओवर रेट के कारण इंग्लैंड पर 2 पाइंट्स की पेनल्टी लगे, जिस कारण उनके 26 पाइंट्स हो गए और टीम चौथे नंबर पर खिसक गई।

डब्ल्यूटीसीके एक साइकल में टीमें 6 टेस्ट सीरीज खेलती हैं, 3 अपने होमग्राउंड पर और 3 विदेशी टीमों के होमग्राउंड पर। भारत ने इंग्लैंड में सीरीज खेल ली। अब टीम इसी साल अक्टूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर 2 टेस्ट की सीरीज खेलेगी। अगले ही महीने फिर टीम साउथ अफ्रीका से भी घर में ही 2 टेस्ट की सीरीज खेलेगी। होमग्राउंड पर चारों टेस्ट जीतकर टीम इंडिया के 76 पाइंट्स हो जाएंगे। जिनसे 70प्रतिशत पाइंट्स के साथ भारत पाइंट्स टेबल में नंबर-2 पर पहुंच जाएगा। फिलहाल श्रीलंका के करीब 67 प्रतिशत पाइंट्स हैं। इस दौरान भारत का एक भी मैच ड्रा रहा तो टीम तीसरे नंबर पर ही रहेगी। इससे खराब नतीजे होने पर टीम नंबर-3 से नीचे भी जा सकती है। फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें बनाए रखनी हैं तो भारत को होमग्राउंड पर सभी मैच जीतने ही होंगे। अगले साल न्यूजीलैंड और श्रीलंका से सीरीज 2026 में टीम इंडिया को न्यूजीलैंड और श्रीलंका जाकर 2-2 टेस्ट की सीरीज खेलनी है। इनके नतीजों से तय होगा कि टीम को फाइनल में पहुंचने के लिए आखिरी सीरीज में कितनी जीत की जरूरत पड़ेगी।

भारत की आखिरी सीरीज फरवरी 2027 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होमग्राउंड पर ही होगी। कंगारू टीम पिछले 2 दौरों पर भारत को 1-1 टेस्ट हरा चुका है। इसलिए ऑस्ट्रेलिया सीरीज से पहले ही टीम इंडिया को फाइनल में अपनी जगह पक्की कर लेनी होगी। पिछला फाइनल नहीं खेल सका था भारत डब्ल्यूटीसीकी शुरुआत आईसीसी ने 2019 में की। इसके तहत 9 टीमें 2 साल तक आपस में 6 टेस्ट सीरीज खेलती हैं। 3 अपने होमग्राउंड पर और 3 विदेशी टीम के होमग्राउंड पर।

# पाक बल्लेबाज हैदर अली पर इंग्लैंड में दर्ज हुआ आपराधिक मामला

### जांच के नतीजे आने तक पीसीबी ने हैदर अली को अस्थायी रूप से निलंबित किया

**मैनचेस्टर, वार्ता।** पाक बल्लेबाज हैदर अली पर ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस ने आपराधिक जांच शुरू कर दी है और जांच के नतीजे आने तक पीसीबी ने उन्हें अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। हालांकि अपराध की प्रकृति के बारे में कोई विवरण जारी नहीं किया गया है।

ईएसपीएन क्रिकइंफो को मिली जानकारी के मुताबिक हैदर को फिलहाल हिरासत में नहीं लिया गया है लेकिन जीएमपी उनसे पूछताछ कर रही है। पीसीबी ने एक बयान जारी कर कहा है कि उन्हें जांच के बारे में 'जानकारी' दी गई है, और यह घटना पाकिस्तान शाहीन के हालिया यूनाइटेड किंगडम दौरे के दौरान हुई थी, जो सोमवार को समाप्त हुआ था। पीसीबी ने पुष्टि की है कि वह हैदर को इस पूरी प्रक्रिया के दौरान उसके अधिकारों की रक्षा के लिए कानूनी सहायता प्रदान कर रहा है। पीसीबी के बयान में कहा गया है। पीसीबी को ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस द्वारा क्रिकेटर हैदर अली से जुड़ी एक आपराधिक जांच के बारे में अवगत कराया गया है। यह जांच पाकिस्तान शाहीन के हालिया इंग्लैंड दौरे के दौरान हुई एक घटना से संबंधित है। पीसीबी, यूके की कानूनी प्रक्रियाओं का पूरा सम्मान करता है और जांच को अपनी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार चलने देने के महत्व को समझता है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### 4 भारतीयों ने रचा इतिहास, एशियन सर्फिंग के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**चेन्नई, वार्ता।** चार भारतीय सर्फरों ने प्रतिष्ठित महाबलीपुरम में चल रही एएसएफ एशियन सर्फिंग चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाकर इतिहास रच दिया। पांचवें दिन एशिया की शीर्ष सर्फिंग प्रतिभाओं ने तमिलनाडु के धूप से सराबोर तटों पर लहरों का सामना करते हुए जोरदार एक्शन और नाटकीय प्रदर्शन किया। ओपन पुरुष राउंड 3 ओपन महिला क्वार्टर फाइनल, अंडर-18 बॉयज राउंड 3 (मुख्य राउंड) और अंडर-18 गर्ल्स राउंड 2 (रेपचेज) जैसे प्रमुख हीट के साथ, यह दिन उच्च दांव, साहसिक चालों और शानदार प्रदर्शन से भरा रहा। चार भारतीय सर्फरों ने प्रमुख वर्गों में क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करके इतिहास रच दिया, जो इस आयोजन के इतिहास में टीम इंडिया का सबसे सफल प्रदर्शन था।

### शीर्ष स्थान को मोहन बगान की टक्कर डायमंड हार्बर से

**कोलकाता, वार्ता।** 134वें इंडियन ऑयल डूरंडकप के 17वें मैच दिवस का शनिवार का डबल हेडर नॉकआउट दौड़ पर बड़ा असर डाल सकता है, क्योंकि मैदान पर उतरने वाली चारों टीमें अपने-अपने ग्रुप पर नियंत्रण पाने और अगले दौर में जगह बनाने की कोशिश करेंगी। कोलकाता में, ग्रुप बी के शीर्ष स्थान के लिए रोमांचक मुकाबले में मौजूदा ग्रुप लीडर डायमंड हार्बर एफसी का सामना चैंपियन मोहन बगान सुपर जायंट से होगा। यह मैच शाम 7:00 बजे विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में खेला जाएगा। इससे पहले शाम 4:00 बजे, कोलकाता से 250 किमी उत्तर-पूर्व कोकराझार में होगा।

# शुभमन गिल ने बल्लेबाजी से आलोचकों को बखूबी जवाब दिया: पार्थिव

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व भारतीय विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने टेस्ट कप्तान शुभमन गिल की तारीफ करते हुए कहा है कि उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से आलोचकों को करारा जवाब दिया है।

'फॉलो द ब्लूज' पर बात करते हुए, जियोहॉटस्टार विशेषज्ञ पार्थिव पटेल ने 2025 के इंग्लैंड दौरे के दौरान शुभमन गिल द्वारा आलोचकों को दिए गए जवाब पर विचार किया। उन्होंने कहा कि चार शतक, 75-40 की औसत और 750 से ज्यादा रन - सभी अलग-अलग परिस्थितियों में बनाए गए। पहले, जब वह बल्लेबाजी करने उतरे, तो सवाल थे: क्या वह सेना देशों में अच्छा प्रदर्शन कर पाएंगे? क्या वह लगातार अच्छा



● इंग्लैंड सीरीज के दौरान भारत की बल्लेबाजी प्रदर्शन में रवीन्द्र जडेजा की महत्वपूर्ण भूमिका रही

प्रदर्शन कर पाएंगे? लेकिन देखिए उन्होंने क्या जवाब दिए। हेडिंग्ले में पहली पारी में 147 रन। दूसरी पारी में लोगों ने कहा कि उन्होंने उस बड़े स्कोर के बाद अपना विकेट गंवा दिया। फिर एजबेस्टन में पहली पारी में 269 रन बनाए। फिर से, चर्चा थी कि यह कम साबित हो सकता है, लेकिन उन्होंने दूसरी पारी में 161 रन बनाए। तीसरे टेस्ट में, वह दोनों पारियों में जल्दी आउट हो गए, और उनके फॉर्म को लेकर फिर से सवाल उठने लगे, जबकि उन्होंने पिछले मैच में 430 रन बना लिए थे। और फिर मैनचेस्टर में वह शतक आया, एक ऐसे मैच में जिसे भारत को ड्रॉ कराना था। जब भी यह एक चुनौती रही है, जब भी सवाल पूछे गए हैं, गिल ने अपनी बल्लेबाजी से उनका बखूबी जवाब दिया है। इंग्लैंड श्रृंखला के दौरान भारत के बल्लेबाजी प्रदर्शन में जडेजा की महत्वपूर्ण भूमिका पर पार्थिव ने कहा कि जडेजा द्वारा बनाए गए 516 रनों का महत्व भी बढ़ जाता।

## मेघालय भारत का पहला स्लैलम कोर्स स्थापित करेगा

**शिलांग, वार्ता।** जल क्रीड़ा और साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देते हुए, मेघालय जल्द ही री-भोई जिले में उमथम नदी पर भारत का पहला स्लैलम कोर्स स्थापित करेगा, मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा ने यह जानकारी दी है। कैबिनेट ने देश के एकमात्र समर्पित स्लैलम कोर्स को विकसित करने के लिए मेघालय इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फाइनेंस कॉरपोरेशन (एमआईडीएफसी) से उमथम नदी के किनारे 14-6 एकड़ भूमि के प्रस्तावित अधिग्रहण को मंजूरी दे दी। स्लैलम एक रोमांचक जल क्रीड़ा है जिसमें कयाकर समय के विरुद्ध दौड़ लगाते हैं, एक चुनौतीपूर्ण वाइटवाटर कोर्स में प्रवेश करते हैं जिसमें कई द्वार होते हैं जिनसे उन्हें गुजरना होता है।

# आर अश्विन व चेन्नई सुपर किंग्स के अलग होने की संभावना



● अश्विन और सीएसके के बीच दूरियां बढ़ रही है इसकी अभी पुष्टि नहीं हुई

**चेन्नई, वार्ता।** क्या आर अश्विन और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच दूरियां बढ़ रही हैं? हालांकि इसकी अभी पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स खेमे में चल रही ताजा गतिविधियों से ऐसा लग रहा है कि अश्विन-जो लाल गेंद के क्रिकेट में भारत के सबसे महान मैच विजेताओं में से एक हैं। चेन्नई सुपर किंग्स फ्रेंचाइजी से अलग हो सकते हैं। इस अपरिहार्य अलगाव का सटीक कारण अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन माना जा रहा है कि इस अनुभवी ऑफ स्पिनर ने अपना मन बना लिया है और फ्रेंचाइजी को इस बारे में बता दिया है। उन्हें सीएसके की भविष्य की योजनाओं के बारे में कोई संकेत मिले हैं या नहीं, यह तो पता नहीं है, लेकिन जैसा कि क्रिकबज ने कल बताया था, पिछले कुछ दिनों से चेन्नई में मौजूदा और पूर्व कप्तान एमएस धोनी और रुतुरान गायकवाड़ सहित सीएसके के शीर्ष अधिकारी और खिलाड़ी बैठक कर रहे हैं। संभावना है कि फ्रेंचाइजी ने आगामी सीजन की योजनाओं पर चर्चा की होगी। यह एक अपरिहार्य कदम प्रतीत होता है, क्योंकि यह अनुभवी स्पिनर सीएसके अकादमी में संचालन निदेशक के रूप में अपनी भूमिका छोड़ सकता है। यह वह पद है जो वह पिछले एक साल से संभाल रहे हैं। अगर वह किसी अन्य फ्रेंचाइजी से जुड़ते हैं, तो सीएसके की भूमिका में बने रहना हितों के टकराव की स्थिति पैदा कर सकता है, जिससे बचने के लिए वह उत्सुक हैं।

# तिलक ने हैम्पशायर की जीत में निभाई अहम भूमिका



● तिलक वर्मा ने हैम्पशायर के लिए 54 रनों की शानदार पारी खेली

**साउथम्पटन, वार्ता।** भारत के टी 20 स्पेशलिस्ट तिलक वर्मा ने गुरुवार को साउथंप्टन में खेले गए वनडे कप के ग्रुप-ए मुकाबले में अपनी टीम हैम्पशायर के लिए एसेक्स के खिलाफ 54 रन की पारी खेली। तिलक ने जो वीदरली के साथ 98 रन की अहम साझेदारी भी निभाई, वीदरली ने इस मैच में नाबाद शतक जड़ा। एसेक्स के खिलाफ इस जीत के बाद अंक तालिका में हैम्पशायर टॉप पर पहुंच गई है, जबकि दो मैचों में दो हार के साथ एसेक्स फिलहाल आठवें स्थान पर है। इससे पहले हैम्पशायर के कप्तान निक गबिन्स ने टॉस जीतकर एसेक्स को बल्लेबाजी का न्योता दिया था। एसेक्स ने चार्ली एलिसन, टॉम वेस्ले और रॉबिन दास के अर्द्धशतकों की बदौलत स्कोर बोर्ड पर 285 रन बना दिए थे।

एलिसन ने 80, वेस्ले ने 61 जबकि दास ने 50 रन बनाए थे। हैम्पशायर की ओर से काइल एबॉट, एडी जैक, डॉमिनिक केली और एंड्र्यू नील को दो-दो सफलता हाथ लगी थी। 286 रनों का पीछा करते हुए हैम्पशायर को कप्तान गबिन्स और अली ओर ने अच्छा आग़ाज़ दिलाया था। पहले विकेट के लिए दोनों ने 58 रन की साझेदारी निभाई, अली के रूप में हैम्पशायर को पहला झटका लगा। अली के आउट होने के बाद नंबर-3 पर तिलक बल्लेबाज़ी करने आए, उन्होंने आते ही कुछ अच्छे शॉट्स लगाए लेकिन 80 रन के योग पर हैम्पशायर को गबिन्स के तौर पर दूसरा झटका लग गया था। तिलक ने यहां से सूझ-बूझ की पारी खेलते हुए वीदरली के सााथ अच्छी साझेदारी निभाई। तिलक ने अपना अर्द्धशतक पूरा कर लिया था और अच्छी लय में नजर आ रहे थे लेकिन 54 रन के निजी योग पर वह वेस्ले की गेंद पर बोल्ड हो गए। तिलक ने अपनी पारी में पांच चौके और दो छक्के भी लगाए। तिलक और वीदरली के बीच हुई 98 रनों की साझेदारी ने एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म सेट कर दिया था। तिलक के आउट होने के बाद वीदरली ने जिम्मेदारी उठाई और अंत तक नाबाद शतकीय पारी खेलते हुए हैम्पशायर को जीत की मंजिल पर पहुंचा दिया। हैम्पशायर ने ये मुकाबला 22 गेंद शेष रहते हुए पांच विकेट से अपने नाम किया। तिलक के लिए वनडे कप में शानदार वापसी रही, क्योंकि पिछले मुक़ाबले में वह ग्लेमोर्गन के खिलाफ बिना खाता खोले ही आउट हो गए थे। हालांकि इससे पहले लाल गेंद से उन्होंने हैम्पशायर के लिए चार मैचों में दो शतक और एक अर्द्धशतक भी जड़ा था। तिलक इसी महीने दलीप ट्रॉफी में खेलते नज़र आएंगे- जहां उनके कंधों पर साउथ जोन की कमान भी होगी।

# बेंगलुरु महिला वनडे कप के मैचों में देरी

● महिला वनडे विश्व कप 2025 के मैचों का भविष्य अधर में लटक गया है

**बेंगलुरु, वार्ता।** जून में आईपीएल विजय परेड में हुई भगदड़ में 11 लोगों की मौत के बाद बढ़ी सुरक्षा चिंताओं के बीच, कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) राज्य सरकार की मंजूरी का इंतजार कर रहा है, जिससे बेंगलुरु में महिला एकदिवसीय विश्व कप 2025 के मैचों का भविष्य अधर में लटक गया है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) टूर्नामेंट के कार्यक्रम में संभावित व्यवधानों को लेकर सतर्क हैं। 30 सितंबर को भारत और श्रीलंका के बीच होने वाला पहला मैच और 30 अक्टूबर को होने वाला दूसरा सेमीफाइनल सहित तीन अन्य मैच एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। 2 नवंबर को होने वाला फाइनल भी इसी स्टेडियम में खेला जाएगा, बशर्ते पाकिस्तान क्वालीफाई न करे। जून की त्रासदी के बाद, राज्य सरकार ने बड़े सार्वजनिक समारोहों की जांच कड़ी कर दी है। केएससीए को विश्व कप मैचों के आयोजन के लिए अभी तक औपचारिक मंजूरी नहीं मिली है, और मामला अभी भी न्यायिक समीक्षा के अधीन है। एहतियात के तौर पर, महाराजा कप टी20 टूर्नामेंट को बेंगलुरु से मैसूर स्थानांतरित कर दिया गया है। केएससीए के एक अधिकारी ने कहा कि हमने राज्य सरकार को पत्र लिखा है और जवाब का इंतजार कर रहे हैं। ऐसा नहीं है कि उन्होंने अनुमति देने से इनकार कर दिया है। हम चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ रहे हैं। अगर मंजूरी नहीं मिलती है, तो मैचों को गुवाहाटी, इंदौर, विशाखापत्तनम या कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम सहित अन्य स्वीकृत स्थानों पर स्थानांतरित किया जा सकता है।

## सैमसन ने आईपीएल 2026 से पहले खुद को आरआर से रिलीज करने को कहा

**नई दिल्ली, वार्ता।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के कप्तान संजू सैमसन ने फ्रेंचाइजी को कहा है कि उन्हें रिलीज कर दिया जाए। ईएसपीएनक्रिकइंफो को मिली जानकारी के मुताबिक सैमसन ने आरआर मैनेजमेंट को आईपीएल 2025 खत्म होते ही खुद को रिलीज करने की गुजारिश की थी। सैमसन पहली बार इस फ्रेंचाइजी के साथ 2013 में जुड़े थे और फिर 2021 में उन्हें टीम का कप्तान भी बनाया गया था। इस फ्रेंचाइजी की 2025 सीजन की समीक्षा बैठक जून में हुई थी, हालांकि अब तक आरआर ने सैमसन को कोई निश्चित जवाब नहीं दिया है। माना जा रहा है कि आरआर उन्हें टीम में बने रहने के लिए मनाने का विकल्प भी तलाश रही है। रॉयल्स के मुख्य मालिक मनोज बडाले ने इस बारे में पूछे जाने पर कोई टिप्पणी नहीं की।

## बॉक्सिग नेशनल्स की शुरुआत जोरदार मुकाबलों के साथ

**ग्रेटर नोएडा, वार्ता।** चौथे सब-जूनियर बालक और बालिका का राष्ट्रीय बॉक्सिग चैंपियनशिप का पहला दिन 7 अगस्त को ग्रेटर नोएडा स्थित गलगोटिया विश्वविद्यालय में एक रोमांचक सत्र के साथ शुरू हुआ। 80 से ज़्यादा मुकाबलों में भारत की सबसे युवा बॉक्सिग प्रतिभाएं ऊर्जा और दृढ़ संकल्प के साथ रिंग में उतरीं। सब-जूनियर नेशनल्स भारत के जमीनी स्तर के बॉक्सिग इकोसिस्टम में एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में खड़ा है, जो युवा एथलीटों को अपनी क्षमता का परीक्षण करने और रैंक में ऊपर उठने के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करता है। बीएफआई जमीनी स्तर से प्रतिभाओं को निखारने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, यह सुनिश्चित करते हुए कि सभी आयु वर्गों में अवसर, प्रदर्शन और संरचित प्रतियोगिता उपलब्ध हो।

# इंडियन ओपन विश्व एथलेटिक्स भारतीय एथलीटों के लिए शानदार अवसर: मार्टिन

● रिलायंस फाउंडेशन द्वारा समर्थित एथलीटों का एक मजबूत समूह प्रतिस्पर्धा करेगा

**भुवनेश्वर, वार्ता।** भारत 10 अगस्त को भुवनेश्वर में पहले इंडियन ओपन वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर की मेजबानी की तैयारी कर रहा है, वहीं रिलायंस फाउंडेशन द्वारा समर्थित एथलीटों का एक मजबूत समूह दुनिया भर की शीर्ष प्रतिभाओं के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए दिखाई देगा।

ब्रॉन्ज लेवल की यह प्रतियोगिता भारतीय एथलेटिक्स के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है, जो एथलीटों को घरेलू मैदान पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रदर्शन करने का एक दुर्लभ अवसर प्रदान करती है। इस महीने के अंत में चेन्नई में होने वाली राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप और अगले महीने टोक्यो में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप को ध्यान में रखते हुए, रिलायंस फाउंडेशन के 12 एथलीट स्प्रिंट, जंप, थ्रो और मध्यम व लंबी दूरी की स्पर्धाओं में कॉन्टिनेंटल टूर में धूम मचाने के लिए तैयार हैं।

भुवनेश्वर मीट से पहले, ओडिशा रिलायंस फाउंडेशन एथलेटिक्स हाई परफॉर्मेंस सेंटर के मुख्य कोच, मार्टिन ओवेन्स ने कहा कि भारत एथलेटिक्स में एक बड़े खिलाड़ी के रूप में पहचाना जाने लगा है और हमें देश में इस तरह की उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं की और जरूरत है। यह मीट एक शानदार अवसर है क्योंकि कई एथलीट जो अब तक केवल अन्य भारतीय एथलीटों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करते रहे हैं, उन्हें अब पूरे एशिया के एथलीटों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिलेगा।

कलिगा स्टेडियम में काफी उत्साह है और मुझे यकीन है कि यह महाद्वीपीय दौरे की सर्वश्रेष्ठ कांस्य मीट स्पर्धाओं में से एक होगी।

स्प्रिंट टीम का नेतृत्व अनिमेष कुजूर (200 मीटर) और अमलान बोरगोहेन (100 मीटर और 200 मीटर) करेंगे। अनिमेष ने हाल ही में ग्रीस के वारी में ड्रोमिया इंटरनेशनल स्प्रिंट और रिले मीट में 10-18 सेकंड का समय लेकर 100 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा था। दूसरी ओर, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सर्किट पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले अमलान से अपनी विस्फोटक गति से सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को चुनौती देने की उम्मीद है।

# द.अफ्रीका खिलाड़ियों की नई पीढ़ी से रबाडा उत्साहित

● तीन टी-20 और तीन वनडे मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने के लिए तैयार है अफ्रीका



**जोहानसबर्ग, वार्ता।** कैगिसो रबाडा को अपने बचपन की याद आ जाती है जब वह दक्षिण अफ्रीकी ड्रेसिग रूम को देखते हैं, जहां वे रविवार से शुरू होने वाले तीन टी20 और तीन एकदिवसीय मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने की तैयारी कर रहे हैं।

दोनों टीमें आखिरी बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में एक-दूसरे के खिलाफ खेली थीं, जहां दक्षिण अफ्रीका के ज्यादा अनुभवी खिलाड़ी मजबूती से खड़े हुए थे। अब 2026 में होने वाले टी20 विश्व कप और 2027 में घरेलू वनडे विश्व कप के साथ, उनका ध्यान युवा प्रतिभाओं को निखारने पर केंद्रित हो गया है ताकि बड़े मैचों में दबाव में आने पर उनके पास एक संदर्भ बिदु हो कि उन्हें क्या करना है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 10 साल पूरे कर चुके रबाडा ने गुरुवार को कहा कि आप पहले, जब मैं पहली बार यहां आया था, उस समय की बात कर रहे थे, तो मुझे उनकी स्थिति की याद आ गई। मुझे यकीन है कि वे बस अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं। उन्हें कोई डर नहीं है। जब आप युवा होते हैं, तो आपको बिल्कुल भी डर नहीं होता। और हां, मैं यह देखने के लिए उत्साहित हूं कि वे अपने करियर में कैसे आगे बढ़ते हैं। डार्विन में दक्षिण अफ्रीका की सफेद गेंद टीम में लुआन-ड्रे प्रीटोरियस जैसे खिलाड़ी शामिल हैं, जो इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका 20 में शीर्ष स्कोरर थे, डेवाल्ड ब्रेविस, जिन्हें 2022 में अंडर-19 विश्व कप में धमाकेदार प्रदर्शन के बाद से उच्च सम्मान के लिए चुना गया था और क्वेना मफाका, जिनके बाएं हाथ की तेज गेंदबाज़ी ने उन्हें 17 साल की उम्र में आईपीएल अनुबंध और 18 साल की उम्र में राष्ट्रीय टीम में जगह दिलाई। अपनी टीम के युवा खिलाड़ियों को विस्फोटक और निडर' बताते हुए, कप्तान मार्करम ने कहा कि आप जानते हैं कि 19-20 साल का होना कैसा होता है और इस उम्र में दुनिया में ज्यादा चिताएं नहीं होतीं और यह उनके प्रशिक्षण और उनके काम करने के तरीके में झलकता है। तो, यह बहुत रोमांचक है। हर देश के अपने युवा खिलाड़ी आ रहे हैं और इस दौरे पर हमें उनमें से कुछ मिले और यह हमारे लिए एक रोमांचक और शानदार मौका है कि हम उनकी प्रतिभा को समझें और उन्हें लोगों का मनोरंजन करने का मौका दें। रबाडा ने जून में डब्ल्यूटीसी फाइनल में अपनी शानदार भूमिका के बाद से कोई क्रिकेट नहीं खेला है, जब उन्होंने मैच में नौ विकेट लिए थे। ग्रीस में छुट्टियां बिताकर वह उस थकान से उबर गए और अब 'पूरी तरह से फिट महसूस कर रहे हैं और नए खिलाड़ियों को अपना ज्ञान देने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने मफाका को 'बेहद रोमांचक प्रतिभा' कहा। रबाडा ने कहा कि चूंकि वह एक गेंदबाज़ भी हैं, इसलिए मेरे हिसाब से, मुझे उन पर ज्यादा ध्यान देना होगा। लेकिन मुझे लगता है कि वह अपने अनुभवों और अपने सफर से सीखेंगे। और हम बस एक मार्गदर्शक बनने के लिए हैं, जरूरी नहीं कि हम उनके करियर में बहुत ज्यादा दखल दें, बल्कि मार्गदर्शक बनें। अभी सिर्फ़ 19 साल के मफाका को दक्षिण अफ्रीकी टीम में तेजी से जगह मिल गई है।

# टैरिफ की गूंज

ट्रम्प के टैरिफ को लेकर दुनियाभर में हाहाकार मचा हुआ है। दुश्मन का दुश्मन दोस्त की तर्ज पर कुछ देश साथ आते भी दिखाई दे रहे हैं। इसी के चलते चीन ने भारत पर लगे अमेरिकी टैरिफ की निंदा की। चीन के विदेश मंत्रालय ने इसे टैरिफ का दुरुपयोग करार दिया। चीन का कहना है कि वह सीधे तौर पर टैरिफ के गलत इस्तेमाल के खिलाफ है और अमेरिका को तकनीकी और व्यापारिक युद्धों का राजनीतिकरण बंद करना चाहिए। दूसरी तरफ डोनाल्ड ट्रम्प टैरिफ को लेकर जरा भी पीछे हटते दिखाई नहीं दे रहे हैं, बल्कि अगर यह कहें कि वह हर दिन और आक्रामक मुद्रा में आ रहे हैं तो गलत नहीं होगा।

गुरुवार को जहां उन्होंने भारत पर 50 प्रतिशत का टैरिफ लगाया था, 25 प्रतिशत का टैरिफ वह 30 जुलाई को ही लगा चुके थे और 6 अगस्त को उन्होंने 25 प्रतिशत का इजाफा इसलिए किया, क्योंकि भारत ने रूस से ट्रम्प की आज्ञानुसार तेल खरीदना बंद नहीं किया और 7 अगस्त को ट्रम्प ने एक तरह से भारत को यह कहकर धमकी दी कि वह टैरिफ को लेकर भारत के साथ कोई बातचीत नहीं करेगा। ट्रम्प ने साफ कहा है कि जब तक टैरिफ विवाद का हल नहीं निकल जाता कोई बात. चीत शुरू नहीं होगी। ट्रेड को लेकर भारत-अमेरिका के बीच पांच राउंड की बात अभी तक हो चुकी है और बताया जा रहा है कि छठे राउंड की चर्चा 25 अगस्त को होनी थी। इसके लिए अमेरिका के अधिकारियों का एक दल भारत आना था। अब उसका यह दौरा संशय में पड़ गया है। हालांकि अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा है कि भारत हमारा रणनीतिक साझेदार है। विभाग के प्रवक्ता टामी पिगाट का कहना है कि भले ही टैरिफ विवाद से दोनों देशों में तनाव बना हुआ है। लेकिन बातचीत जारी रहेगी। अमेरिका भारत के साथ स्पष्ट और खुली बातचीत कर रहा है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि ट्रम्प ने व्यापार असंतुलन और रूसी तेल की खरीद को लेकर अपनी चिंताएं बहुत स्पष्ट तरीके से जाहिर कर दी है और साथ ही सीधी कार्रवाई भी की है। उनका इशारा भारत की ही तरफ था।

मतलब साफ है कि अमेरिका एक तरफ धमकी देता दिखाई दे रहा है और बातचीत बंद करने को कह रहा है तो वहीं दूसरी तरफ वह बातचीत जारी रखने की बात भी कह रहा है। इससे साफ है कि अमेरिका खुद असमंजस की स्थिति में है। वहीं दूसरी तरफ ट्रम्प के इस रवैये ने ब्रिक्स के देशों को काफी निकट ला दिया है। जहां चीन भारत के पक्ष में खड़ा दिखाई दे रहा है। वहीं, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी की बात हुई। टेलीफोन पर हुई बातचीत में पीएम मोदी ने श्री पुतिन को इस वर्ष के अंत में 23वें भारत-रूस वार्ता शिखर सम्मेलन के लिए भारत आने का निमंत्रण भी दिया, जिसको उन्होंने स्वीकार कर लिया। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिलवा ने भी पीएम मोदी से फोन पर बात. चीत की है और मौजूदा हालात में ट्रम्प के टैरिफ को लेकर जो चुनौतियां पेश आ रही हैं, उनसे निपटने पर चर्चा की। जाहिर है जो भी कुछ हो रहा है, उसको जरा भी ठीक नहीं कहा जा सकता, जिस तरह का रवैया ट्रम्प का अब तक रहा है, वह छोटे देशों के पूरी तरह विपरीत जाता है।

## किसी भी पुस्तक पर प्रतिबंध नहीं लगाया



मैंने कभी भी किसी भी पुस्तक पर प्रतिबंध नहीं लगाया है और ना भविष्य में पुस्तक पर प्रतिबंध लगाने जैसा काम करेंगे, जम्मू- कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने ही प्रशंसित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय लेखकों की 25 पुस्तकों पर प्रतिबंध लगाया है, प्रतिबंध उप राज्यपाल सिन्हा ने अपने एकमात्र आधिकारिक नियंत्रण वाले विभाग गृह विभाग का इस्तेमाल करके लगाया है,उप राज्यपाल प्रशासन ने कश्मीर पर लिखी 25 किताबों को यह कहते हुए जब्त कर लिया कि वे ष्जम्मू-कश्मीर के बारे में झूठे आख्यान और अलगाववाद का प्रचार करती हैं।

**-उमर अब्दुल्ला**
**मुख्यमंत्री, जम्मू-कश्मीर**

# प्रकृति के पुत्र और संस्कृति के प्रहरी हैं आदिवासी



विश्व आदिवासी दिवस, 9 अगस्त, केवल एक संवैधानिक औपचारिकता नहीं, बल्कि यह सभ्यता की जड़ों और संवेदनशीलता के स्रोत को स्मरण करने का दिन है। यह दिन न केवल आदिवा. सियों के अस्तित्व, अधिकारों यानी जल, जंगल, जमीन और उनके जीवन की रक्षा का उद्घोष है, बल्कि यह नए भारत के पुनर्निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को रेखांकित करने का भी अवसर है। आदिवासी समाज कोई पिछड़ा समूह नहीं, बल्कि वह सांस्कृतिक ऊर्जा का अक्षय स्रोत है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर पर्यावरण रक्षा तक, सामाजिक समरसता से लेकर आध्यात्मिक परंपराओं तक, हर दिशा में क्रांतिकारी भूमिका निभाई है।

आदिवासी प्रकृति के पुत्र और संस्कृति के प्रहरी है। जो प्रकृति से जुड़ा है, वही मनुष्यत्व का संरक्षक है-यह वाक्य आदिवासी समाज पर अक्षरशः लागू होता है। आदिवासी शब्द मात्र एक सामाजिक पहचान नहीं, बल्कि एक दर्शन है, सहजता, सामूहिकता, संतुलन और सह-अस्तित्व का दर्शन। करीब 90 प्रतिशत खनिज सम्पदा, वनौषधियां और जैव विविधता इन्हीं के क्षेत्रों में विद्यमान है। उनका जीवन सभ्यता के केंद्र से नहीं, बल्कि संवेदना के मूल से संचालित होता है। वे भले ही वनवासी कहलाए गए, परंतु उनका जीवन दर्शन हमें शहरीकरण के आडंबर से बाहर निकालकर स्वाभाविक जीवन की राह दिखाता है। नए भारत में विकास का पर्याय यदि केवल बहुराष्ट्रीय निवेश, चकाचौंध और स्मार्ट सिटी बन गया है, तो आदिवासी समाज उसके विस्थापित मूल्य हैं। जल-जंगल-जमीन के नाम पर किए गए सौदे, खनिज लूट, धार्मिक कन्वर्जन, सांस्कृतिक विघटन और जबरन भूमि अधिग्रहण की घटनाएं केवल उनकी आर्थिक दशा ही नहीं बिगाड़ती, बल्कि उनकी पहचान, संस्कृति, भाषा और परंपरा को भी निगलती जा रही हैं। आज आदिवासी समाज ऋण, अशिक्षा, पलायन, अस्वास्थ्यकर जीवन, बेरोजगारी जैसी समस्याओं से ग्रस्त है। तथाकथित विकास ने उन्हें पराया बना दिया है। वे भारत में रहकर भी अपने ही देश में अदृश्य नागरिक बन गए हैं, जिनके पास न राशन कार्ड है, न पहचान पत्र, न ही राजनीतिक प्रतिनिधित्व की शक्ति।

इस दिशा में गुजरात के प्रसिद्ध जैन संत गणि राजेन्द्र विजयजी का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनका जीवन आदिवासी क्षेत्रों के लिए संघर्ष, सेवा और सद्भाव की त्रई बन गया है। वे वर्षों से आदिवासी समाज के उत्थान हेतु शिक्षा, स्वास्थ्य, नशामुक्ति, रोजगार और संस्कृति संवर्धन के अभियान चला रहे हैं। उनका सुखी परिवार अभियान केवल परिवार को नहीं, बल्कि पूरे आदिवासी समाज को जागृत करने का एक जनांदोलन बन चुका है। वे आदिवासियों में आत्मबल, आत्मगौरव और आत्मनिर्भरता की भावना जगा रहे हैं। बालिका शिक्षा केंद्र, नैतिक शिक्षा अभियान, युवाओं के लिए स्वावलंबन कार्यशालाएं, महिलाओं के लिए स्वास्थ्य, आदिवासी ग्रामोद्योग, आदिवासी संस्कृति उन्नयन और स्व-सहायता समूहों का गठन-ये सभी उनके प्रयासों का हिस्सा हैं। वे जनजातीय समाज में अहिंसा, नैतिकता और भारतीय संस्कृति के बीज बो रहे हैं, ताकि वे अपने मूल से कटे नहीं, बल्कि गौरव से जुड़े रहें।

आज आदिवासी समाज को जितना खतरा बाह्य आर्थिक और राजनीतिक शोषण से है, उससे कहीं अधिक सांस्कृतिक अस्मिता के विघटन से है। धर्मान्तरण की गतिविधियां न केवल धार्मिक परिवर्तनों का परिणाम देती हैं, बल्कि उससे जुड़ी मानसिक गुलामी और राष्ट्र-विरोधी मानसिकता भी पनपती है। गणि राजेन्द्र विजयजी इस खतरे को भली-भांति समझते हैं। उन्होंने धर्मान्तरण के विरुद्ध शांति, संवाद और आध्यात्मिक पुनर्जागरण का मार्ग अपनाया है। उन्होंने जैन धर्म के मूल्यों के साथ-साथ सभी धर्मों के सकारात्मक मूल्यों को आदिवासी जनजीवन से जोड़ा है ताकि वे किसी भी प्रकार की सांस्कृतिक हिंसा से बचें। गणिजी का स्पष्ट मत है कि हर आदिवासी को अपनी जड़ों में झांकना होगा। उसे यह पहचानना होगा कि वह केवल वनवासी नहीं, अपितु संस्कृति का संवाहक है। वे आदिवासियों को आत्म निरीक्षण की प्रेरणा देते हैं कि जो अपने मूल से कट जाता है, वह किसी भी विकास का अधिकारी नहीं बन सकता। उनकी प्रेरणा से कई आदिवासी युवाओं ने शिक्षा ग्रहण की, रोजगार स्थापित किए, कुटीर उद्योगों की ओर बढ़े और सबसे महत्वपूर्ण, अपने आत्मगौरव को पुनः प्राप्त किया।

आज जब दुनिया कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ब्लॉकचेन, ड्रोन टेक्नोलॉजी और डिजिटल नवाचार की ओर अग्रसर हो रही है, तब आदिवासी समाज को भी इस बदलाव की मुख्यधारा से जोड़ना आवश्यक है। तकनीक उनके जीवन में केवल बदलाव का कारक नहीं, बल्कि संरक्षण और सशक्तिकरण का माध्यम बन सकती है। एआई आधारित भाषाई अनुवाद तकनीकों से उनकी बोली और लोककथाओं को डिजिटल रूप में संरक्षित किया जा सकता है, जिससे उनकी सांस्कृतिक विरासत विश्व तक पहुंचे। ड्रोन एवं जीआईएस तकनीक से आदिवासी क्षेत्रों के भू-अधिकार सुरक्षित किए जा सकते हैं। मोबाइल हेल्थ यूनिट्स, टेलीमेडिसिन और डिजिटल शिक्षा से वे दुर्गम क्षेत्रों में भी उन्नत जीवन स्तर पा सकते हैं। नवाचार तभी सार्थक होगा जब वह जंगलों में बसे एक युवा को भी ग्लोबल लर्निंग का अवसर प्रदान करे, न कि उसे अपनी जड़ों से काटे।

आज की वैश्विक दुनिया लोकल टू ग्लोबल की सोच को प्रोत्साहित कर रही है और आदिवासी समाज इसमें एक अनमोल भागीदार बन सकता है। उनका पारंपरिक ज्ञान, जैविक खेती, वन औषधियों की समझ, हस्तशिल्प और पर्यावरण संतुलन की परंपराएं विश्व समुदाय के लिए एक वैकल्पिक जीवनदर्शन बन सकती हैं। इसके लिए जरूरी है कि आदिवासी युवा आधुनिक शिक्षा को अपनाएं, लेकिन अपनी संस्कृति और जीवनमूल्यों से जुड़े रहें। उन्हें अपने उद्यमिता कौशल को पहचानने और विकसित करने की आवश्यकता है, जैसे वनोपज आधारित उद्योग, इको-टूरिज्म, वन-हस्तशिल्प, संगीत-नृत्य उत्सव आदि के माध्यम से वे आर्थिक रूप से सशक्त हो सकते हैं। डिजिटल मार्केट प्लेस के जरिए उनके उत्पादों को वैश्विक बाजार में पहुंचाया जा सकता है। आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा तभी पूर्ण होगी जब आदिवासी समाज भी अपने भीतर से आत्मनिर्भर बनकर आगे बढ़े।

भारत की स्वतंत्रता केवल मैदानों और दरबारों में नहीं, बल्कि जंगलों और पहाड़ियों में भी लड़ी गई थी, जहां आदिवासी वीरों ने अंग्रेजी साम्राज्य की नींव हिला दी थी। बिरसा मुंडा जैसे अद्भुत योद्धा और आध्यात्मिक नेता ने न केवल अंग्रेजों के भूमि अधिग्रहण और धर्मान्तरण के विरुद्ध जनजागरण किया, बल्कि एक सशस्त्र संघर्ष को भी नेतृत्व प्रदान किया। झारखंड में चला उनका उलगुलान आंदोलन (महाविप्लव) आदिवासी अस्मिता और स्वाभिमान की एक ऐतिहासिक घोषणा थी।

इसी तरह सिद्धू-कान्हू, रानी दुर्गावती, तेलंगाना के कोमराम भीम, भील आंदोलन के गोविंद गुरु, तेनालीराम बावरी, और नारायण सिंह जैसे अनेक आदिवासी सेनानियों ने अपने प्राणों की आहुति देकर यह सिद्ध किया कि भारत की आजादी की चिंगारी सबसे पहले आदिवासी अंचलों में धधकी थी। बिरसा मुंडा और आदिवासी वीरों का आजादी में अविस्मरणीय योगदान रहा, लेकिन दुर्भाग्यवश, इतिहास की मुख्यधारा में इनके योगदान को उतनी जगह नहीं मिली, जितनी मिलनी चाहिए थी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इन जादूई झरनों को देखकर मिलता है सुकून

**वेनेजुएला दक्षिणी अमेरिकी महाद्वीप पर एक देश है। जहां पर एंजेल फॉल्स बहता है। वेनेजुएला का यह एंजेल फॉल्स दुनिया का सबसे ऊंचा झरना है। जोकि वेनेजुएला के केनैमा नेशनल पार्क में स्थित है। इस झरने की धारा इतनी ऊंचाई से गिरती है कि पानी नीचे तक पहुंचते-पहुंचते बारीक-बारीक बूंदों में बदल जाता है।**

दुनियाभर में प्राकृतिक सुंदरता का एक अनोखा अनुभव झरनों में देखने को मिलता है। ऊंचाई से गिरने हुए पानी का नजारा काफी मनमोहक होता है। ऊंचाई से गिरने हुए पानी का नजारा देखना लोगों के मन को सुकून पहुंचाने के साथ रोमांच का अनुभव कराता है। बता दें कि दुनिया में कई ऐसे झरने हैं, जिनकी ऊंचाई और सुंदरता उनको खास बनाती है। इन झरनों की ऊंचाई सुनकर कोई भी चौंक जाएगा, वहीं इनकी सुंद. रता भी उतनी ही सुकूनदायक है। पहाड़ों, गहरी घाटियों और हरियाली बीच बहते हुए यह झरने प्राकृतिक कला का अनूठा और अद्वितीय उदाहरण है। अगर आप भी प्रकृति प्रेमी है और घूमने के भी शौकीन हैं, तो आपको दुनिया के सबसे ऊंचे और खूबसूरत झरनों का दीदार करना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दुनिया के कुछ सबसे ऊंचे और खूबसूरत झरनों के बारे में बताने जा रहे हैं।



**एंजेल फॉल्स , वेनेजुएला**

वेनेजुएला दक्षिणी अमेरिकी महाद्वीप पर एक देश है। जहां पर एंजेल फॉल्स बहता है। वेनेजुएला का यह एंजेल फॉल्स दुनिया का सबसे ऊंचा झरना है। जोकि वेनेजुएला के केनैमा नेशनल पार्क में स्थित है। इस झरने की धारा इतनी ऊंचाई से गिरती है कि पानी नीचे तक पहुंचते-पहुंचते बारीक-बारीक बूंदों में बदल जाता है।

**टुगेला फॉल्स, दक्षिण अफ्रीका**

दक्षिण अफ्रीका में मौजूद टुगेला फॉल्स की ऊंचाई 3,110 फीट है। बारिश के मौसम में यहां का नजारा देखने लायक है। यह रॉयल नेटल नेशनल पार्क के ड्रेकेन्सबर्ग माउंटेन्स पर स्थित है।

**थ्री सिस्टर्स फॉल्स, पेरू**

पेरू एक बेहद खूबसूरत जगह है, जहां पर आपको थ्री सिस्टर्स फॉल्स नाम का शानदार जलप्रपात देखने को मिलेगा। यह अमेजन जंगल के बीच स्थित है और तीन स्तरों में बहता है। इसी वजह से इसका नाम श्थ्री सिस्टर्सश पड़ा। ट्रैकिंग और रोमांच पसंद करने वालों के लिए यह जगह जन्नत से कम नहीं है।

**ओलूपेना फॉल्स, हवाई**

संयुक्त राज्य अमेरिका के हवाई में करीब 900 मीटर की ऊंचाई पर ओलूपेना फॉल्स है। ओलूपेना फॉल्स सीधे समंदर से लगती चट्टानों से गिरता है और सिर्फ बोट या हेलिकॉप्टर से ही देखा जा सकता है।

**युंबिला फॉल्स, पेरू**

बता दें कि युबिला फॉल्स सबसे ऊंचे झरनों में शामिल है, यह पेरू में है। हाल ही में खोज में यह झरना पाया गया है। जोकि पेरू के घने जंगलों में छिपा है और अब धीरे-धीरे फेमस हो रहा है। यहां पर आपको चारों ओर मनमोहक नजारा देखने को मिलेगा।

**...साभार प्रभा**


# मलेरिया रोकथाम के दो नए प्रयास

मलेरिया रोकथाम के दो नए उपाय सामने आए हैं। एक उपाय में इंसानी खून को मच्छरों के लिए जहरीला बनाने का प्रयास किया गया है ताकि काटते ही मच्छर मर जाएं। दूसरे उपाय में कोशिश यह है कि मच्छरों को मलेरिया परजीवी के लिए अनुपयुक्त बना दिया जाए। पहले उपाय में आइवरमेक्टिन नामक एक दवा का उपयोग शामिल है। यह दवा न केवल कृमियों को मारती है बल्कि जूं जैसे कीटों का भी खात्मा करती है। इसके अलावा जब कोई व्यक्ति इसे गोली के रूप में लेता है, तो उसका खून पीने वाले कीट भी मर जाते हैं। विचार यह आया कि यदि मच्छर ऐसे व्यक्ति को काटें जिसने हाल ही में आइवरमेक्टिन ली हो, तो क्या वे भी मर जाएंगे और अगर एक साथ पूरा समुदाय यह दवा ले ले, तो क्या मच्छरों की संख्या घट सकती है? प्रयोगशाला परीक्षण के नतीजे काफी उत्साहजनक रहे। एक दिन पहले आइवरमेक्टिन लेने वाले लोगों के खून पर पले 73 प्रतिशत मच्छर दो दिन में मर गए, जबकि नियंत्रण समूह में केवल 31 प्रतिशत। लेकिन असली चुनौती वास्तविक दुनिया में इसके असर को साबित करना था।

अक्टूबर 2023 में दक्षिण केन्या के क्वाले काउंटी में एक बड़ा परीक्षण बरसात के मौसम की शुरुआत में हुआ, जब मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ती है। अध्ययन में 84 बस्तियों को शामिल किया गया था। आधी बस्तियों के लोगों को तीन महीने तक, हर महीने आइवरमेक्टिन दी गई और बाकी आधों को परजीवी नाशी दवा अल्बेंडेजोल दी गई, जो मच्छरों पर कोई असर नहीं करती। अगले छह महीनों में आइवरमेक्टिनसमूह में बच्चों में मलेरिया के नए मामलों में 26 प्रतिशत की कमी आई। हालांकि कई वैज्ञानिक इस नतीजे से सहमत नहीं है। एक तो, 26 प्रतिशत की कमी व्यापक इस्तेमाल के लिए पर्याप्त नहीं है। दूसरा, यह दवा गर्भवती महिलाओं और शिशुओं को नहीं दी जा सकती। इसके अलावा बुर्किना फासो के दो परीक्षणों और गिनी-बिसाऊ (2024) के एक परीक्षण में कोई खास फायदा नहीं दिखा था।

हालांकि, केन्या परीक्षण थोड़ा अलग था-दवा बरसात की शुरुआत में ही दे दी गई थी, जब मच्छर तेजी से बढ़ते हैं, और कई बार दी गई। एक अतिरिक्त फायदा यह हुआ कि खुजली और जुओं का भी सफाया हो गया। फिर भी इसकी कई चुनौतियां हैं। गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों के लिए यह दवा सुरक्षित नहीं है। हर खुराक के बाद दवा खून में कुछ ही दिनों तक प्रभावी रहती है। लंबे समय तक असर करने वाले संस्करणों पर फिलहाल शोध चल रहा है। मलेरिया के मामलों में महज 26 प्रतिशत कमी लागत और मेहनत के हिसाब से पर्याप्त नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन WHO का नियम है कि जब तक कम से कम दो बड़े और उच्च-गुणवत्ता वाले परीक्षणों में मजबूत सुरक्षा न दिखे, किसी तरीके को बड़े पैमाने पर अपनाने की सिफारिश नहीं की जा सकती। शोधकर्ता भी उपरोक्त शंकाओं को दूर करने की दिशा में और शोध कार्य करने की योजना बना रहे हैं। दूसरा तरीका मच्छरों को ही मलेरिया के खिलाफ हथियार बनाने का है। नेचर पत्रिका में प्रकाशित एक नए अध्ययन में मच्छरों के जीन में बदलाव करके उन्हें मलेरिया परजीवी प्लाज्मोडियम का वाहक बनने से रोकने का प्रयास किया गया है। आगे, जीन ड्राइव नामक तकनीक से इस गुण को तेजी से मच्छरों की आबादी में फैलाया जा सकता है। आम तौर पर मच्छर अपने जीन का आधा हिस्सा ही अगली पीढ़ी को देते हैं, लेकिन जीन ड्राइव एक खास आनुवंशिक तकनीक है, जो इस नियम को बदल देती है। यह चुने हुए जीन को लगभग सभी संतानों में पहुंचाती है, जिससे वह तेजी से पूरी आबादी में फैल जाता है। यह तरीका कारगर तो है, लेकिन विवादास्पद भी है, क्योंकि इससे किसी प्रजाति में स्थाई और बड़े पैमाने पर बदलाव हो सकते हैं, जिनके पर्यावरण पर अनजाने असर पड़ सकते हैं। इसलिए नए शोध में वैज्ञानिकों ने कृत्रिम जीन बनाने की बजाय, मच्छरों में पहले से प्राकृतिक रूप से मौजूद एक उत्परिवर्तन का सहारा लिया।

इस उत्परिवर्तन के चलते कुछ एनॉफिलीज गैंबिया मच्छरों में एक प्रोटीन का थोड़ा बदला हुआ रूप पाया जाता है। यह बदला हुआ प्रोटीन मलेरिया परजीवी को मच्छर के शरीर में अपना जीवन-चक्र पूरा करने में मुश्किल पैदा करता है। पहले, FREP1 नामक परजीवी-रोधी जीन को एनॉफिलीज स्टीफेन्सी मच्छरों में डाला गया। परिवर्तित मच्छरों ने सामान्य मच्छरों के साथ भोजन और संभोग-साथी पाने के लिए बराबरी से प्रतिस्पर्धा की। यानी यह बदलाव मच्छरों को कमजोर तो नहीं बनाता। जब इन मच्छरों ने सबसे घातक मलेरिया परजीवी प्लाज्मोडियम फाल्सीपेरम युक्त वाला मानव रक्त पीया, तो उनके शरीर और लार ग्रंथियों में सामान्य मच्छरों की तुलना में बहुत कम परजीवी पाए गए। दूसरे चरण में, परिवर्तित जीन तेजी से फैलाने के लिए वैज्ञानिकों ने मच्छरों में सामान्य जीन को काटकर उसकी जगह प्रतिरोधी संस्करण डाल दिया। नियंत्रित माहौल में, केवल 10 पीढ़ियों में यह जीन 94 प्रतिशत से अधिक मच्छरों में फैल गया।




वैज्ञानिक उक्त तकनीकों को लेकर उत्साहित हैं, लेकिन सतर्क भी हैं। यह सफल रहे तो भी इनका उपयोग मच्छरदानी, दवाइयों और कीटनाशकों जैसी अन्य रोकथाम विधियों के साथ मिलाकर ही करना होगा और, कुछ सवाल अभी अनुत्तरित हैं। जैसे, क्या मच्छर या मलेरिया परजीवी इस तरह की सुरक्षा के प्रतिरोधी हो जाएंगे? ऐसे मच्छर प्रकृति में छोड़े गए, तो पर्यावरण व पारिस्थितिकी पर दीर्घकालिक असर क्या होंगे? अनचाहे परिणामों से बचाव कैसे किया जाएगा?

**-स्रोत फीचर्स**

# पाक-बांग्लादेश पर मेहरबान ट्रम्प, 20% तक रखा टैरिफ

## भारत-ब्राजील पर 50% टैरिफ लगाकर निकाला गुस्सा



■ चीन की जीडीपी एक प्रतिशत गिरने का खतरा
■ भारत की तरह ही ब्राजील पर ट्रम्प ने 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है, चीन पर फिलहाल 30 प्रतिशत टैरिफ लगाया जा रहा

**वाशिंगटन।** दुनियाभर के देशों को टैरिफ से डरा रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भारत के दो पड़ोसी देशों पर खासे मेहरबान हैं। ट्रम्प ने पाकिस्तान पर 19 प्रतिशत तो बांग्लादेश पर 20 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है।

इसके उलट भारत पर दो बार में 25-25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का आदेश दिया है। साथ ही सेकेंडरी सैंक्शन्स की धमकी भी दी है। भारत की तरह ही ब्राजील पर ट्रम्प ने 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। वहीं, चीन पर फिलहाल 30 प्रतिशत टैरिफ लगाया जा रहा है। फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक अगर टैरिफ दर बढ़ती है, तो चीन की जीडीपी लगभग 1 प्रतिशत तक घट सकती है।

### देश जिन्हें टैरिफ से सबसे ज्यादा फायदा

1. **पाकिस्तान:** ट्रम्प ने पाकिस्तान पर 19 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। साउथ एशिया के किसी भी देश पर यह सबसे कम अमेरिकी टैरिफ है।

इससे पहले ट्रम्प ने अप्रैल में पाकिस्तान पर 29 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात कही थी। नए आदेश में ट्रम्प ने पाकिस्तान को 10 प्रतिशत की रियायत दी है। ट्रम्प ने पाकिस्तान के साथ आयल डील भी की है। इसके तहत अमेरिका, पाकिस्तान में तेल की खोज, प्रोसेसिंग और स्टोरेज बनाने में मदद करेगा। पाकिस्तान का सबसे बड़ा निर्यात क्षेत्र उसका कपड़ा उद्योग (80 प्रतिशत) है। अमेरिका उसका सबसे बड़ा खरीदार है। कम टैरिफ से इसकी अमेरिकी बाजार में हिस्सेदारी बढ़ सकती है। अमेरिका की पाकिस्तान के साथ डील, भारत-अमेरिका संबंधों में तनाव ला सकती है। इससे पाकिस्तान, अमेरिका के साथ मिलकर अपनी क्षेत्रीय स्थिति मजबूत करने की कोशिश करेगा। अमेरिका की मदद से पाकिस्तान को वर्ल्ड बैंक और आईएमएफ से वित्तीय सहायता भी मिल सकती है।

2. **बांग्लादेश:** अमेरिका ने बांग्लादेश पर 20 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। इससे पहले अप्रैल में बांग्लादेश पर 37 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया था। बांग्लादेश 4 महीने में अमेरिका से 17 प्रतिशत टैरिफ कम कराने में कामयाब रहा। बांग्लादेश दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कपड़ा निर्यातक है। भारत पर ज्यादा टैरिफ से इसका कपड़ा निर्यात बढ़ सकता है। 2024 में इसका निर्यात 8 अरब डालर (70 हजार करोड़ रुपये) था, जो 2026 तक 10 अरब डालर (88 हजार करोड़ रुपये) हो सकता है। कम टैरिफ से बांग्लादेश अमेरिकी बाजार में अपनी 9 प्रतिशत हिस्सेदारी बनाए रख सकता है। एफबीसीसीआई के मुताबिक इससे देश की जीडीपी में 2026 तक 0.2 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हो सकती है।

## किरिशिमा में भारी बारिश की आपातकालीन चेतावनी जारी

**टोक्यो।** जापान की मौसम एजेंसी ने शुक्रवार सुबह दक्षिण-पश्चिमी कागोशिमा प्रान्त के किरिशिमा शहर में भारी बारिश की आपातकालीन चेतावनी जारी की तथा निचले इलाकों में भूस्खलन, बाढ़ तथा नदियों के उफान पर होने की उच्चतम स्तर की सावधानी बरतने का आह्वान किया। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) के अनुसार, देश की पांच-स्तरीय आपदा चेतावनी प्रणाली में इस वर्ष पहली बार उच्चतम स्तर की चेतावनी किरिशिमा में रिकॉर्ड बारिश दर्ज होने के बाद जारी की गई। किरिशिमा के एक हिस्से में आज स्थानीय समयानुसार सुबह तीन बजे तक 107.5 मिमी बारिश दर्ज की गई जो उस जगह पर अब तक की सबसे भारी बारिश है। 12 घंटों में कुल बारिश 480 मिमी से ज्‍यादा हो गई जो शहर में अगस्त के औसत से लगभग 1.8 गुना जयादा है। जेएमए ने कहा कि कागोशिमा सहित क्यूशू क्षेत्र में रविवार तक मूसलाधार बारिश जारी रहने की उम्मीद है। इसने कहा कि शनिवार सुबह तक 24 घंटों में दक्षिणी क्यूशू में 200 मिमी और उत्तरी क्यूशू में 120 मिमी बारिश होने का अनुमान है।



जम्मू। अनाथालय में रक्षाबंधन का त्यौहार मनाते विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं।

## कैलिफोर्निया में तेजी से फैली आग, क्षेत्र को खाली करने के आदेश

**लॉस एंजिल्स।** दक्षिणी कैलिफोर्निया के घाटी क्षेत्र में भीषण गर्मी की वजह से तेज़ी से फैल रही जंगल की आग के कारण आस पास के क्षेत्र को खाली कराने के आदेश दिए गए हैं।

गौरतलब है कि 'कैन्यन फायर' कही जाने वाली यह जंगल की आग स्थानीय समयानुसार दोपहर लगभग 1:25 बजे पूर्वी वेंचुरा काउंटी स्थित एक छोटे से ऐतिहासिक शहर पीरू के पास से फैली जो लॉस एंजिल्स से लगभग 77 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में स्थित है। कैलिफ़ोर्निया वानिकी एवं अग्नि सुरक्षा विभाग के अनुसार आग कुछ ही घंटों में तेज़ी से बढ़कर 1000 एकड़ (लगभग 4.05 वर्ग किमी) से जयादा क्षेत्र में फैल गई। स्थानीय अधिकारियों ने वेंचुरा और लॉस एंजिल्स काउंटी में आग वाले क्षेत्र के पास बसे कुछ समुदायों के लिए गुरुवार को कई निकासी आदेश और चेतावनियां जारी कीं। विभाग द्वारा जारी चेतावनी के अनुसार इस क्षेत्र को तुरंत छोड़ने का क़ानूनी आदेश जारी कर दिया गया है। यह क्षेत्र सामान्य गतिविधियों के लिए जनता के लिए बंद है। लॉस एंजिल्स काउंटी सुपरवाइज़र कैथरीन बार्गर ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा वेंचुरा-एलए काउंटी लाइन के पास अत्यधिक गर्मी और शुष्क परिस्थितियों में कैन्यन फ़ायर तेज़ी से फैल रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### हेलीकॉप्टर के बजरे से टकराने से दो लोगों की मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के मध्य-पश्चिमी राज्य इलिनॉय और मिसौरी के बीच मिसिसिपी नदी के ऊपरी हिस्से में गुरुवार को एक हेलीकॉप्टर बजरे से टकरा गया जिससे हेलीकॉप्टर में सवार दो लोगों की मौत हो गई और इलिनॉय के एल्टन के निकट नदी में यातायात बंद हो गया। मिसौरी राज्य राजमार्ग गश्ती दल के जवानों ने बताया कि हेलीकॉप्टर में कुछ कर्मचारी सवार थे जो विमानन चेतावनी चिह्नों के पास बिजली की लाइनों पर काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि विमान बिजली की लाइन से टकराया और बजरे पर उतरने की कोशिश की, लेकिन आग लग गई। स्थानीय मीडिया ने इलिनॉय राज्य पुलिस के हवाले से बताया कि इस घटना के कारण मिसौरी और इलिनॉय को जोड़ने वाले एक पुल को अस्थाई रूप से सभी यातायात के लिए बंद कर दिया गया है।

### सिडनी में चाकू मारने के आरोप में किशोर गिरफ्तार

**सिडनी।** सिडनी के एक सार्वजनिक पार्क में चाकू से हमला करने के आरोप में एक किशोर को गिरफ्तार किया गया है जबकि एक व्यक्ति को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गुरुवार रात लगभग 10:45 बजे पश्चिमी सिडनी के उपनगर अन्नाडेल के पार्क में हमले की खबर मिलने पर आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया। पुलिस अधिकारी वहां पहुंचे और छह लोगों को विभिन्न चोटों के साथ घायल पाया, जिन्होंने बताया कि किसी विवाद के बाद चार अज्ञात लोगों के एक समूह ने उन पर हमला किया।

## जन्म के बाद मिलने वाली नागरिकता मुद्दे पर फिर फंसे ट्रम्प

■ अमेरिकी अदालत ने चौथी बार लगाई रोक

**वॉशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन को एक और बड़ा झटका लगा है। मैरीलैंड की संघीय अदालत ने ट्रम्प के उस आदेश पर रोक लगा दी है जिसमें कहा गया था कि अमेरिका में अवैध या अस्थाई रूप से रह रहे लोगों के बच्चों को नागरिकता नहीं दी जाएगी। यह फैसला देशभर में चौथी बार आया है जब ट्रम्प की जन्माधिकार नीति को न्यायालय ने अवैध बताया है।

यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्देशों के बावजूद हुआ, जिससे पूरे देश में इस आदेश के लागू होने पर प्रभाव पड़ा। मैरीलैंड की यूएस डिस्ट्रिक्ट जज डेबोरा बोर्डमैन ने साफ किया कि ट्रम्प का आदेश अमेरिकी संविधान के 14वें संशोधन का उल्लंघन करता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में जन्म लेने वाले सभी बच्चे, चाहे उनके माता-पिता की कानूनी स्थिति कुछ भी हो, नागरिकता के हकदार हैं। अदालत ने यह आदेश 19 फरवरी 2025 के बाद जन्म लेने वाले सभी बच्चों पर लागू किया है, जिन्हें इस आदेश से नुकसान हो सकता था। इससे पहले, जून में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट किया था कि निचली अदालतें सामान्य रूप से राष्ट्रव्यापी निषेधाज्ञा जारी नहीं कर सकतीं। इसके बावजूद, बोर्डमैन ने अपने निर्णय में कहा कि चूंकि यह मामला एक वर्ग-कार्रवाई मुकदमा है, इसलिए इसका प्रभाव पूरे देश पर हो सकता है। उन्होंने कहा कि यदि ट्रम्प का आदेश लागू हुआ तो इससे प्रभावित बच्चों को अपूरणीय नुकसान होगा।

## 9/11 के आतंकवादी हमलों के 24 साल बाद तीन और पीड़ितों की हुई पहचान

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में 11 सितम्बर, 2001 को वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में आतंकवादी हमलों के लगभग 24 साल बाद इस त्रासदी में मारे गए तीन और पीड़ितों की आखिरकार पहचान हो गई है। गुरुवार एक प्रेस विज्ञप्ति में न्यूयॉर्क शहर के मुख्य चिकित्सा परीक्षक कार्यालय (ओसीएमई) ने न्यूयॉर्क के फ्लोरल पार्क के रयान फिट्ज़गेराल्ड (26), कैलिफ़ोर्निया में पाम स्प्रिंग्स की बारबरा कीटिंग (72) और एक वयस्क महिला के रूप में हुई है, जिनका नाम उनके परिवार के अनुरोध पर गुप्त रखा जा रहा है। इन तीनों मृतकों की पहचान संख्या क्रमशः 1651वें, 1652वें और 1653वें व्यक्ति के रूप में घोषित किया। ओसीएमई ने कहा कि हमले से बरामद अवशेषों के उन्नत डीएनए विश्लेषण और परिवार से संपर्क के माध्यम से उनकी पहचान संभव हो पाई है। ओसीएमई ने कहा कि फिट्ज़गेराल्ड की पहचान 2002 में पहली बार बरामद अवशेषों के डीएनए परीक्षण के माध्यम से पुष्टि की गई थी, जबकि कीटिंग और अज्ञात महिला की पहचान 2001 में पहली बार बरामद अवशेषों पर आधारित थी।

# मोदी-ट्रम्प के बीच फोन कॉल से बिगड़े भारत-अमेरिकी रिश्ते

## दावाः मोदी ने ट्रम्प से कहा, सीजफायर पाकिस्तान की अपील पर हुआ

■ यूएस का रोल नहीं-जून से मोदी ट्रम्प में कोई बातचीत नहीं हुई

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच संबंध 17 जून को फोन पर 35 मिनट बातचीत हुई थी, जिसके बाद भारत और अमेरिका के बीच संबंध बहुत ज्यादा खराब हो गए।

यह दावा ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक दोनों नेताओं के बीच बातचीत ऐसे समय में हुई थी जब ट्रम्प कनाडा में जी-7 समिट से जल्दी निकल गए। मोदी और ट्रम्प के बीच मुलाकात होने वाली थी, लेकिन ये नहीं हो पाई। इसके बाद दोनों नेताओं के बीच फोन पर बातचीत हुई, जिसमें मोदी ने ट्रम्प को साफ कह दिया था कि सीजफायर पाकिस्तान की अपील पर हुआ, न कि अमेरिकी दखल से। मोदी ने यह भी कहा कि भारत कश्मीर मुद्दे पर किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता कभी स्वीकार नहीं करेगा। इजरायल-ईरान जंग की वजह से ट्रम्प कनाडा जी-7 समिट बीच में छोड़कर चले गए थे। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि भारत को तब और चिंता हुई जब यह पता चला कि ट्रम्प अगले ही दिन व्हाइट हाउस में पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल मुनीर की मेजबानी करने वाले हैं। भारत को ट्रम्प की पाकिस्तान के नागरिक नेताओं से मिलने पर कोई खास आपत्ति नहीं थी, लेकिन एक फौजी जनरल खासकर पाकिस्तानी सेना प्रमुख को व्हाइट हाउस बुलाया जाना भारत को ठीक नहीं लगा। भारत ने इसे एक ऐसी सेना को वैधता देने की कोशिश माना, जो लोकतंत्र के रास्ते में हमेशा बाधा बनती रही है। मोदी को यह आशंका भी थी कि ट्रम्प शायद उनकी और जनरल मुनीर की कोई बैठक करवाने की कोशिश कर सकते हैं। इसी वजह से उन्होंने कनाडा से लौटते समय वॉशिंगटन में रुकने के ट्रम्प के न्योते को ठुकरा दिया। उन्होंने इसके बजाय यह कहा कि उन्हें क्रोएशिया जाना है। इस कॉल के बाद ट्रम्प ने भारत पर हमला बोलना शुरू किया। उन्होंने भारत को डेड इकोनॉमी करार दिया और भारतीय व्यापार नीतियों को घटिया बताया। इसके बाद ट्रम्प ने भारतीय सामानों पर 50 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा की। ब्लूमबर्ग के मुताबिक, जून की इस बातचीत के बाद दोनों नेताओं के बीच कोई बातचीत नहीं हुई है।

# जर्मनी ने इजरायल को हथियार देने पर लगाई रोक

## चांसलर फ्रेडरिक मर्त्ज ने किया ऐलान, गाजा जंग में इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे

**तेल अवीव।** जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्त्ज ने शुक्रवार को ऐलान किया है कि जर्मनी अगले आदेश तक इजरायल को गाजा जंग में इस्तेमाल होने वाले हथियारों की सप्लाई नहीं करेगा।

इजरायल पर जंग के दौरान गाजा में निर्दोष लोगों को मारने के कई आरोप लगे हैं। इस वजह से जर्मनी ने अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून के मद्देनजर यह कदम उठाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब तक गाजा जंग में 60 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। वहीं, दूसरी तरफ इजरायल की सुरक्षा कैबिनेट ने शुक्रवार को गाजा पट्टी के उत्तरी इलाके में मौजूद गाजा सिटी पर कब्जे के लिए इजरायली सेना को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने बयान जारी कर इसकी पुष्टि की है। फैसले के लिए कैबिनेट ने 10 घंटे तक चर्चा की है। बैठक करीब 10 घंटे चली और उसके बाद नेतन्याहू के कार्यालय से सुबह-सुबह एक बयान जारी किया गया जिसमें कहा गया कि कैबिनेट के ज्यादातर सदस्य इस योजना के पक्ष में थे। नेतन्याहू सरकार के कट्टरपंथी मंत्री गाजा पर सैन्य शासन लागू कर फिर से यहूदियों की बस्तियों की स्थापना करने की मांग कर रहे हैं। इजरायल की योजना का मकसद गाजा शहर में उन इलाकों में घुसना है जहां हमास के कब्जे में अभी भी कई बंधक होने की आशंका है। ये वो इलाके हैं जहां अब तक इजरायली सेना ने बड़े पैमाने पर कार्रवाई नहीं की है। इजरायली सेना (आईडीएफ) का कहना है कि गाजा के लगभग 75 प्रशित हिस्से पर उसका नियंत्रण है।



■ गाजा सिटी पर कब्जा करेगा इजरायल, फैसले के लिए कैबिनेट ने 10 घंटे तक चर्चा की

गाजा पट्टी उस 25 प्रतिशत इलाके में है, जो आईडीएफ के कब्जे में नहीं हैं। इससे पहले नेतन्याहू ने पूरी गाजा पट्टी पर कब्जे की बात कही थी, लेकिन इस बयान में केवल गाजा सिटी का जिक्र है। कैबिनेट ने जंग खत्म करने के बदले हमास के सामने 5 प्रमुख शर्तें भी रखी हैं- हमास पूरी तरह हथियार डाले। बचे हुए सभी 50 बंधकों की रिहाई। (इनमें से 20 के जीवित होने की संभावना है) गाजा से सैन्य ताकतों का खात्मा। गाजा पर इजरायल का सुरक्षा नियंत्रण। गाजा में ऐसा वैकल्पिक नागरिक प्रशासन बनाना जो न तो हमास हो और न ही फलस्तीनी प्राधिकरण।

# बंधक परिवार गाजा की ओर रवाना

■ इजरायल से युद्ध समाप्त करने का किया आह्वान

**यरूशलम।** गाजा में बंधक बने हुए कुछ इजरायली बंधकों के परिवार फिलिस्तीनी क्षेत्र की ओर रवाना हुए हैं। यह कदम प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार पर दबाव बनाने के लिए उठाया गया है क्योंकि वह गाजा में युद्ध का विस्तार करने पर विचार कर रही है।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, बंधक एवं लापता परिवार फोरम, साथ ही विपक्ष और इजरायली जनता का एक बड़ा हिस्सा इस अभियान के विस्तार के खिलाफ है क्योंकि उनका मानना है कि इससे उनके प्रियजनों को और भी अधिक खतरा होगा। गुरुवार को जब दक्षिणी इजरायल के अश्कलोन बंदरगाह से जहाजी बेड़ा रवाना हुआ तो बंधक परिवारों के फोरम के एक सदस्य लियोर होरेव ने सीएनएन से कहा कि यह जलयात्रा एक एसओएस कॉल (आपातकाल में मदद के लिए पुकारना) है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यवश हम गाजा में प्रवेश नहीं कर सकते और अपने प्रियजनों को वापस घर नहीं ला सकते लेकिन यह इजरायली सरकार के लिए एक चेतावनी है। इजरायल की सुरक्षा कैबिनेट की बैठक गुरुवार को गाजा पर पूर्ण कब्जे के लिए मतदान करने के लिए बुलाई गई थी। यह कदम इस क्षेत्र में लगभग दो वर्षों से चल रहे संघर्ष में एक बड़ी वृद्धि होगी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि सात अक्टूबर को हमास के नेतृत्व में हुए आतंकवादी हमलों के बाद शुरू हुए युद्ध में अबतक गाजा में कम से कम 61,158 फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं।

# अमेरिका का वेनेजुएलाई राष्ट्रपति पर 50 करोड़ डॉलर का इनाम

## 70 करोड़ डॉलर की संपत्ति भी जब्त, यूएस में ड्रग्स सप्लाई का आरोप

**काराकास।** अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मदुरो की गिरफ्तारी पर 5 करोड़ डॉलर, यानी 418 करोड़ इनाम रखा है। ट्रम्प प्रशासन ने आरोप लगाया है कि मदुरो दुनिया के सबसे बड़े नार्को-तस्करों में से एक हैं। मुदरो पर आरोप है कि वे ड्रग कार्टेल के साथ मिलकर अमेरिका में फेंटानिल मिला कोकीन भेज रहे हैं।

अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी ने गुरुवार को इनाम की घोषणा करते हुए कहा, राष्ट्रपति ट्रम्प के नेतृत्व में मदुरो न्याय से नहीं बच पाएंगे और उन्हें अपने अपराधों के लिए जवाब देना होगा। बॉन्डी ने कहा कि न्याय विभाग ने मदुरो से जुड़े 70 करोड़ डॉलर से अधिक की संपत्ति जब्त की है। इसमें दो प्राइवेट जेट भी शामिल हैं। मदुरो पर 2020 में मैनहैटन की संघीय अदालत में नार्को-टेररिज्म और कोकीन तस्करी की साजिश के आरोप तय किए गए थे। उस समय ट्रम्प प्रशासन ने उनकी गिरफ्तारी पर 1.5 करोड़ डॉलर का इनाम रखा था। इसे बाद में बाइडेन प्रशासन ने बढ़ाकर 2.5 करोड़ डॉलर कर दिया। यही इनाम अमेरिका ने 9/11 हमलों के बाद ओसामा बिन लादेन की गिरफ्तारी पर रखा था। मदुरो 2013 से वेनेजुएला की सत्ता में बने हुए हैं। अमेरिका, यूरोपीय यूनियन और लैटिन अमेरिकी देश उन पर चुनावों में धोखाधड़ी का आरोप लगाते रहे हैं। 2024 में हुए राष्ट्रपति चुनाव में इन देशों ने मदुरो पर धांधली का आरोप लगाया था।



मदुरो दुनिया के सबसे बड़े नार्को-तस्करों में से एकः ट्रम्प प्रशासन

